kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-172 | गुरुवार, 24 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



धर्म में 'राष्ट्रधर्म' भी आता है, धर्म में 'सामाजिक' धर्म भी आता है, धर्म में 'नैतिकता' भी आती है। लेकिन धर्म में 'मिथ्या वाचन' और 'मिथ्या कथन' और 'मिथ्या आचरण' मना है। जीवन में कभी कोई अच्छा गुरू या सलाहकार मिला होता तो वह सपा प्रमुख को धर्म की परिभाषा को समझाता और जो भाषा अखिलेश जी बोल रहे हैं वो ना बोलते। **भूपेन्द्र चौधरी**

धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून बनाये केंद्र सरकार: विहिप 11

जेल में बंद हवाला डीलर असलम वानी की याचिका पर ईडी को नोटिस 12

## संक्षेप

### आगरा धर्मांतरण मामले में मुख्य आरोपित अब्दुल रहमान के दो बेटों समेत तीन गिरफ्तार

**आगरा।** अवैध धर्मांतरण मामले में पुलिस की साइबर टीम ने मुख्य आरोपित अब्दुल रहमान के दो बेटों समेत तीन लोगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अभी तक 14 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस इन आरोपितों से पूछताछ कर इनकी फंडिंग के बारे में जानकारी कर रही है। इस संबंध में आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बुधवार को बताया कि धर्मांतरण के मामले में गंभीरता से लेकर मिशन अस्मिता के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मुख्य आरोपित अब्दुल रहमान के बेटे अब्दुला, अब्दुल रहीम के अलावा एक अन्य जुनैद कुरैशी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित रहीम ने पुलिस को बताया कि कलीम के जेल जाने के बाद पिता अब्दुल रहमान धर्मांतरण का काम संभालने लगे थे। रहमान के यहां से बरामद युवती ने आरोप लगाया कि रहमान ने जबरन उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसका निकाह कराया था। निकाह के लिए वह राजस्थान के काजी को बुलाता था, जिसकी तलाश में एक टीम राजस्थान रवाना किया गया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि रोहतक की रहने वाली एक युवती ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था कि जुनैद कुरैशी ने उसे अपने जाल में फंसाकर उससे निकाह कर धर्म परिवर्तन कराया था है। वहीं, पुलिस रिमांड में लिए गये मुख्य आरोपित अब्दुल रहमान ने स्वीकारा कि अवैध धर्माण के लिए वह जम्मू कश्मीर, भूटान, सिलीगुड़ी सहित भारत के कई राज्यों में जाया करता था। अब तक जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें कुछ लोग तकनीक के जानकर है और करीब दस भाषा को जानते हैं। कंप्यूटर चलाना आता है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि इन आरोपितों की फंडिंग कहां से होती थी? विदेशों से कैसे तार जुड़े हैं। एटीएस और एसटीएफ की मदद ली जा रही है।

### सरकार ने दी डॉ. के.एन. मोदी विवि को हरी झंडी

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थापित होने वाले डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन 2025) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 49 पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को वैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है, जिससे यह औपचारिक रूप से संचालन शुरू कर सकेगा।

# जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई

## मैं सुनवाई नहीं कर सकता, क्योंकि पहले भी इसका हिस्सा रहा, अब नई बेंच करेगी सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया।

न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नगदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूँकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से दायर एक याचिका पर विचार करने के लिए सहमति व्यक्त करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह मामले की सुनवाई के लिए एक पीठ का गठन करेंगे।

मुख्य न्यायाधीश गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख करने पर अदालत ने सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा और सिद्धार्थ अग्रवाल भी न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश हुए। वकील ने कहा कि इस मामले में कुछ संवैधानिक मुद्दे शामिल हैं। न्यायमूर्ति वर्मा पर नकदी बरामदगी के मामले में एक आंतरिक जाँच रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है। शीर्ष अदालत की इस आंतरिक रिपोर्ट में उनके खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई और उन्हें हटाने की सिफारिश भी शामिल है। न्यायमूर्ति वर्मा को इस वर्ष मार्च में उनके आवास पर कथित तौर पर नकदी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय से उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था?। उन्होंने एक रिट याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया से इनकार किये जाने का दावा किया। उन्होंने न्यायाधीशों की समिति द्वारा जाँच शुरू करने से पहले औपचारिक शिकायत न होने का मुद्दा भी उठाया। न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि 22 मार्च, 2025 को उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति वेबसाइट पर अपलोड करने (शीर्ष न्यायालय के) से मीडिया में तीव्र अटकलें लगाई गईं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन हुआ। न्यायमूर्ति वर्मा ने यह भी तर्क दिया कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित न्यायाधीशों की समिति ने उन्हें आरोपों का खंडन करने या गवाहों से जिरह करने का अवसर नहीं दिया।





### सतत विकास वन क्षेत्र के विस्तार से होगा, बुलडोजर के सहारे उनकी कटाई से नहीं : न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए सतत विकास की आवश्यकता बतायी, लेकिन साथ ही सलाह दी कि यह बुलडोजर की मदद से वनों की कटाई से नहीं होगा। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ तेलंगाना के कांचा गाचीबोवली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा,''मैं स्वयं सतत विकास का समर्थक हूं, लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि आप रातोंरात 30 बुलडोजर की मदद से पूरे जंगल को साफ कर दें। इस मामले में न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने पीठ को बताया कि कई निजी पक्ष राज्य के हलफनामे पर जवाब देना चाहते हैं। पीठ ने इस दलील पर संज्ञान लिया और मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने 15 मई को कहा था कि हैदराबाद विश्वविद्यालय ● शेष पेज 11 पर

### नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान पुनर्परीक्षा की गुहार पर पीठ ने कहा, हम उस पर विचार करेंगे लेकिन काउंसलिंग पर रोक नहीं लग सकती। हज़ारों लोग प्रभावित होंगे... हम इस पर शुक्रवार को विचार करेंगे, हम देखेंगे कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या किया जा सकता है। हम सभी मामलों को शुक्रवार को सूचीबद्ध करेंगे। गौरतलब है कि काउंसलिंग की प्रक्रिया 21 जुलाई से शुरू हो गई है, जिसके सितंबर के आखिरी हफ्ते तक चलने का अनुमान है।

# बिहार की मतदाता सूची में छंट सकते हैं 55 लाख नाम

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के प्रथम चरण में अब तक 55 लाख नाम ऐसे पाये गये हैं जिनमें मतदाता की मृत्यु हो चुकी है या वह स्थायी रूप से प्रदेश से बाहर चला गया है या नाम एक से अधिक जगह दर्ज है।

आयोग ने आज शाम जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि सूची में दर्ज एक लाख नाम ऐसे हैं जिनमें मतदाताओं से सम्पर्क नहीं किया जा सका है। आयोग ने कहा है कि पुनरीक्षण के पहले चरण में मतदाताओं से गणना-फार्म भरवाने की प्रक्रिया की अंतिम तिथि अब नजदीक है तथा सूची के 98.01 प्रतिशत मतदाताओं के फार्म प्राप्त हो चुके हैं या उनके बारे में सूचना मिल चुकी है। आयोग के अनुसार 24 जून , 2025 तक की सूची के पुनरीक्षण में 20 लाख मतदाता मृत पाये गये है और 28 लाख मतदाता स्थायी रूप से प्रदेश से बाहर चले गए हैं। सूची के सात लाख मतदाताओं के नाम एक से ज़्यादा जगह पाए गए हैं। आयोग के अनुसार अब तक 15 लाख मतदाताओं ने अपने गणना-फार्म भर कर वापस नहीं किए हैं जबकि इसके लिए केवल दो दिन का समय बाकी है। इन्हीं भरे हुए फार्मों के आधार पर आयोग पहली अगस्त को प्रदेश की नयी पुनरीक्षित मतदाता सूची का मसौदा जारी करने वाला है। आयोग ने कहा है कि बिहार के 7.17 करोड़ मतदाताओं (90.89 प्रतिशत) के फॉर्म डिजिटल रूप में उसके पोर्टल पर चढ़ाए जा चुके हैं। आयोग ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण के प्रथम चरण में प्राथमिक तौर पर ग़लत रूप से सम्मिलित सभी मतदाताओं की सूची और अब तक फ़ार्म ना भरने वालों की सूची को बिहार के सभी 12 प्रमुख राजनैतिक दलों के ज़िला अध्यक्षों द्वारा नामित 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स से 20 जुलाई को साझा किया जा चुका है। ऐसे मतदाता जो इस समय अस्थायी रूप से बिहार के बाहर प्रवास कर रहे हैं, और अगर वे कहीं और के मतदाता नहीं बने हैं तो, अपना फ़ार्म उसकी बेबसाइट या मोबाइल ऐप ईसीआईनेट पर भर सकते हैं, या प्रिंट कर सकते हैं। ऐसे मतदाता अपना प्रिंटेड फ़ार्म भरकर अपने परिवार के माध्यम से भी बीएलओ तक भेज सकते हैं, या अपना प्रिंटेड फ़ार्म भरकर, हस्ताक्षर करके बीएलओ के फ़ोन पर व्हाट्सएप कर सकते हैं ।




### नये उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए तैयारियां शुरू

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप राष्ट्रपति पद से श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़े के बाद इस पद के लिए निर्वाचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने बुधवार को जारी एक प्रेस नोट में कहा कि नये उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए उसने तैयारी शुरू कर दी है और तैयारी पूरी हो जाने के बाद चुनाव का कार्यक्रम जल्द से जल्द घोषित कर दिया जाएगा। आयोग ने कहा है कि चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के 2.5 लाख घरों में बायोगैस यूनिटें लगाएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- पहले चरण में अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और गोंडा से होगी शुरुआत
- कुल 2,250 घरेलू बायोगैस यूनिटें लगाने को मिली स्वीकृति
- किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी योजना

लखनऊ। प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक पहल करने जा रही है। मुख्यमंत्री के ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत प्रदेश के गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना शुरू की जा रही है, जिससे न सिर्फ ग्रामीणों की रसोई का खर्च घटेगा, बल्कि जैविक खाद उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से किसानों और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। योजना के पहले चरण को लागू करने के लिए अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और गोंडा जिलों का चयन किया गया है। इन चारों जिलों में कुल 2,250 घरेलू बायोगैस यूनिटें स्थापित की जाएंगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है और इन जिलों में सफलता के बाद अगले चार वर्षों में इसे लगभग 2.5 लाख घरों तक विस्तारित करने की योजना है। किसानों को देना है सिर्फ 10 फीसदी अंशदान, सरकार और कार्बन क्रेडिट से पूरी होगी शेष लागत प्रत्येक बायोगैस संयंत्र की कुल लागत 39,300 रुपये है। प्रक्रिया के अंतर्गत बायोगैस यूनिट की स्थापना के लिए किसानों को केवल 3,990 रुपये ही अंशदान देना होगा। शेष राशि सरकार की सहायता और कार्बन क्रेडिट मॉडल के माध्यम से पूरी की जाएगी। इस योजना को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। एलपीजी की खपत में 70 फीसदी ● शेष पेज 11 पर

### गुजरात एटीएस ने अलकायदा से जुड़े चार आतंकियों को किया गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात एटीएस ने देश के खिलाफ एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया है। एटीएस ने अलकायदा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ जारी है और उनके बाहरी कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं। गिरफ्तार किये गये संदिग्ध आतंकियों की पहचान मोहम्मद तारीख, सैफुल्ला कुरैशी, मोहम्मद फरदीन और एक अन्य के रूप में की गई है। इनसे साथ जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक गुजरात एटीएस ने दिल्ली और नोएडा से एक-एक आतंकी को और गुजरात से दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। सभी की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है और ये भारत में बड़े पैमाने पर आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। गुजरात एटीएस अधिकारियों के अनुसार, ये चारों लंबे समय से अलकायदा मॉड्यूल से जुड़े हुए थे। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। ये कुछ ग्रुप में भी सक्रिय थे। जांच के दौरान ● शेष पेज 11 पर

# विकास कार्यों में गुणवत्ता से न हो कोई समझौता : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विकास में लगने वाला पैसा जनता जनार्दन के टैक्स का है। इस पैसे का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होना चाहिए और विकास कार्यों में क्वालिटी (गुणवत्ता) से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

योगी गोरखपुर नगर निगम परिसर में स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दिलाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों के सम्मान और 253 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सभी नागरिकों को सावन माह की शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही गोरखपुर को 3 से 10 लाख की आबादी की श्रेणी में चौथी नेशनल रैंक मिली है। जबकि गत वर्ष गोरखपुर 24वें और उसके पहले 74वें स्थान पर था। तीन साल में गोरखपुर की स्वच्छता रैंकिंग 74 से चौथे स्थान पर आने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री कहा है कि अब अगली प्रतिस्पर्धा टॉप-थ्री में आने की होनी चाहिए और इसमें हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि गत वर्ष उन्होंने गोरखपुर को स्वच्छता के लिए टॉप-टेन शहरों में आने का टारगेट दिया था। यह टारगेट पूरा कर लिया गया है। गोरखपुर अपनी श्रेणी में नम्बर एक पर भी आ सकता है, इसलिए हम ● शेष पेज 11 पर



# भारत ने सीमा पार आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को लताड़ा

एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं।

श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है,जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्च स्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गयी थी। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर



## जीबीसी-5 और जीआईएस 2026 को लेकर नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही सरकार

# निवेश लाने के लिए न्यू आउटरीच प्लान पर फोकस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 35 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद योगी सरकार ने एक बार फिर नए निवेश प्रस्तावों के लिए कमर कस ली है। उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने को लेकर योगी सरकार ने अब न्यू आउटरीच प्लान पर फोकस किया है। इसको अमल में लाने के लिए प्रदेश में निवेश की नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर रोडशो की व्यापक रणनीति बनाई है। इसके तहत, चीन+1 रणनीति के तहत आयोजित होने वाले रोडशो के अतिरिक्त सितम्बर-अक्टूबर 2025 में सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, यूएई, कतर और कनाडा में भी अंतरराष्ट्रीय रोडशो का आयोजन किया जाएगा। इन रोडशो का मुख्य उद्देश्य आगामी फरवरी 2026 में होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के लिए नए निवेश प्रस्तावों को आकर्षित करना है। इसके लिए दिसम्बर 2025 से जनवरी 2026 की शुरुआत तक देश के अलग-अलग शहरों में भी राष्ट्रीय स्तर पर रोडशो किए जाएंगे, ताकि घरेलू निवेशकों को भी जोड़कर समिट को नई ऊंचाई दी जा सके।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नए निवेशकों के आउटरीच प्रोग्राम से पहले योगी सरकार नवम्बर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-5) का आयोजन करने जा रही है। इसमें 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का मानना है कि जैसे-जैसे जीबीसी-5 का समय नजदीक आएगा, यह आंकड़ा 10 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। अब तक प्रदेश में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 12 लाख 10 हजार 274 करोड़ रुपये की 16 हजार 478 परियोजनाएं शामिल हुई हैं, जिनमें से ● शेष पेज 11 पर




### जापान की डेंसो कार्पोरेशन नोएडा में लगाएगी ईवी कंपोनेंट प्लांट

**लखनऊ।** भारत-जापान औद्योगिक संबंधों को और मजबूत करते हुए, वैश्विक ऑटोमोटिव इनोवेशन लीडर डेंसो कार्पोरेशन ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) में मोटर जनरेटर निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 250 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। ये मोटर जनरेटर हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग होने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण पुर्जे हैं। यह महत्वपूर्ण घोषणा डेंसो के मुख्यालय, कारिया, आयची, जापान में डेंसो नेतृत्व और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई एक रणनीतिक बैठक के बाद हुई। यूपी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रमुख सचिव (अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास) आलोक कुमार ने किया, जिनके साथ इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वर्ल्ड एक्सपो 2025, ओसाका में निवेश व तकनीकी संभावनाएं तलाश रहे उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व माननीय वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कर रहे हैं। आज उन्होने कई जापानी कंपनियों और अधिकारियों से व्यापक चर्चा की। साथी ही आज उन्होने ओसाका प्रांत की असेंबली के उपाध्यक्ष श्री कीडा काओरु और अध्यक्ष श्री किंजों कतसुनोरी के साथ संवाद किया। इस बातचीत में इन्वेस्ट यूपी और भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी श्री चंद्रु अपार सहित अन्य प्रतिनिधि भी शामिल रहे। चर्चा के प्रमुख विषयों में औद्योगिक सहयोग, तकनीकी आदान-प्रदान, और युवा कौशल विकास शामिल रहे, जिसमें उत्तर प्रदेश की कुशल जनशक्ति और जनसांख्यिकीय क्षमता को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। वर्ल्ड एक्सपो 2025 में इन्वेस्ट यूपी का पवेलियन वैश्विक निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जो उत्तर प्रदेश की विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं, उद्योग अनुकूल नीतियां, और तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम को प्रदर्शित कर रहा है।

# विद्युत आपूर्ति बाधित न करें, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें : एके शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में शक्ति भवन, लखनऊ में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, उपभोक्ताओं की शिकायतें, ट्रांसफार्मर की क्षति, ट्रिपिंग तथा मानसून जनित व्यवधानों आदि की समीक्षा की।

बैठक के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि विद्युत आपूर्ति लगातार की जाए, किसी क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं, बार-बार ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मरों के जलने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सही कराएं। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अधिकारी फील्ड में उतरकर कार्य करें और आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री ने आनलाइन प्रतिभाग कर रहे जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी पर.फेक्शन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आमजन को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद विद्युत सेवा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही या उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मरों के बार-बार जलने की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे ठीक कराए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार समय से पहले क्षमता वृद्धि (अपग्रेडेशन) की जाए, जिससे ट्रांसफार्मर न जले। उन्होंने विजिलेंस टीम को निर्देश दिए कि वे केवल वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही कार्रवाई करें, गलत स्थान पर रेटिंग या रिपोर्टिंग करने से जनता में गलत संदेश जाता है, इसलिए ऐसा न करे। ऊर्जा मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु टोल फ्री नंबर, पोर्टल एवं सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ऊर्जा विभाग की छवि को सुधारना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जो अधिकारी फील्ड में नहीं जाएंगे एवं शिकायतों के प्रति असंवेदनशील रहेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को जनता से सीधे संवाद करने, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।



# जबरौली में लगाए 1050 बालवृक्ष

## चतुर्थ वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का पर्यावरण संरक्षण अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मोहनलालगंज, लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चतुर्थ वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोहनलालगंज के तत्वावधान में जबरौली ग्राम स्थित खेल मैदान परिसर में सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में लगभग 1050 बालवृक्ष, जिनमें फलदार और छायादार वृक्ष शामिल हैं, का रोपण स्थानीय नागरिकों के सहयोग से किया गया।कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक कमांडेंट श्री अवनीश कुमार चौबे के दिशा-निर्देशन में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उप निरीक्षक शिवेन्द्र दीक्षित, चरनजीत सिंह, जसम सिंह, क्यामुद्दीन अंशारी सहित 25 अन्य बलकर्मियों ने भाग लिया। साथ ही ग्राम प्रधान श्रीमती रेनू अवस्थी, वार्ड सदस्य और स्थानीय 20 से अधिक युवा नागरिकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।पौधरोपण के दौरान सभी प्रतिभागियों में पर्यावरण के प्रति गहरी जागरूकता और गर्व की भावना देखने को मिली। सभी ने हर्षोल्लास के साथ पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।चतुर्थ वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्कूल, कॉलेज, सरकारी संस्थान, धर्मस्थल, गांव और कस्बों में वृक्षारोपण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पर्यावरण को स्वच्छ और हराभरा बनाए रखने की दिशा में यह प्रयास निरंतर जारी है।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के पौधारोपण अभियान के अंतर्गत चतुर्थ वाहिनी द्वारा अब तक कुल 1370 पौधों का रोपण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणास्पद है, बल्कि सामाजिक भागीदारी को भी मजबूती प्रदान करती है।इस अवसर पर चतुर्थ वाहिनी द्वारा यह संकल्प भी लिया गया कि आने वाले समय में अधिकाधिक स्थानों पर वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाई जाएगी, जिससे भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।

# पेड़ों की खुली लूट, दीवर कोतारी और बैरिहा में उजड़ी सैकड़ों वृक्षों की बाग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज/ कौशांबी। प्रयागराज मंडल के कौशाम्बी जिले के मंझनपुर रेंज अंतर्गत दीवर कोतारी गांव में महुआ के सैकड़ों वर्षों पुराने वृक्षों की एक विशाल बाग धीरे-धीरे समाप्त कर दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के रेंजर की मिलीभगत से यह अवैध कटाई योजनाबद्ध तरीके से की गई। दीवर कोतारी गांव की इस बाग में पहले 116 महुआ पेड़ थे, जिनमें अब मात्र 35 पेड़ ही शेष रह गए हैं। ताजा मामले में 4 पेड़ों की अनुमति लेकर 8 विशाल वृक्षों को कल काट दिया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पेड़ का परमीशन भी झूठे बहाने बना कर घर बनाने की बात बताकर लिया जाता है जिसकी जांच होनी चाहिए। रात दिन पेड़ों पर गुर्राती है मशीनें और वन विभाग तथा हल्का पुलिस को सिर्फ पैसों से मतलब है।



इसी तरह भरवारी क्षेत्र के बैरिहा गांव के पास स्थित आम के वृक्षों की एक पुरानी बाग, जिसमें करीब 6 दर्जन पेड़ थे, उसे भी बीते छह महीनों में पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इस बाग की भूमि पर अब अवैध प्लॉटिंग का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से सवाल किया है कि जब इस पूरे प्रकरण की जानकारी स्थानीय मीडिया में कई बार प्रकाशित हो चुकी है, तब अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

### ग्रामीणों की मांगें:

कटाई की अनुमति देने वाले अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए। जिन अफसरों की मिलीभगत उजागर हो, उनकी बेनामी संपत्ति की जांच कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई हो। तत्काल स्थान पर निरीक्षण कर बचे हुए वृक्षों को संरक्षित किया जाए।

**प्रशासनिक जवाबदेही**: इस पूरे मामले में मंझनपुर रेंज के रेंजर की भूमिका सबसे अधिक संदिग्ध मानी जा रही है। अब देखना होगा कि वन विभाग, जिला प्रशासन और प्रभारी डीएफओ इस मामले में कब तक कार्रवाई करते हैं और दोषियों को कब तक संरक्षण मिलता रहेगा।

## थाना प्रभारी के ड्राइवर सूर्य प्रकाश का विवादित बयान वायरल, पुलिस विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

**प्रयागराज।** प्रयागराज के शंकरगढ़ थाने में तैनात थाना प्रभारी के सरकारी ड्राइवर सूर्य प्रकाश इन दिनों चर्चा में है। आरोप है कि वह ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में रहता है और क्षेत्र की जनता से बदतमीजी करता है। यही नहीं, वह खुद को ''अस्थायी थाना प्रभारी'' की तरह पेश करते हुए लोगों को खुलेआम चुनौती देता है कि ल्लमैं तीन साल से थाने में हूं, कोई मेरा ट्रांसफर नहीं करवा सकता। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूर्य प्रकाश अक्सर शराब के नशे में वाहन चलाता है, और पुलिस वाहन को निजी कामों में इस्तेमाल करता है। कई बार तो वह शिकायत करने आए पीड़ितों से भी रौब के साथ बात करता है, जैसे कि वह स्वयं थाना प्रभारी हो। सूत्रों के मुताबिक, ड्राइवर सूर्य प्रकाश का कथित तौर पर थाना प्रभारी के साथ 'नजदीकी' संबंध है, जिसके चलते उसे किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर नहीं है। यही वजह है कि वह सार्वजनिक तौर पर कहता है, थाने में कोई मेरा बाल भी बांका नहीं कर सकता। इस पूरे प्रकरण से पुलिस महकमे की कार्यशैली और अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब एक ड्राइवर पुलिस व्यवस्था को चुनौती देने लगे और उसका ट्रांसफर तक न हो, तो इससे साफ जाहिर है कि कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही या अंदरूनी संरक्षण की भूमिका है। इस ड्राइवर सूर्य प्रकाश का वायरल वीडियो, जिसमें वह नशे की हालत में थाना परिसर के बाहर लोगों को धमकाता नजर आ रहा है। साथ ही सवाल यह है कि पुलिस विभाग ने अब तक इस पर क्या कार्रवाई की और स्थानीय प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है।

## 15 लाख रुपये कीमत की स्मैक, दो मोबाइल, बाइक और नकदी बरामद

**प्रयागराज ।** प्रयागराज कमिश्नरेट के थाना झूंसी क्षेत्र में पुलिस और एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कुल 79 ग्राम अवैध स्मैक, दो मोबाइल फोन, एक बाइक और नकद रुपये बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 जुलाई की शाम एएनटीएफ और झूंसी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि त्रिवेणीपुरम मैदान के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध स्मैक की तस्करी की योजना बना रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी रंजीत सिंह पुत्र रामगरीब, निवासी रूद्रा कॉलोनी कटका, थाना झूंसी, प्रयागराज को गिरफ्तार किया।



## प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से मिले पुलिस कमिश्नर

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल ने भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत आगंतुक प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से सौहार्दपूर्ण संवाद कर उन्हें कमिश्नरेट वाराणसी की संरचना, कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, साइबर अपराध की चुनौतियों तथा जनोन्मुखी पुलिसिंग के महत्व से अवगत कराया। पुलिस आयुक्त ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, नैतिकता, ईमानदारी, महिला–बाल सुरक्षा एवं प्रभावी न्यायिक पैरवी को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने की सलाह देते हुए प्रशिक्षण काल को आत्मशक्ति व ज्ञान–संचय का स्वर्णिम अवसर बताया। अंत में उन्होंने अधिकारियों संग सामूहिक भोजन कर टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था एवं मुख्यालय) श्री शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री सरवणन टी., अपर पुलिस उपायुक्त (वरूणा जोन) श्रीमती नीतू, सहायक पुलिस आयुक्त (लाईन्स) श्री ईशान सोनी मौजूद रहे।

## शिव भक्तों पर हुई पुष्प वर्षा



वाराणसी। श्रावण मास के दौरान काशी आ रहे शिव भक्तों पर आज बुधवार को पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। पुष्प वर्षा से आह्लादित शिव भक्तों ने हर हर महादेव का गगनभेदी उद्घोष किया। हेलीकॉप्टर ने पुलिस लाइन से उड़ान भरी, जिसमें पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सवार रहे। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं उसके आसपास तथा कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव मंदिर एवं उसके आसपास शिव भक्तों पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई।

## न्यायलय के आदेश पर बीकेटी पुलिस ने हजारों बोतलें अंग्रेजी शराब को कराया नष्ट

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** न्यायालय के आदेश पर लखनऊ कमिश्नरेट के थाना बख्शी का तालाब पुलिस ने विभिन्न मामलों से संबंधित बरामद हजारों बोतले अवैध अंग्रेजी शराब का विनिष्टीकरण किया गया।सहायक पुलिस आयुक्त बख्शी का तालाब अमोल मुरकुट की देखरेख में शराब को नष्ट किया गया।शराब को जेसीबी से गड्डा खोदकर विनिष्टीकरण किया गया।इस मौक़े पर थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न मामलों में बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की हजारों बोतले मालखानें में थी,माल निस्तारण अभियान के अंर्तगत न्यायालय के आदेश पर बुधवार को विनिष्टीकरण कराया गया। वही इस मौक़े पर एसआई मालखाना शैलेंद्र मिश्रा सहित थाना का अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर इलाहाबाद संग्रहालय में पिस्तौल का विशेष प्रदर्शन, मंडलायुक्त ने किया अनावरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**मंडलायुक्त ने माल्यार्पण कर शहीद को किया नमन, आजाद की पिस्तौल आमजन के लिए एक दिन को प्रदर्शित**

प्रयागराज । स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती के अवसर पर बुधवार को इलाहाबाद संग्रहालय में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संग्रहालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर प्रयागराज मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि के रूप में, आजाद की प्रिय 'बमतुल बुखारा' कॉल्ट पिस्तौल, जो उनकी अंतिम निशानी मानी जाती है, को संग्रहालय के केन्द्रीय कक्ष में एक दिन के लिए आम नागरिकों के दर्शनार्थ प्रदर्शित किया गया। इस ऐतिहासिक प्रदर्श का अनावरण मंडलायुक्त श्री पंत ने किया। अपने उद्बोधन में श्री पंत ने कहा, ल्लअमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के बलिदान की गूंज प्रयागराज की भूमि से जुड़ी है। आजाद उद्यान और इलाहाबाद संग्रहालय जैसे स्थान इस स्मृति को सहेजे हुए हैं। उनकी पिस्तौल को आम जनता के समक्ष लाना गौरव का विषय है। यह आयोजन राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस अवसर पर संग्रहालय प्रशासन को आयोजन के लिए बधाई भी दी। संग्रहालय निदेशक श्री राजेश प्रसाद ने बताया कि यह आयोजन चंद्रशेखर आजाद की अमर स्मृति को जनमानस से जोड़ने और युवा पीढ़ी को उनके बलिदान से प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में संरक्षित यह पिस्तौल इतिहास और गर्व का प्रतीक है। अनावरण समारोह के बाद निदेशक ने मुख्य अतिथि मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, प्रोफ़ेसर योगेश्वर तिवारी (पूर्व विभागाध्यक्ष, मध्यकालीन इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) और वरिष्ठ पत्रकार श्री वीरेंद्र पाठक का स्वागत एवं सम्मान किया।

झूंसी पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त कार्रवाई, 79 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

# हिंदी अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली भाषा : नरेश पाल

वाराणसी। लोकोमोटिव वर्क्सशाप के प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में, राजभाषा विभाग द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) का छमाही बैठक आयोजित की गई है।

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक बरेका अध्यक्ष नराकास नरेश पाल सिंह , ने कहा कि हिंदी अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली भाषा है । यह आम जनता की भाषा है । हम सभी लोकसेवक है एवं जनता की सेवा के लिए है ,इसलिए जनता की भाषा में कार्य करके ही उसे संतुष्ट प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए तकनीकी क्षेत्र में मौलिक चिंतन एवं लेखन आवश्यक है,यह हिन्दी में ही संभव है उन्होंने सभी कार्यालयों से अपने-अपने क्षेत्र के तकनीकी ज्ञान को हिंदी में लिखने एवं नराकास की पत्रिका बनारस दर्पण में भेजने का आग्रह किया । इस अवसर पर महाप्रबंधक बरेका श्री नरेश पाल ,मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा ई-पत्रिका बनारस दर्पण का लोकार्पण किया गया।



इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया की वाराणसी मंडल द्वारा राजभाषा के लक्ष्यों का अनुपालन किया जा रहा है। मंडल में लगभग शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में किया जा रहा है। आलोच्य अवधि में राजभाषा संबंधी कुल 14 तकनीकी/ साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन किया गया। आलोच्य अवधि में कुल 11 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।आलोच्य अवधि में कुल 06 साहित्यकार जयंतियों का आयोजन किया गया। दिनांक 20.03.2025 को सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रशंसनीय प्रयोग करने तथा राजभाषा संबंधी बैठकों, संगोष्ठियों एवं कार्यक्रमों इत्यादि में सक्रिय सहयोग करने वाले मंडल के 33 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक,पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा गोरखपुर में आयोजित 69वें रेल सप्ताह समारोह, विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 के कार्यक्रम में वाराणसी मंडल को वर्ष 2023 के लिए अंतर्मंडलीय राजभाषा कार्यकुशलता शील्ड प्राप्त हुई। वाराणसी मंडल के नाट्य दल को रेलवे बोर्ड के तत्वावधान में क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, भुसावल, मध्य रेलवे में आयोजित अखिल रेल हिन्दी नाट्योत्सव-2024 में पहली बार पूर्वोत्तर रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए नाटक 'बड़े भाई साहब' का मंचन किया तथा प्रेरणा पुरस्कार एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्राप्त किया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र नोटिस–3**

लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एटीवीएम सुविधाकर्ता के आवेदन के संबंध में दिनांक 28.06.2025, 04.07.2025 और 17.07.2025 को प्रकाशित सूचना संख्या C/123-1-ATVM/25/SV के संदर्भ में इस नोटिस में अन्य नियमों और शर्तों के खंड में निम्नलिखित बिंदु जोड़े गए है।

**सभी आवेदको के लिए**

1. निहालगढ़ स्टेशन पर एक एटीवीएम मशीन के लिए 2 सुविधाकर्ताओं की आवश्यकता है। 2. आम जनता के लिए आवेदक को एनएसजी 1 और 2 के लिए 50,000/– रुपये तथा अन्य श्रेणियों के स्टेशनों के लिए 25,000/– रुपये, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से वरिष्ठ मंडल वित प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, 226001 के पक्ष में आहरित मनी रसीद/सावधि जमा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रेलवे को वापसी योग्य सुरक्षा जमा के रूप में जमा करे। 3. सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों और आम जनता के लिए सभी प्रासंगिक नियमो और शर्तों सहित आवेदन पत्र संबंधित स्टेशन पर उपलब्ध है सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेगी जो पहले प्रकाशित की गई थी।

2236/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्थानांतरण प्रक्रिया में देरी से नाराज़ प्राध्यापक

## पहुंचे प्रयागराज शिक्षा निदेशालय, उच्च शिक्षा मंत्री के माध्यम से निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने अपनी लंबित एकल स्थानांतरण मांगों को लेकर प्रयागराज स्थित शिक्षा निदेशालय में विरोध दर्ज कराया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्राध्यापकों ने उच्च शिक्षा मंत्री के माध्यम से उच्च शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपते हुए वर्ष 2023 से लंबित स्थानांतरण आवेदनों के शीघ्र निस्तारण की लिखित मांग की।

प्राध्यापकों ने बताया कि अधिकांश आवेदन एकल स्थानांतरण श्रेणी (जैसे ऽ पत्नी-पति कार्यस्थल एकीकरण, चिकित्सा आधार, पारिवारिक दायित्व आदि) में किए गए हैं, लेकिन इन पर अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षकों का कहना है कि जून 2024 तक स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए थी, परंतु नीति में अस्पष्टता व प्रशासनिक उदासीनता के चलते वे अब तक प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्राध्यापकों ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानांतरण नीति में संशोधन के प्रस्ताव को ढाल बनाकर प्रक्रिया को जानबूझकर रोका जा रहा है, जबकि कुछ विशेष मामलों में चयनित शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया है। इससे स्थानांतरण प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संशोधित सेवा नियमावली के अनुसार, अब स्थानांतरण के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 3 वर्ष निर्धारित की गई है। फिर भी कई ऐसे शिक्षक जिनकी सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है, उनके प्रकरण विचाराधीन ही बने हुए हैं। फरवरी 2025 तक मात्र 4 में से 2 शिक्षकों का ही स्थानांतरण हो सका है, जो नीति-निर्माण और क्रियान्वयन में असमानता को दर्शाता है।

प्राध्यापकों ने बताया कि निरंतर विलंब के कारण उनका मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। कई मामलों में चिकित्सा संबंधी जरूरतें और पारिवारिक जिम्मेदारियां उन्हें तत्काल स्थानांतरण के लिए बाध्य कर रही हैं,

## तहसील मंझनपुर में दर्जनों शत्रु संपत्तियों पर चल रहा अवैध निर्माण, कई फर्जी रजिस्ट्री रद्द, फिर भी कार्रवाई अधूरी

**प्रयागराज/ कौशांबी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज मण्डल के जनपद कौशांबी के सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत पाता और मंझनपुर में स्थित दर्जनों शत्रु संपत्तियों पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जे और अवैध निर्माण का खेल जारी है। प्रशासनिक जानकारी और पुरानी कार्रवाइयों के बावजूद स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं दिख रहा है। यह मामला अब जिले में चर्चित हो गया है और प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान लगने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, मंझनपुर के आराजी संख्या 1914 और 1914/1, कुल 2 बीघा 10 बिस्वा भूमि में से 8 बिस्वा क्षेत्र शत्रु संपत्ति के अंतर्गत आता है, जो तनवीर अहमद और इरशाद अहमद के नाम दर्ज है। इस भूमि पर फर्जी तरीके से हारून, सखावत उल्ला उर्फ जोखू, भोला रिज़वी सहित अन्य लोगों द्वारा कुल 28 लोगों के नाम रजिस्ट्री कर दी गई थी। जब मामला उजागर हुआ, तो तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया और लगभग 150 फर्जी रजिस्ट्री रद्द की गईं, बावजूद इसके शेष आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

इसी प्रकार गाटा संख्या 1430/1 (14 बिस्वा), जो दुर्गा मंदिर चौराहे के समीप स्थित है और शत्रु संपत्ति है, पर भी अवैध निर्माण कार्य जारी है। इससे सटे गाटा संख्या 1431 और 1432 (16 बिस्वा) पर भी फर्जी रजिस्ट्री कर मकान निर्माण हो रहा है। वहीं गाटा संख्या 1988, जो वशिष्ठ बालिका स्कूल के पास स्थित है, वहां मिट्टी डालकर निर्माण की तैयारी की जा रही है। यह भी शत्रु संपत्ति है। खास बात यह है कि तहसील मंझनपुर क्षेत्र में कुल 88 गाटा शत्रु संपत्तियों की पहचान की गई है। पिछले वर्ष कार्रवाई के बाद कुछ भू–माफिया जेल भेजे गए थे, लेकिन उसके बाद से प्रशासन ने इन संपत्तियों को चिन्हित कर संरक्षित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मौजूदा समय में 1430/1 और 1432 पर खुलेआम निर्माण जारी है, जिससे सरकारी तंत्र की निष्क्रियता उजागर हो रही है। सूत्रों का दावा है कि तहसील कार्यालय में तैनात एक चालक रत्तू की इस पूरे खेल में संलिप्तता है, जो भू–माफियाओं को अंदरूनी मदद उपलब्ध करा रहा है। अब सवाल यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर प्रकरण पर क्या कार्रवाई करेगा? क्या शत्रु संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी या भू–माफियाओं का कब्जा इसी तरह चलता रहेगा?

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| **एडमिन यूनिट/जोन** | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.08.2025 at 10:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.08.2025 at 10:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-R1- LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.08.2025 at 10:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F2- LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.08.2025 at 11:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.08.2025 at 11:10 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.08.2025 at 11:20 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2226/2025

# आईसीएआर एनबीएफजीआर ने एनजीएस डेटा विश्लेषण पर किया प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एनजीएस डेटा विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 21 से 23 जुलाई के दौरान किया गया, जिसका उद्देश्य शोधकर्ताओं की क्षमता निर्माण करना था ताकि वे सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नवीनतम सॉफ्टवेयर के साथ भविष्य की अनुसंधान कम्प्यूटेशनल चुनौतियों का सामना कर सकें। इसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने सोमवार को किया। कार्यशाला का उद्देश्य मानव संसाधन-शोधकर्ताओं को नवीनतम कम्प्यूटेशनल क्षमताओं के साथ जलवायु जोखिम चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाना था जो मात्स्यिकी क्षेत्र में बदलते परिदृश्य में प्रभावी होगा। कार्यशाला में 21 प्रतिभागी शामिल थे, जिनमें वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी और परियोजना शोधकर्ता शामिल थे, जिन्हें इससे लाभ मिलेगा और वे संस्थान की अनुसंधान उपलब्धियों में प्रभावी योगदान देंगे। प्रशिक्षु प्रतिभागियों ने अपने फीडबैक में कहा कि इस कार्यशाला ने उन्हें मत्स्य क्षेत्र से संबंधित अनुसंधान समस्याओं को हल करने में सशक्त बनाया है, जैसे कि आर-कंप्यूटिंग वातावरण और अन्य एनजीएस संबंधित एनोटेशन सॉफ्टवेयर जो सार्वजनिक डोमेन में निःशुल्क उपलब्ध हैं और जिनका उपयोग कोई भी शोधकर्ता किसी भी स्थानीय या वैश्विक समस्या को हल करने के लिए कर सकता है। आर-सॉफ्टवेयर वातावरण में 20,000 से अधिक सॉफ्टवेयर हैं जिनका उपयोग दुनिया भर में कोई भी शोधकर्ता कर सकता है। प्रशिक्षण का आयोजन संस्थान के वैज्ञानिक संसाधन व्यक्तियों द्वारा किया गया था, जिनमें डॉ. राजीव सिंह, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. अचल सिंह. डॉ.महेंद्र सिंह, , डॉ. मुरली एस., डॉ. अनुतोष पारिया, डॉ. एलएम चौधरी, डॉ. तन्वी दासमंडल शामिल थे। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. चक्रवर्ती ने आशा व्यक्त किया कि इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान और कौशल से प्रतिभागी मत्स्य क्षेत्र में नए अनुसंधान और विकास के अवसरों का सृजन करने में सक्षम होंगे।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय स्नातक समारोह का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने 24 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय स्नातक दिवस समारोह 2025 का आयोजन कर विभिन्न देशों के इंटीग्रल विश्विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया। इस रंगारंग आयोजन मे 62 अंतरराष्ट्रीय छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की गईं, जो कि ओमान, तंज़ानिया, नाइजीरिया, सूडान, नेपाल, गाम्बिया सहित कई देशों से स्नातक और परास्नातक कार्यक्रमों के तहत अध्ययनरत थे।

# लखनऊ में यातायात जागरूकता अभियान: न्यू नालंदा एकेडमी में बच्चों को सिखाए गए सड़क सुरक्षा के नियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। ट्रैफिक पुलिस द्वारा संचालित यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को फरीदीपुर, कानपुर बाईपास स्थित न्यू नालंदा एकेडमी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी देना और उन्हें यातायात के प्रति सचेत एवं जिम्मेदार बनाना था। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रैफिक इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल वाहन चालकों के लिए नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने माता-पिता व परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इंस्पेक्टर सिंह ने यातायात नियमों के पांच मुख्य स्तंभों की जानकारी देते हुए बताया किः 1. इंजीनियरिंग 2. एजुकेशन (शिक्षा) 3. इमरजेंसी मेडिकल केयर (आपातकालीन चिकित्सा सेवा) 4. एनवायरनमेंट (पर्यावरण) 5. एनफोर्समेंट (नियमों का प्रवर्तन) इन पहलुओं को मजबूत करके ही सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है। यह आयोजन डीसीपी ट्रैफिक श्री कमलेश दीक्षित के निर्देशन में संपन्न हुआ। ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य है कि स्कूली बच्चों को माध्यम बनाकर समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को वीडियो, पोस्टर, संवाद और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम, ट्रैफिक संकेतों का महत्व, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग की अनिवार्यता तथा सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके सिखाए गए। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संस्थापक मुकेश कटियार, मुख्य सलाहकार बीनू कटियार, प्रधानाचार्य कुंवर आदित्य प्रताप, संदीप कुमार श्रीवास्तव तथा शिक्षकगण पुनीत वर्मा, विशाल यादव, विशाल, ज्ञानेन्द्र, अंकित वर्मा, नीलम प्रजापति, वैष्णवी सिंह, कामिनी, रीता, रंजना, रजनी, तुलसी, रिजवान, हिमांशी और रोमनी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

# निगोहां के स्टेशन रोड निवासी नाली सफाई के लिए महीनों से लगाया था गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र के निगोहां कस्बे के स्टेशन रोड पर नाली की सफाई को लेकर महीनों से स्थानीय नागरिक परेशान हैं।जबकि ग्रामीणों द्वारा मानसून आने के पूर्व ही ग्राम विकास अधिकारी से बार-बार मौखिक रूप से निवेदन किया गया पर किसी प्रकार की सफाई नहीं कराई गई। समस्या के बने रहने पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पोर्टल पर झूठी रिपोर्ट लगाकर समस्या का निस्तारण दर्शा दिया गया, जो अब एक आम चलन बन गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने मिलकर चंदा एकत्र किया और अपनी पहल पर सफाई कार्य संपन्न कराया। यह आत्मनिर्भरता निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह भी दर्शाता है कि स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायत अपनी जिम्मेदारियों से किस तरह मुंह मोड़ रही हैं।

अब कचरा उठाने वाले कर्मियों द्वारा प्रत्येक घर से 100 रूपए की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि यह कार्य ग्राम पंचायत अथवा नगर निकाय की नियमित सेवाओं में शामिल होना चाहिए।गौरतलब है कि निगोहां ग्राम पंचायत के तहत आने वाले इस क्षेत्र में यदि ग्राम प्रधान सक्रिय हों, तो ऐसी समस्याएं उत्पन्न ही न हों। नाली सफाई, कूड़ा उठान, जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं ग्राम पंचायत के माध्यम से नियमित रूप से कराई जा सकती हैं, लेकिन ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। निगोहां के नागरिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन और जनप्रतिनिधि आंख मूंद लें, तो समाज को स्वयं आगे आना पड़ता है। लेकिन यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करता है, जिसे सुधारने के लिए स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और निगरानी एजेंसियों को सख्त कदम उठाने होंगे।

### जब जिम्मेदार हुए बेपरवाह मोहल्ले वालों ने चंदा जुटाकर खुद कराई सफाई

# दहेज को लेकर विवाहिता से मारपीट ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर अपने ससुराली पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता नगराम थाना क्षेत्र केनेरी गांव की रहने वाली है, विवाहिता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल पक्ष के लोग बार-बार दहेज की मांग करते रहे और जब उसने विरोध किया, तो उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। मारपीट में महिला को गंभीर चोटें आईं और उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। निगोहां पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में अर्जुन , सहराम , सहदेई , कौशल , सरिता , दीप की पत्नी शामिल हैं। सभी आरोपी रामपुरगढ़ी जमुनी निगोहां थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित महिला की तहरीर पर दहेज अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### नगराम के कनेरी गांव में हुआ था पीड़ित महिला का विवाह

# किसान के खेत से चोरों ने उड़ाया पंपिंग सेट इंजन, क्षेत्रीय किसानों में दहशत

### पीड़ित ने नगराम थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के घोड़सारा बहरौली निवासी संत कुमार के खेत से बीती रात अज्ञात चोरों ने सिंचाई में उपयोग होने वाला पंपिंग सेट इंजन चोरी कर लिया। घटना से पीड़ित किसान बेहद आहत है क्योंकि वह अत्यंत गरीब है और खेती ही उसके जीवनयापन का एकमात्र साधन है। पीड़ित संत कुमार ने बताया कि उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए इंजन लगाया था, लेकिन बीती रात अज्ञात चोर खेत में घुस आए और इंजन उखाड़कर ले गए। सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो इंजन गायब मिला, जिससे उसकी चिंता और परेशानी बढ़ गई।किसान संत कुमार ने नगराम थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और इंजन की बरामदगी की मांग की है।इस संबंध में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुट गई है और जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।गांव वालों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन इस तरह की चोरियों की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे किसान और ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### अज्ञात चोरों ने एक मकान को बनाया अपना निशाना लाखों रुपए और जेवरात लेकर हुवे फरार।

काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी थाना काकोरी क्षेत्र में इन दिनों शातिर चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर इसके चलते पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं सकरा गांव में हुवी चोरी का पुलिस ने अभी तक नहीं कर पाई खुलासा अज्ञात चोरों ने फिर एक बार दी पुलिस को चुनौती पान खेड़ा गांव में अज्ञात चोरों ने एक मकान को बनाया निशाना नगदी समेत जेवरात लेकर फरार हो गए । पीड़ित ने लिखित रूप में तहरीर काकोरी थाने पर दी है। नीरज कुमार पुत्र चंद्रपाल ने बताया कि घर पर देर रात अज्ञात चोरों ने घर में रखे बक्से का ताला तोड़ के उसमें रखें लगभग 25000 रुपए और एक कमर पेटी चांदी की सोने की झुमकी एक सोने का माला चारी कर चोर फरार हो गए। इसी संबंध में काकोरी थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि बहुत जल्द चोर पकड़े जाएंगे जांच पड़ताल चल रही है।

### मेट्रो ट्रेन में यात्री के छूटे 46 हजार रुपये, सुरक्षित लौटाये

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के द्वारा बताया गया कि लखनऊ मेट्रो की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था ने एक बार फिर सुरक्षित यात्री सेवा का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। लखनऊ मेट्रो का बेहद चर्चित लॉस्ट एंड फाउंड सेल यात्रियों का खोया कीमती सामान लौटाने में आंकड़ो का नया कीर्तिमान लिख रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को ट्रेन में रुपयों से भरा एक ब्लैक कलर का बैग मिला। इस बैग में 46,000 रुपये नगद, कपड़े और चार्जर मिला। अमौसी मेट्रो स्टेशन पर स्टेशन कंट्रोलर ने आवश्यक कार्रवाई के बाद यात्री को उनका बैग सुरक्षित वापस कर दिया। मेट्रो यात्री ने बैग सुरक्षित वापस मिलने पर लखनऊ मेट्रो का आभार जताया।

# गुडम्बा पुलिस ने साइबर ठग गिरोह का किया पर्दाफाश सोलह ठग हुए अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। क्राइम टीम पूर्वी ज़ोन और गुडम्बा पुलिस टीम के संयुक्त प्रयास से एक बड़ी कामयाबी हासिल की गई है।गुडम्बा पुलिस को दिनांक 23 जुलाई 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की गुडम्बा थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्मृति अपार्टमेंट मे कुछ लड़के रहते हैं जो संदिग्ध है इसी सूचना पर पुलिस अपार्टमेंट के 403 नंबर रूम मे दाखिल हुई तो उसके होश उड़ गये क्योंकि वहां सोलह लड़के फर्जी बेटिंग गेम के जरिये साइबर क्राइम की घटना को बेखौफ़ होकर अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने मौके से तीन अदद लेपटॉप,तीन नोट गिनने वाली मशीन के साथ 79 ए टी एम कार्ड,22 पास बुक,13 चेक बुक,30 मोबाईल फोन और तमाम कग़ज़ातो के साथ उनके पास से एक करोड़ साथ लाख पचास हज़ार रुपये भी अपने कब्ज़े मे ले लिए। पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों द्वारा आन लाइन अवैध लॉट्स गेमिंग साइड के द्वारा ऑन लाइन बेटिंग गेम खेलने का प्लेटफार्म मोहैया कराते थे और उससे आने वाले पैसों को रेट पर लिए हुए खातो मे प्राप्त करते थे। काफी समय मे ये इस कारोबार मे लिप्त भी थे। बताया जा रहा है की ये गैंग लोगों को पैसों का लालच देकर उनके खाते का इस्तमाल करता था ताकि ये पुलिस की नज़र से बचता रहे।अभियुक्तों के नाम प्रमोद साहू, साजिद अंसारी, खेमेंद्र साहू, सोहेल अशरफ खान, टिकैश कुमार यादव, सचिन कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, राकेश प्रहलाद पटेल, गोविन्द भाई मगल दास प्रजाप्ति, गोविन्द भाई, अभय मिश्रा, अंश शर्मा, शंकर बाग़,विनायक चौहान, मोहन सिंह और विजय सहानी हैं जो विभिन्न राज्यों से हैं सभी अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

# संगठित धोखाधड़ी मास्टरमाइंड महिला को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज । लखनऊ, मोहनलालगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर भूखंड बेचने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह की महिला मास्टरमाइंड सीमा उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के नीलमथा से की गई।इस कार्रवाई का नेतृत्व मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा एवं थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्य किया। शिकायतकर्ता प्रतिमा भारती, पत्नी राकेश कुमार भारती, निवासी दामोदर नगर, आलमबाग, लखनऊ ने बीते 19 जुलाई को मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने वर्ष 2017 में एच के इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से, जो प्रमोद, विनोद और प्रभात उपाध्याय द्वारा संचालित है, मोहनलालगंज में स्थित कान्हा उपवन वैली के नाम से प्लॉटिंग साइट में पीड़िता ने प्लॉट खरीदा था।

सात वर्षों के लंबे इंतजार के बावजूद उन्हें कब्जा नहीं दिया गया। जब उन्होंने बीते 31 मार्च को साइट पर जाकर स्थिति देखनी चाही, तो तीनों उपाध्याय बंधुओं और सीमा उपाध्याय ने न केवल उन्हें धमकाया, बल्कि यह भी कहा कि न तो पैसा मिलेगा और न ही जमीन, यहां से चले जाओ नहीं तो यहीं खोद कर गाड़ देंगे।इस संबंध में विगत माह में मोहनलालगंज थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी सीमा उपाध्याय और उनके सहयोगियों के विरुद्ध पहले से भी मोहनलालगंज थाने में सात संगठित अपराधों से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें ठगी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप हैं।यह गिरोह बेहद योजनाबद्ध तरीके से काम करता था। पहले लोगों को आकर्षक भूखंडों के ऑफर दिए जाते थे।

गिरोह के सदस्य स्वयं को प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए जमीन बेचते थे।सेना एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों को विशेष रूप से निशाना बनाया जाता था, क्योंकि उनकी ड्यूटी के कारण वे स्थल निरीक्षण नहीं कर पाते थे।इस प्रकार गिरोह ने कई लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है इन गिरोह के लोगों ने इससे पूर्व में गिरोह के अन्य सदस्य प्रमोद उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, और प्रभात उपाध्याय को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।मोहनलालगंज पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी ने इस गिरोह से भूखंड खरीदा है और धोखाधड़ी का शिकार हुआ है, तो वह आगे आकर पुलिस को सूचना दें, ताकि ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# नगर पालिका खैराबाद में हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## अध्यक्ष प्रतिनिधि व अधिशासी अधिकारी ने दी दिशा-निर्देश, पौधों के संरक्षण पर विशेष बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। खैराबाद नगरपालिका की ओर से आज गेस्ट हाउस में बैठक नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व अधिशाषी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। खैराबाद के विभिन्न कस्बों में नगरपालिका कर्मियों की निगरानी में वृक्षारोपण हेतु नियुक्त किया गया। अभिषेक गुप्ता द्वारा बताया गया कि रोपण के बाद पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा अहम होती है। इसके लिए अभियान में रोपित किए जाने वाले सभी पौधों की सुरक्षा व्यवस्था की जाए। सनातन धर्म में वृक्षों की पूजा होती है। आषाढ़ मास में पीपल, बरगद, नीम, आंवला व अशोक जैसे पौधो के रोपण की परम्परा है। बारिश का मौसम होने के कारण इस समय रोपित किए गये पौधे आसानी से वृक्ष का रूप लेते हैं। हरिशंकरी वृक्ष का पौराणिक व अध्यात्मिक महत्व है। पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मलित रोपण को हरिशंकरी कहते हैं। अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने पालिका कर्मियों को समन्धित क्षेत्रो में पेड़ लगवाने के लिए विभिन्न व किस तरह पेड़ो को लगाया जाए विस्तृत चर्चा करते हुए बताया हरिशंकरी का पौधो के रोपड़ से से हमारे पर्यावरण को बहुत लाभ मिलता है। आमजन को अधिक से अधिक वृक्ष लगा कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है, पर्यावरण को बचाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है तथा हम सभी को भविष्य के दृष्टिगत इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है।

इस अवसर पर आरएसएस के प्रभात अग्निहोत्री ने हरिशंकरी पेड़ो पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर सफाई इंस्पेक्टर मनोज राणा, प्रदीप, कुलदीप जयसवाल (महामंत्री तैलिक समाज),निरंकार गुप्ता ( अध्यक्ष व्यापार मंडल ),रामकृष्ण पाल (मंडल अध्यक्ष),विमल गुप्ता (अध्यक्ष बाथम वैश्य),राम जी गुप्ता (मंडल महामंत्री),प्रभात सहित समस्त सभासद गण व नगर के सम्मानित नागरिक उपस्थिति रहे।

## त्रिवेणी वन की स्थापना: पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल

सीतापुर, महमूदाबाद । शारदा सहायक नहर, पचदेवरा से मालसराय के मध्य क्षेत्र में ''त्रिवेणी वन'' की स्थापना की गई। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किया गया, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों और वन विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की।इस कार्यक्रम में ग्राम सिहारूखेड़ा की ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम रावत, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं सहायक अध्यापकगण अपने छात्रों के साथ उपस्थित रहे और वृक्षारोपण में योगदान दिया।वन विभाग से वन रेंजर श्री विक्रम जीत सिंह, वन दरोगा श्री अरविंद कुमार यादव, श्री राजनाथ यादव, वन माली श्री पवन कुमार सिंह, श्री राम नरेश एवं श्री राम गोपाल ने भी आयोजन में भाग लिया और वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला।यह पहल न केवल हरित क्षेत्र के विस्तार में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि भावी पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में भी एक मील का पत्थर साबित होगी।

# नबी के नूर का जलवा तलाश करते हैं: हाफिज वसीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। साहित्यिक संस्था बज्म ए सुखानो अदब एण्ड वेलफ़ेयर सोसाइटी की ओर से मंगलवार रात में डा0 अज़हर खैराबादी के आवास पर नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता आकिल बिसवानी ने और निजामत इलियास चिश्ती ने की। हाफिज शराफत ने कुरान पाक की तिलावत से महफिल का शुभारंभ किया। महफिल में दो दर्जन से अधिक शायरों ने अपने कलाम पेश किये जिनको श्रोताओं ने बहुत पसंद किया और उन्हें खूब दाद दी। इस मौके पर मशहूर शायर हाफिज वसीम जहांगीराबादी ने अपनी दिलकश आवाज में अपना कलाम पेश करते हुए कहा- ''उन्हें यह चाहिए आएं हरम के जीने तक। जो लोग खुल्द का रस्ता तलाश करते हैं।।'' कार्यक्रम के संयोजक एवं बज़्म के अध्यक्ष डा0 अज़हर खैराबादी ने दिल के जज्बात कुछ इस तरह पेश किये - ''मोतबर सारी दुनिया में हैं दो कलाम। एक कलामे खुदा, एक कलाम आपका।।'' शायर अनवर बिसवानी ने अपना कलाम पेश करते हुए



कहा- ''एक उम्र कट गई है इसी इंतजार में। पहुंचेंगे एक रोज नबी के दयार में।।'' शायर एवं शिक्षक रहबर प्रतापगढ़ी ने अपने खास अंदाज में अपना कलाम पेश करते हुए कहा- ''जिसने रसूले पाक को अपना बना लिया। उसको हर एक बला से खुदा ने बचा लिया।।'' बहुत सराहा गया। संचालन कर रहे लखीमपुर खीरी के शायर इलियास चिश्ती ने अपने अशार इस तरह पेश किया- ''हर तरफ पानी ही पानी दोस्तों आता नजर। कर्बला में जो रगड़ते नन्हे असगर एड़ियां।।'' लखीमपुर खीरी के ही शायर डा0 एखलाक ने शायरी पेश करते हुए पढ़ा- ''नहीं जा सकता हूं, यूं ही देख लूंगा। पहुंच कर वहां, वीडियो कॉल करना। इस मौके पर शायर इकबाल कौसर, कारी आजम जहांगीराबादी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# मंडल इंस्पायर अवार्ड में औरास के अंश, राज्य स्तर पर हुएं चयनित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। जीजीआईसी ग्राउंड में आयोजित मंडल स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में उन्नाव एवं रायबरेली के छात्र/छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित मॉडल्स का प्रदर्शन किया। चयनितों में 10 प्रतिशत छात्रों के नवाचार/ आविष्कार राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिए चुने गए। विज्ञान पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी में औरास के कंपोजिट चंदौरा के कक्षा 8 के अंश पुत्र सर्वेश कुमार ने अपने नवचारी मॉडल पैडेल पावर हेक्सा (साइकिल वाले पैडेल संचालित आरी मशीन )का प्रदर्शन करके टॉप टेन में अपनी जगह बनाई।अंश अब राज्य स्तर पर इसका प्रदर्शन करेंगे। प्रोजेक्ट को तैयार करने में इंचार्ज आशुतोष आनंद, विज्ञान शिक्षिका एवं प्रोजेक्ट गाइड प्रशस्ति शुक्ला, वंदना, नौशाद अली, महेश कुमार, सूरज गुप्ता एवं प्रवीण मौर्य का योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि अंश की मेहनत के साथ ही बीईओ संजय कुमार शुक्ल के दिशा निर्देश एवं कुशल नेतृत्व से मिली। बीईओ संजय शुक्ल सहित एआरपी पूनम सिंह, अंजू रंजना, पूर्व एआरपी इम्तियाज, विकास, अनूप, रेहान, प्रदीप आदि ने छात्र और स्टाफ को बधाई दी। शिक्षकों के बीच हर्ष का माहौल रहा। उक्त जानकारी औरास के प्रदीप वर्मा ने दी। वर्जन बाक्स :- बीईओ संजय शुक्लब्लॉक पर बच्चे को सम्मानित करेंगे। इस बार औरास से संख्या बढ़ोतरी के लिए बढ़ाए जा रहे हैं प्रयास। अब औरास नहीं रहा पिछड़ा ब्लॉक, कई विद्यालयों ने अर्जित की हैं अनेकों उपलब्धियां। खेलकूद और प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे कर रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन। -

## ग्राम पंचायत लोहंगपुर मनरेगा योजना बनी भ्रष्टाचार की जननी

सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत लोहंगपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार का जा रहा है। योजना के नाम पर सरकारी धन का खुला खेल चल रहा है, जबकि ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। मजदूरों की हाजिरी सिर्फ कागजों और पोर्टल पर दिखाई दे रही है, जबकि मौके पर काम होता ही बहुत कम है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत में कार्यस्थल पर न तो हाजरी में दिखाए गए मजदूर दिखाई बहुत ही कम देते हैं। बावजूद इसके रोजाना दर्जनों मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर लाखों रुपये का भुगतान किया जा रहा है। एक ही फोटो को कई बार अपलोड कर काम दिखाने की कोशिश की जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूरी प्रक्रिया में भारी धांधली हो रही है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक की मिलीभगत से यह घोटाला योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया जा रहा है।इस तरह की गड़बड़ियां न केवल जनहितकारी योजनाओं की साख को धूमिल करती हैं, बल्कि जरूरतमंदों को मिलने वाले हक पर भी डाका डालती हैं।

# भट्ठा से गायब मुंशी के मामले में बवाल धरना प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । अबुझ हाल में क्षेत्र के भट्ठा से गायब ग्राम लहुरा देऊर निवासी भट्ठा मुंशी 54 वर्षीय सुभाष यादव के मामले को लेकर बुधवार को पिपराइच के रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन किया। सुबह से धरना प्रदर्शन कर मामले का खुलासा करने, दोषी के विरुद्ध कार्रवाई आदि करने की मांग किया । इसके पहले भी 3 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया था ।तब एसएआई अजीत कुमार चतुर्वेदी के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया था । उन्होंने मौखिक रूप से मामले के खुलासा के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। सपा नेता सुरेंद्र यादव, अहिर आर्मी के अध्यक्ष आदित्य यादव के नेतृत्व में सुभाष यादव के परिजन व ग्रामीणों ने बताया कि एसएसआई अजीत कुमार चतुर्वेदी का आश्वासन खोखला साबित हुआ । धरने पे बैठ कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की । इस बारे में नेताओं सहित सुभाष की पत्नी मलावती देवी ने क्षेत्र के भट्ठा मालिक पर कई गंभीर आरोप लगाया। बताया कि मेरे पति जंगल औराही भट्ठा पर एक साल से मुंशी का काम करते थे।गत नौ जून से गायब है। पुलिस आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं कर रही है । अबतक पति की तलाश तक नहीं कर पाया। जिला के अधिकारियों से शिकायत के बाद केवल आश्वासन दिया जा रहा। भट्ठा मालिक से बात करने पर गाली गलौज कर रहा है। धरना स्थल पर दर्जनों ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहीं।इस सम्बंध मे थाना प्रभारी पुरषोत्तम आनंद सिंह ने बताया की मामले मे मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है जल्द ही मामले का निस्तारित किया जा सकता है।

# बजट का हवाला देकर सामुदायिक शौचालय को किया गया बंद

## शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार नही ले रहे सुध

कैनविज टाइम्स संवाददाता




संसारपुर, खीरी। जनपद की ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत डाटपुर ग्रांट मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को विभागीय कर्मचारियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है।पंचायत के मजरा भीखमपुर मे बना सामुदायिक शौचालय सिर्फ एक नाम के लिए दिखावा रह गया है।कई बर्षो से शौचालय पर ताले लटक रहे है।कई बार ग्रामीणों ने शौचालय को चालू करने की ग्राम प्रधान इन्साफ खान व ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक अवस्थी से मांग उठायी किन्तु किसी ने भी मामले को गंभीरता से संज्ञान नही लिया।भीखमपुर मे सामुदायिक शौचालय निर्माण के बाद लगभग एक या डेढ़ वर्ष तक चलता रहा उसके बाद शौचालय को बंद कर दिया गया तब से आज तक चालू नही हुआ।लगभग एक वर्ष पूर्व समाचार पत्र मे खबर प्रकासन के बाद जिम्मेदार हरकत मे आये और सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई कराने के बाद फिर से यह बोल कर बंद कर दिया गया कि अभी इसमे दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएँ नही है उनको मंगाने के बाद से पुनः सुचारु रुप से चालू कर दिया जायेगा किन्तु उसके बाद आज तक शौचालय नही चालू किया।उक्त प्रकरण मे जब ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक अवस्थी से बाद की गयी थी तो उन्होंने बताया की पंचायत में दो सामुदायिक शौचालय बने है जबकि एक सामुदायिक शौचालय का बजट आता है इसीलिए एक को बंद कर दिया गया था।

# डूबते हुए तिनके का सहारा बना पांडेय फर्टिलाइजर रकेहटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। जहां एक तरफ खाद की किल्लत को लेकर पूरे इलाके में किसान जूझ रहा है कई जगहों पर उन्हें घंटों लाइन में लगने व इधर-उधर भटकने को मजबूर है। इसी समस्या को लेकर पांडेय फर्टिलाइजर किसानों को खाद देकर किसानों को डूबते हुए तिनके के समान मिशाल पेश की है। वहीं भीड को देखते हुए निघासन कोतवाल महेश चन्द्र अपने दल बल के साथ पहुंच कर सभी किसानों से बात की कोई दिक्कत तो नहीं है सही रेट में यूरिया मिल रही किसानों बताया की हमको सही रेट 266.50 रूपये में मिल रही हैं प्रशासन की देख रेख, में किसानों को यूरिया 266.50 रुपए में बांटा गया, जिससे, किसानों को खुशी है, बिना टैगिंग के यूरिया उपलब्ध हे निघासन रोड़ रकेहटी पांडेय फर्टिलाइजर किसानों के लिए एक बार फिर राहत का केंद्र बन गया दुकान संचालक हरीश पांडेय ने बताया हमारे यहां नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण निर्धारित मूल्य 266.50 पर किया जा रहा है। हमारी निरंतर बराबर गाड़ी आती रहेगी। इसी प्रकार पुलिस प्रशासन का सहयोग मिलेगा तो किसानों को कोई दिक्कत नहीं होगी। देवीदीनपुरवा निवासी रत्तीराम लोधी ने बताया कि यहां खाद बीच-बीच में मिलती रही है और किसानों को सहूलियत हो रही है किसी तरह का दबाव नहीं है,रकेहटी निवासी दिग्विजय गुप्ता ने बताया पांडेय फर्टिलाइजर पर भीड़ के कारण समय जरूर लगा लेकिन उचित रेट में यूरिया मिल गई। और नहीं कोई अन्य सामग्री का दबाव बनाया गया। रकेहटी निवासी राममनोहर बाथम ने बताया कि एक आधार पर एक बोरी पांडेय फर्टिलाइजर में उचित रेट में बराबर मिल रही है। हरीपुरवा निवासी कमलजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने खतौनी के हिसाब से उचित रेट में खाद मिल गई। सिस्टम से जो भी समय से आया सभी को खाद मिल गई। रकेहटी निवासी योगेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि भीड़ जरूर थी, लेकिन उचित मूल्य पर खाद मिल गई।

## बिसवां नगर भ्रमण को निकले पत्थर शिवाला के महाकाल सरकार



सीतापुर। बिसवाँ जनपद सीतापुर में मनाये जा रहे श्रावण महोत्सव में विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी महाकाल उज्जैन स्वरुपी शाही पालकी यात्रा जिस का अयोजन शिवशक्ति सेवा समिति एवं शिव भक्तो के तत्वाधान में हुआ , जिसका मुख्य आकर्षण रहे शाही पालकी में विराजमान भगवान चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप में देवाधिदेव महादेव। यह भव्य एवं दिव्य शाही पालकी यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुज़री। यात्रा में शिवशक्ति सेवा समिति के सभी सेवादार भारतीय परिधान धोती एवं गमछा धारण कर डमरू और ताशों को बजाते हुए झूमते नाचते निकले।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घर जलकर हुए राख



तिकुनियां खीरी। थाना तिकोनिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनवीरपुर के मजरा रामनगर में अज्ञात कारणों से रात लगभग 12 आग लग जाने से दो घर जलकर राख हो गए दो सगे भाइयों फ़ज़ल अहमद व यासीन अहमद के घर पूरी तरह से जल गये जिसमें दोनों घरों में तीन बकरी, रजाई गद्दा, 4 चारपाई, 1 तखत, बर्तन सहित 4000 हजार रुपए नकद जलकर राख हो गए मौके पर ग्राम प्रधान आकाश मित्तल पहुंच कर क्षेत्रीयलेखपाल को अवगत कराया जहांपर मौके पर पहुंचे लेखपाल राहुलदीक्षित ने मौके पर मौयना करकेसरकार द्वारा दी जाने वाली राहतदिलाने को कहा वही बिजली कातार जलजाने पर बिजली विभागको अवगत कराया गया जहां परबिजली विभाग से अंकित कुमार वलाईन मेन विनोद कुमार मौके परपहुंच कर बिजली सुधार किया।लेखपाल ने बताया कि बहुत जल्दही राहत मिल जायेंगी व राशन की व्यवस्था कोटेदार वीरेंद्र कुमार द्वाराकरवाने को कहा।

## एसपी खीरी की मानवीय पहल, घायल को एस्कॉर्ट गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल



लखीमपुर खीरी। पीलीभीत-बस्ती हाइवे पर सोमवार को रेहुआ और सिसैया के बीच हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक एंबुलेंस का बेसब्री से इंतजार करता रहा, लेकिन मदद नहीं मिली।इसी दौरान खीरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा का काफिला घटनास्थल से गुजर रहा था। सड़क किनारे भीड़ और घायल को देख एसपी तुरंत रुके और मौके की जानकारी ली। बिना देर किए उन्होंने अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी से घायल को सीएचसी खमरिया भिजवाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है।घायल की पहचान बबलू कुमार पुत्र बाबूराम, निवासी चंडीभानपुर, कोतवाली तंबौर, जिला सीतापुर के रूप में हुई है।एसपी की मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की। आमतौर पर वीआईपी काफिले हादसों से अनदेखा करते हुए निकल जाते हैं, लेकिन एसपी खीरी का यह संवेदनशील और त्वरित कदम मिसाल बन गया।

## जंगली नाथ बाबा को जल चढ़ाने के लिए निकला कावड़ियों का जत्था

हरगांव, सीतापुर। नौनेर में स्थित श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार प्रांगण से आज बुधवार को होकर निकली कांवड़ यात्रा जो मेंहदी घाट कन्नौज से जल भर कर सोमवार को जंगलीनाथ बाबा में जल चढ़ाने के लिए कांवड़िए डीजे पर बोल बम हर हर महादेव के जयकारे के साथ रवाना हुए जिसमें विगत वर्षों की भांति बाला जी सेवा मण्डल दरबार की तरफ से सभी कांवड़ियों के लिए जल पान की व्यवस्था कराई गई व प्रसाद वितरण किया गया। कांवड़ यात्रा व्यवस्थापक पंकज सिंह, बलदीप कश्यप, विशाल धुरिया, सतीश मौर्या, कुंचित मौर्या, मंजीत सिंह, सत्यकुमार गुप्ता, वीरेंद्र मौर्या, रामजीवन मौर्या, तोता कश्यप, आदि सभी कांवड़ियों सहित सैकड़ो की तादात में शिव भक्त शामिल रहे इस अवसर पर श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार में सभी कांवड़ियों को जल पान करवा कर रवाना किया गया।

# झूठी रिपोर्ट लगाने में माहिर रमिया बेहड़ अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। तहसील धौरहरा क्षेत्र के ब्लॉक रमिया बेहड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखाही में जहां आधे गांव में इंटर लॉकिंग की सुविधा है तो वहीं विशेष कर मुस्लिम मोहल्ले में कीचड़ भरे रास्ते दर असल बात ये है खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी कोई भी नेता विधायक, सांसद व ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत लखाही को सपोर्ट नहीं करता सिर्फ और सिर्फ चुनाव के टाइम पर शुभ चिंतक बनकर घरों के दरवाजे घेरने आ जाते हैं बाद में जल भराव व कीचड़ को लेकर ग्रामीण नेताओं व ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से रास्ते नालियां को बनवाने की गुहार लगाते है मगर जिम्मेदार केवल हर वर्ष इन मोहल्ले वासियों को झूठा आश्वासन देकर टाल देते है। गांव में एक भी नाली का निर्माण नहीं हुआ। आप लोगों को बताते चले लखाही के मुस्लिम बाहुल्य मोहल्ले में वर्षों से रास्तों पर जनवरी से लेकर दिसंबर तक 12 महीने जल भराव व कीचड़ की समस्या रहती है इस कीचड़ में बच्चों से लेकर बूढ़े तक निकलने को मजबूर हैं विधालय जाने वाले बच्चों भी जलभराव में निकल ने में मजबूर हैं। यह रास्ते को लेकर मोहल्ले के लोग सैकड़ों बार ब्लॉक से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से जल भराव से मुक्ति पाने व रास्ता बनवाने को लेकर कई बार गुहार लगाईं है। लेकिन ब्लॉक व प्रशासनिक अधिकारी व जिम्मेदारी से ध्यान नहीं दे रहें हैं उ0प्र0 सरकार में अभी तक प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है केवल झूठा आश्वासन देकर। आपको बताते चलें इन रास्ते पर कई ग्रा0 प0 के लोग निकल ने में मजबूर हैं आवागमन रहता है जो कि सैकड़ों परिवारों के ये मेन रस्ते है इस कीचड़ से भार रास्ते में ग्राम व क्षेत्र वासियों को निकलने में काफी दिक्कत का सामना करने पर मजबूर है अब थक हार कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आईजीआरएस डाल कर रास्ता बनवाने की गुहार लगाई लेकिन ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारी ने झूठी रिपोर्ट लगकर इस मसले को राफा दाफ करना चाहते हैं।

# विकास कार्य ठप होने पर ग्रामीणों ने विधायक को लिखा पत्र

## करीब एक हजार आवादी वाला गांव झेल रहा अपने पिछड़ेपन का दंश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संसारपुर खीरी। विकास खण्ड बाँकेगंज की ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाला मजरा भीखमपुर जिसकी आवादी लगभग एक हजार के ऊपर है।गांव के उत्तर अम्बेडकर पार्क से लेकर पूरब सदर मार्ग आज तक कई वर्षों से जलभराव और कीचड़ से भरा पड़ा है, जिसकी आजतक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है,गांव के विकास के लिए सदैव सक्रिय रहने वाले वार्ड संख्या 264 के रहने वाले आकाश सिंह ने पिछले वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी गाँव की गम्भीर समस्या को साझा किया था लेकिन केवल खानापूर्ति करके जिमेदारों ने अपना पलड़ा झाड़ लिया था।गांव में एक भी सरकारी या संस्थागत विद्यालय नहीं है,गांव के बच्चों से लेकर बुजुर्गों का आवागमन इसी सदर मार्ग से होता है।बरसात के मौसम में इस पर निकलना खतरे से खेलने के समान है। बरसात में बाइक सवार आये दिन चोटिल होते रहते हैं वहीं सबसे बड़ी समस्या तब होती है ,जब गांव में कोई बीमार होता है तो एम्बुलेंस को गाँव के बाहर ही खड़ा किया जाता है क्योंकि सदर खड़ंजे पर एम्बुलेंस निकल नहीं पाएगी।इस प्रकार आवागमन की समस्याओं को ग्रामीणों ने मौखिक रुप से ग्राम प्रधान पुत्र इंसाफ खां से कहा नतीजतन वहाँ भी आजतक सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही मिला है।अन्ततः मायूस होकर ग्रामीणों ने अब क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी को गांव में विकास के लिए पत्र को लिखा है।गांव के ही रहने वाले आकाश सिंह के नेतृत्व में एक प्रार्थना पत्र लिखकर दिया गया है जिसमे ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर भी किये हैं ग्रामीणों का कहना है कि विधायक रोमी साहनी हमारे गांव के पूरब सदर मार्ग को जरूर दुरुस्त कराएंगे ऐसा हम लोगों को अपने विधायक पर पूरा भरोसा है।


प्रार्थना-पत्र

सेवा में,
(गरीबों असहायों के मसीहा),
श्री रोमी साहनी जी
माननीय विधायक
137 विधानसभा पलिया (खीरी)
विषय- गाँव की खस्ताहाल सड़क में इण्टरलॉक लगवाने के सन्दर्भ में।

महोदय,
सविनय विनम्र निवेदन है कि मैं प्रार्थी आकाश सिंह (सोशल मीडिया प्रभारी-भाजपा 137 पलिया विधानसभा) निवासी ग्राम भीखमपुर, ग्राम पंचायत ग्रान्ट डाटपुर, विकास खण्ड बाँकेगंज, जनपद लखीमपुर खीरी का मूल निवासी हूँ। आदरणीय विधायक जी हमारे बूथ संख्या 264 से सदैव आपके पक्ष में भाजपा को वोट मिलता आ रहा है। आप इसकी जानकारी भी कर सकते हैं और इससे पूर्व पंचवर्षीय 2017-22 के मध्य भी इस बूथ पर आपको जन समर्थन मिला है और आगे भी जन समर्थन 2027 में मिलता रहेगा। ये हम सब ग्रामवासी आपको भरोसा दिलाते हैं। श्रीमान बरसात के मौसम में गाँव के पूरब वाला कीचड़युक्त और जलभराव जैसी गन्दगी से भरा पड़ा है। जिस पर बाइक से लोग चोटिल होते रहते हैं एवं ग्रामवासी इस समस्या से कई वर्षों से परेशान हैं जिसकी कोई सुनवाई आज तक नहीं हुई है एवं इस पर पैदल भी निकलना किसी खतरे से कम नहीं है। इस सामाजिक समस्या को ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान पुत्र इंसाफ खाँ निवासी अगदपुर से मौखिक रूप से कई बार कहा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई वहीं अब विपक्षी पार्टी का नेता गाँव में आकर कहता है कि अगर हम जनप्रतिनिधि है तो अब तो ये इण्टरलॉक लग चुका होता। आपसे पुनः हाथ जोड़ कर विनती है कि जिस प्रकार आपने गाँव के पश्चिम वाले रोड पर इण्टरलॉक लगवाया है उसी प्रकार आप गाँव के पूरब वाले रोड जोकि गाँव के अम्बेडकर पार्क से रामसरन शाक्य (खेरी) के मकान तक रोड को इण्टरलॉक करवाने की कृपा करें। इससे पहले प्रार्थी आकाश सिंह ने मुख्यमन्त्री जनसुनवाई पोर्टल पर इस सामाजिक समस्या को अपलोड किया लेकिन कोई भी कार्यवाही आज तक नहीं हुई। विधायक जी हमें पूर्ण विश्वास है कि आज तक कोई भी निराश नहीं लौटा है। हम सभी ग्रामवासियों को पूरा विश्वास है कि आप हमारे गाँव के पूरब सदर रोड को इण्टरलॉक अवश्य करवायेंगे। ऐसा हम सभी ग्रामवासियों को भरोसा है। आपको हृदय तल से बहुत बहुत धन्यवाद।

# रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने पर विद्युत बिल में होगी दो तिहाई की बचत

**जिलाधिकारी ने बताया कि लखनऊ में कॉल सेंटर नंबर 155243 की भी स्थापना की गई है जिस पर कॉल करके आवेदक अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में आहूत कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जनपद की समस्त नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में आगामी 03 महीने तक आवेदनों के लिए कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेंडर वार लक्ष्यो को आवंटित किया जाए।

उन्होंने बताया कि लखनऊ में कॉल सेंटर नंबर 155243 की भी स्थापना की गई है जिस पर कॉल करके आवेदक अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं। बुधवार को आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक जनपद को 5880 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष 3839 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। 445 घरों में इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि जनपद बदायूं में 18 वेंडर इस कार्य के लिए नामित है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों में गुजरात प्रथम, महाराष्ट्र द्वितीय व उत्तर प्रदेश तृतीय स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में लगभग 3000 वेंडर नामित है पूरे प्रदेश का लक्ष्य 1187000 है। उन्होंने बताया कि प्रति इरेक्शन 1000 रुपए इंसेंटिव संबंधित कार्यालय व संस्था को दिए जाने का भी प्रावधान है।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 300 यूनिट मुफ्त बिजली की व्यवस्था है, साथ ही 01 किलोवाट के कनेक्शन पर 30000 रुपए केंद्र सरकार के द्वारा अनुदान तथा 15000 रुपए राज्य सरकार के द्वारा अनुदान, कुल 45000 रुपए का अनुदान अनुमान है। इसी प्रकार 02 किलोवाट पर कुल 90000 रुपए, 03 किलोवाट से 05 किलोवाट पर कुल 108000 रुपए अनुदान की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि ऋण लेकर भी रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया जा सकता है। प्लांट की अनुमानित लागत 60000 रुपए प्रति किलोवाट की आती है। सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि लगभग 25 वर्ष की होती है। उन्होंने बताया कि सोलर समाधान पोर्टल भी संचालित है। योजना का लाभ उठाने के लिए चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पर आवेदन कर सकते हैंइस अवसर पर शासन स्तर से आए यूपी नेडा के सचिव पंकज सिंह व सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर अजय कुमार ने भी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों व वेंडर्स की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। यूपी नेडा के अधिकारियों द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण देकर प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों को आवेदकों को सहजता से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा प्रणव पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी व वेंडर्स मौजूद रहे।

## टूक गांव से निकला कांवरियों का जत्था, काशी होते हुए देवघर करेगा जलाभिषेक

महराजगंज,रायबरेली। क्षेत्र के टूक गांव से भगवान शिव के प्रति आस्था और भक्ति का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए कांवरियों का एक जत्था बुधवार को रवाना हुआ। समाजसेवी अभय सिंह के नेतृत्व में निकले इस जत्थे ने सबसे पहले गांव के प्रसिद्ध महादेव बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। करीब 15 से 20 कांवरियों का यह समूह, जिसमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं, वहां से पैदल यात्रा करते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगा। वहां दर्शन-पूजन के पश्चात सभी श्रद्धालु सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल भरेंगे और फिर उसे लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) में जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बनती है। यात्रा का उद्देश्य सिर्फ धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश भी देना है। समाजसेवी अभय सिंह ने बताया कि यह यात्रा हर साल निकाली जाती है और क्षेत्र के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं जाने वाले जत्था मे पिन्टू सिंह,बाबू सिंह, तेज भान सिंह,शेर बहादुर सिंह, रणविजय सिंह, फूलचंद यादव, सचिन पाठक, राम लखन निर्मल, सुरेन्द्र निर्मल,शालेश मौर्य,पूनवासी धीमान समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## आरटीसी सेन्टर ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट बहजोई का किया निरीक्षण



सम्भल । उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद व पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा रिक्रुट आरक्षियों के प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण एवं रिक्रुट आरक्षियो के साथ किया सैनिक सम्मेलन । उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज जी व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा गार्द की सलामी लेकर आरटीसी सेन्टर ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट बहजोई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं जैसे मैस, बैरक, कक्षाओं, स्नानागार, शौचालय आदि का जायजा लिया गया । इसके साथ ही रिक्रुट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन किया गया। जिसमे प्रत्येक आरक्षी से उनकी ट्रेनिंग व समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी तथा रिक्रुट आरक्षियों को ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी लेकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक लाइन आलोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अशोक कुमार, प्रभारी आरटीसी आदि पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे थे।

## पुलिस चौकी परियावली का विधि विधान से, पूजा अर्चना कर किया लोकार्पण



**सम्भल ( बहजोई)।** श्रावण मास के सावन शिवरात्रि के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा थाना असमोली के अन्तर्गत नवीन पुलिस चौकी परियावली का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए लोकार्पण किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्भल के खग्गू सराय स्थित कार्तिकेय महादेव मंदिर पहुँच कर पूजा अर्चना करने के साथ ही जलाभिषेक भी किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, खण्ड विकास अधिकारी प्रेमचंद सिंह, चौकी प्रभारी एवं ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने को लेकर होमियोपैथिक औषधि वितरण महाअभियान का शुभारम्भ

**संभल।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी,आरोग्य भारती,दि होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि वितरण महाअभियान पुनःचलाया गया। जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग द्वारा कम्पोजिट विद्यालय रस्तोगीगंज नगर क्षेत्र के 81,प्राथमिक विद्यालय तुराब अली का पुरवा के 42,उच्च प्राथमिक आदर्श खेलदार विद्यालय के 105 कुल 228 बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई।साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने के लिए बताया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हसवा जय सिंह,नगर शिक्षा अधिकारी जिलेदार सिंह,प्रधानाचार्या शुभांगी पांडेय,चन्द्रप्रभा उपस्थित रहीं।

# टप्पेबाजी में पकड़े गए नई दिल्ली, फिरोजाबाद और अजमेर के पांच ठग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। नई दिल्ली, फिरोजाबाद और अजमेर के टप्पेबाज बदायूं में घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। मंगलवार को कुंवरगांव पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ लिया है। पुलिस ने दंपती समेत पांच टप्पेबाजों की निशानदेही पर चोरी के जेवर खरीद रहे शहर के एक सराफ को भी पकड़ा है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सभी को जेल भेज दिया है। कुंवरगांव इंस्पेक्टर वेदपाल सिंह ने बताया कि नौ जुलाई को आंवला-बदायूं मार्ग पर कसेर तिराहे के पास वृद्ध रामबेटी से साथ टप्पेबाजी की घटना हुई थी। दो टप्पेबाज उन्हें नकली नोट देकर सोने के कुंडल उतार ले गए थे। इसके बाद सिविल लाइंस क्षेत्र में दातागंज तिराहे पर एक महिला के सोने की चेन उतरवा ली।पुलिस ने मंगलवार को कसेर रोड पर सांई मंदिर के पास एक महिला समेत पांच टप्पेबाजों को पकड़ लिया। इसमें नई दिल्ली के रनगोला थानाक्षेत्र के उत्तम नगर कॉलोनी की छेतिया परमार व उसकी पत्नी देवी, फिरोजाबाद जिले के थाना उत्तर के मोहल्ला रहना की पुलिया के शंकर राठौर व केशू राठौर, अजमेर के नशीराबाद थानाक्षेत्र के गांव मिशन कंपाउंड निवासी शंकर बागरी हैं। पुलिस की पूछताछ में टप्पेबाजों ने बताया कि वह बदायूं शहर के मोहल्ला चाहमीर मढ़ई चौक निवासी सराफ प्रशांत रस्तोगी को वह चोरी के जेवर बेचते हैं। पुलिस ने टप्पेबाजों की निशानदेही पर सराफ को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी की एक जोड़ी पाजेब, एक अंगूठी, पांच पायल, एक लौंग, एक जोड़ी कुंडल व 1500 रुपये की नकदी बरामद की। इसके अलावा टप्पेबाजों से नकली नोट की गड्डी, छह मोबाइल व एक बाइक बरामद की। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। शाम को कोर्ट के समक्ष करने के बाद सभी को जेल भेज दिया है।

# तेजतर्रार एसएसपी ने देखी मंदिरों पर रात्रि भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। श्रावण मास के महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बदायूँ, डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा दिनांक 22/23 जुलाई की रात्रि में जनपद के प्रमुख शिव मंदिर- गौरीशंकर मंदिर, नगला सरकी मंदिर तथा बिरुआवाड़ी मंदिर आदि पर रात्रि भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। एसएसपी बदायूँ द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये गये की कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ शालीन एवं सहायक व्यवहार अपनाया जाए। सभी ड्यूटी कर्मी पूर्ण सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी सिविल लाइन मनोज कुमार सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली प्रवीण कुमार, एवं प्रभारी यातायात अजयपाल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थोक विक्रेताओं के साथ विनिर्माताओं कंपनी का शुरू हुआ निरीक्षण



मुरादाबाद। संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद श्री जीवन प्रकाश , जिला कृषि अधिकारी संभल प्रबोध मिश्रा, अपर जिला कृषि अधिकारी विजय कुमार, एरिया सेल्स मैनेजर गौरव , यारा के अन्य अधिकारी की उपस्थिति में यारा फर्टिलाइजर विनिर्माता कम्पनी का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें यह पाया गया कि.....1. 1अप्रैल 2024 से लेकर 31मार्च 2025 तक 1322984 मैट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया जिसके सापेक्ष 1327382 मैट्रिक टन विक्रय हेतु डिस्पैच किया गया 1अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 333361 मैट्रिक टन यूरिया उत्पादित हुआ जिसके सापेक्ष 331188लाख मैट्रिक टन डिस्पैच किया गया । 02 .इसके अतिरिक्त यारा विनिर्माता कम्पनी के द्वारा 772531मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया भी उत्पादित किया गया है जिसमें से 17985 मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया यारा विनिर्माता कम्पनी के द्वारा विक्रय किया गया इस वर्ष भी 4749 मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया विक्रय किया गया । 03 .जिला कृषि अधिकारी के द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत पैकेजिंग का हवाला दिया गया प्लांट के उत्पादन प्रमुख से द्वदध को पालन करने के लिए भी कहा गया।

## महाशिवरात्र के अवसर पर मनाया गया शिवतेरर्स पर्व

मुरादाबाद। आज महाशिवरात्र का पर्व जनपद भर में बम बम भोले की जय जय कार से मनाया गया। शिवतेरस के पर्व पर बीती रात से ही शिव भोले के मंदिरों पर पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही थी।आज शाम तक कावरियों की काफी भीड़ रही। प्रशासन काफी अलर्ट रहा।जनपद के पाकबड़ा, कुंदरकी ,बिलारी, कांठ,ढकिया,महमूदपुर माफी,उम्रीकलां,भोजपुर, धर्मपुर में शिवतेरस जोर शोर से मनाई गई।लोगों ने वृत रखा और शिव मंदिरों में पूजा अर्चना भी की।

## भंडारे में कावंड़ियों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में बुधवार को शिव तेरस के दिन होली मेला वाले शिव मंदिर पर हरिद्वार से जल भरकर लाने वाले कावंड़ियों की सेवा में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का कार्यक्रम दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक चला जिसमें सैकड़ो की संख्या में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ‣ भंडारे में समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

## ग्यारह बजे तक नहीं पहुंचें डाक्टर, लैब टैक्नीशियन ने देखे मरीज

**कुढफतेहगढ़ /चंदौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ फतेहगढ़ में बुद्बवार को ग्यारह बजे तक चिकित्सक मौहम्मद साजिद नहीं पहुंचें ‣ लैब टैक्नीशियन ने ही मरीजों को देखा ‣ कुढफतेहगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. मोहम्मद साजिद तैनात हैं लेकिन अस्पताल कभी कभार ही आते हैं ‣ मंगलवार को भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नदारद रहे । इससे पहले शुक्रवार को भी अस्पताल से चिकित्सक नदारद रहे ‣ लगातार अस्पताल में नदारद रहने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सही से नहीं मिल पा रहा है। बुद्बवार को भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि मैं आज बुधवार को ग्यारह बजे पीएचसी कुढफतेहगढ दबा लेने गया था लेकिन डाक्टर नहीं थे इसलिए मैं बिना दबा लिए ही लौट आया लगातार चिकित्सक के न आने के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करायेगें।

# टाउन एरिया महराजगंज कार्यालय में सफाई कर्मियों को बांटे गये रेनकोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। टाउन एरिया महराजगंज कार्यालय में आज मंगलवार को सभी सफाई नायकों को बारिश से बचने के लिए रायन कोट, हाथ में पहनने वाले ग्लप्स, जूते आदि बांटे गए। बरसात में सुरक्षा सामग्री पाकर सभी सफाई कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे, यह पुनीत कार्य नगर अध्यक्ष सरला साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, अधिशासी अधिकारी रामाशीष वर्मा सभी सभासद के हाथों से दिया गया। आपको बता दें कि, नगर अध्यक्ष सरल साहू ने बताया कि, बरसात के दिनों में बारिश से बचने के लिए रायनकोट, गंदगी से बचने के लिए हाथों के ग्लव्स, और जहरीले जंतुओं से बचने के लिए सभी सफाई नायकों को जूते प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि, सफाई कर्मचारी हमारे नगर के सच्चे कर्मवीर हैं। बरसात हो या धूप, ये हर परिस्थिति में नगर की सेवा करते हैं। कार्यक्रम को अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रभात साहू ने भी संबोधित अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि, हनुमानगढ़ी मंदिर में बन रहे बारात घर से नगर पंचायत के लोगों को बेटियों की शादी संपन्न कराने में राहत मिलेगी, पहले हजारों रुपए खर्च करने के बाद ऐसी व्यवस्था मिलती थी। अब निशुल्क नगरवासियों की बेटी के ब्याह में बारात घर की उन्हें मुक्त सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सफाई कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि, बारिश में कार्य करना अब पहले से आसान होगा।

# ऑनलाइन गेम में पैसा हारने के बाद युवक ने नहर में कूद कर दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। ऑनलाइन गेम की लत में पैसा हारने के बाद महराजगंज थाना क्षेत्र के 21 वर्षीय युवक ने नहर में कूद कर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि, युवक गेम में काफी पैसे हार चुका था। इसी को लेकर वह परेशान रहता था। बीते मंगलवार को अपने घर से साइकिल लेकर वह निकाला था, और नेवाजगंज नहर पुल के पास अपनी साइकिल खड़ी करके वहीं पुल पर मोबाइल रखकर पानी में कूद कर जान दे दी थी। जब राहगीरों ने पुल पर मोबाइल रखा देखा और पास में ही एक साइकिल खड़ी देखी तो सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल फोन के जरिए परिजनों से संपर्क किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को युवक के गेम खेलने की बात बताई, इसके बाद गोताखोरों की मदद कल से ही नहर में रेस्क्यू ऑपरेशन के द्वारा युवक की तलाश करी जा रही थी। जहां पर साइकिल बरामद हुई थी, वहां से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर गोताखोरों की मदद से पुलिस को सफलता मिली और युवक का शव बरामद करते हुए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दे कि, घटना मंगलवार की सुबह लगभग 10:00 बजे की है। जबकि महराजगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव का रहने वाला विक्रांत (21) पुत्र लखपति अपने घर से साइकिल लेकर निकाला था। मंगलवार लगभग 1:00 बजे राहगीरों ने मृतक के घर से लगभग दो-तीन किलोमीटर की दूरी पर नेवाजगंज पुल पर एक मोबाइल फोन और उसी के बगल में साइकिल खड़ी देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल की मदद से घर वालों से संपर्क साधा और पुल पर मोबाइल तथा साइकिल बरामद होने की बात बताई, तो परिजन स्तब्ध रह गए और घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को अपने बेटे के ऑनलाइन गेम खेलने और पैसा हारने की बात कही। इसके बाद पुलिस को मामला समझने में ज्यादा देर नहीं लगी। आनन-फानन गोताखोरों को बुलाकर नहर के पानी में रेस्क्यू ऑपरेशन के द्वारा खोजबीन शुरू कर दी गई। पुलिस और गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद आज सफलता हाथ लगी। बुधवार को जिस जगह मोबाइल और साइकिल बरामद हुआ था, वहां से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर नहर के पानी में युवक का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कृषि विभाग की टीम के औचक निरीक्षण से विक्रेताओं में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। सफीपुर परियर और सफीपुर क्षेत्र में जिला कृषि विभाग की टीम ने खाद भंडारों पर औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से खाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया। जांच की भनक लगते ही चार दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर लीं। जबकि दो दुकानों पर स्टॉक और वितरण से जुड़े दस्तावेज अपडेट नहीं पाए गए। विभाग ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सभी दोषियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह व्यवहार विभागीय दिशानिर्देशों की अवहेलना को दर्शाता है जिला कृषि अधिकारी शशांक कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के तहत खाद दुकानों पर उर्वरकों के स्टॉक, बिक्री मूल्य, वितरण रजिस्टर, कैश मेमो, स्टॉक बोर्ड और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान परियर रोड स्थित शिवम खाद भंडार और सफीपुर में आरपी वर्मा खाद भंडार पर स्टॉक रजिस्टर अपडेट नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इन दुकानों में खाद के वितरण का पारदर्शी लेखाजोखा नहीं रखा जा रहा। वहीं दूसरी ओर, शर्मा खाद भंडार, जय बालाजी खाद भंडार (सकहन राजपूतान), हरिओम खाद भंडार औरशुक्ला खाद भंडार (मिर्ज़ापुर, सफीपुर) ने निरीक्षण की जानकारी मिलते ही दुकानें बंद कर दीं। बिना किसी पूर्व सूचना के दुकानों का इस तरह से बंद होना विभाग की नजर में संदेहास्पद माना गया। अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवहार विभागीय दिशानिर्देशों की अवहेलना को दर्शाता है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी खाद विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे उर्वरक बिक्री नियमों का पूर्णतः पालन करें। दुकानों पर स्टॉक और रेट बोर्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं। ताकि किसानों को सही जानकारी मिले। साथ ही, वितरण और स्टॉक से संबंधित रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट रखना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग की ओर से निरीक्षण की यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। नियमानुसार कार्य न करने वालों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री के आगामी संभावित कार्यक्रम को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

उन्नाव। नवाबगंज स्थिति चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। संभावित दौरे को देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी और सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और मंच व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्यमंत्री के काफिले की सुगम आवाजाही के लिए ट्रैफिक डायवर्जन की योजना बनाई गई है।कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को तैनात किया गया है।

# अक्षय पात्र,रसोई नहीं,राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित द अक्षय पात्र की रसोई सिर्फ एक किचन नहीं, बल्कि एक ऐसी तपोभूमि है, जहाँ हर दिन लाखों बच्चों के भविष्य को पोषण और संस्कार मिलते हैं। लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जब इस आधुनिक और विशाल रसोईघर का दौरा किया, तो उन्होंने स्वयं देखा कि कैसे हर दिन 1.25 लाख से अधिक स्कूली बच्चों के लिए भोजन तैयार होता है।यह संस्था इस्कॉन बेंगलुरु की प्रेरणा से संचालित होती है, और इसकी सेवा लखनऊ तक सीमित न होकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पाँच लाख से अधिक बच्चों तक पहुँचती है। यहाँ हर थाली में न केवल स्वाद और पोषण है, बल्कि सेवा, शुद्धता और समर्पण का अद्भुत संगम भी दिखता है।यह रसोई पूरी तरह वैज्ञानिक और तकनीकी प्रणाली पर आधारित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत दास जी ने बताया कि यहाँ,500 लीटर क्षमता वाले 9 स्टीम कुकर, 3000 लीटर की दाल निर्माण इकाई, प्रति घंटे 50,000 रोटियाँ बनाने वाली मशीन,तथा चार हाई-कैपेसिटी आटा गूंथने वाली मशीनें कार्यरत हैं।भोजन पूर्णत,स्टीम आधारित प्रक्रिया में तैयार होता है। इसमें न प्याज, न लहसुन, बल्कि सात्विकता और संस्कार की प्रधानता होती है। सब्जी काटने, बर्तनों की सफाई और खाद्य परीक्षण की संपूर्ण व्यवस्था ऑटोमेटेड और हाई-टेक है। यहाँ की फूड सेफ्टी एंड क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी देश में उदाहरण मानी जाती है। संस्था में 500 से अधिक समर्पित कर्मचारी, जिनमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में हैं, सेवाभाव से कार्यरत हैं। भरत दास जी का मानना है जब तकनीक, गुणवत्ता और आत्मीयता मिलते हैं, तो भोजन केवल शरीर नहीं, मन और समाज को भी पोषित करता है।उत्तर प्रदेश के सह-अध्यक्ष अनंत वीर दास जी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में ज्ञान की ज्योति जलाना है। उनके अनुसार, जब तक शिक्षा और पोषण साथ नहीं चलेंगे, तब तक समग्र विकास अधूरा रहेगा।

# थारू बाहुल्य ग्राम विशुनापुर में आयोजित हुआ एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम

**मवेशियों से वन्यजीवों में फैलने वाली बीमारी से बचाव के बताए गये उपाय**

**छात्र–छात्राओं को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ व वन विभाग की टीम ने किया जागरूक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कर्तनियाघाट वन्यजीव प्रभाग अन्तर्गत जनजाति बाहुल्य गांव विशुनापुर स्थित अखिल भारतीय थारू एजुकेशनल विद्यालय में बुधवार को पशुपालन विभाग द्वारा एफ एम डी टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को पशुओं के अंदर फैलने वाली बीमारी जैसे तेज बुखार, पैर एंव मुंह के अंदर छाले होना, खाना खाने में कम रुचि, खुर पका मुंह पका आदि रोगों के लक्षण व रोगों से बचाव को लेकर जागरूक किया गया।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार उपाध्याय ने बच्चों को जागरूक करते हुए उन्हें पशुओं के लिए चलाए जा रहे एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 1962 के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि अगर किसी के घर में पशु बीमार हैं तो तत्काल एम्बुलेंस को बुलाकर घर पर ही इलाज करा सकते हैं। वन्यजीव प्रतिपालक संतोष कुमार ने बताया कि टाइगर रिजर्व के अंदर व समीप बसे गांवों के पालतू जानवरों को विभिन्न संक्रामक रोगों का टीकाकरण शत प्रतिशत अनिवार्य है और कर्तनियाघाट वन्यजीव प्रभाग पशुपालन विभाग के साथ मिलकर इस कार्य को कर रहा है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि आप सभी गांव के लोग अपने पालतू जानवरों को स्वस्थ रखेंगे बीमार होने पर उनका सही समय पर इलाज कराएंगे तभी जंगली जानवर भी स्वस्थ रहेंगे क्योंकि अक्सर पालतू बीमार जानवर के जंगल के किनारे चरते हैं जिससे वन्यजीवों में भी संक्रमण की संभावना रहती है टीकाकरण से संक्रमण के प्रसार को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों व पशु चिकित्सकों की टीम व वन विभाग व डब्ल्यू डब्ल्यू एफ और गजमित्रों की टीम द्वारा विशुनापुर गांव से आम्बा गांव तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। जिसके बाद बच्चों के बीच प्रतियोगिता के माध्यम उन्हें जागरूक करते हुए पठन-पाठन सामग्री वितरण की गई।कार्यक्रम के दौरान आधा दर्जन बीमार गौवंश और महिषवंशो को एफएमडी का टीकाकरण किया गया। ग्राम प्रधान बंसतलाल, एसडीओ वन विभाग संतोष कुमार, वन दरोगा राधेश्याम, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी मिहींपुरवा जय प्रकाश वर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी सुजौली डॉ. विपिन बिहारी, पशुधन प्रसार अधिकारी मनोहर लाल, रवि वर्मा, मनोज यादव, एम्बुलेंस कर्मी अमित कुमार, डॉ. जय प्रकाश, पशु चिकित्सा अधिकारी, पैराबेट रामनिवास, गुलशन, महेंद्र, ललित सिंह, मंसूर अली, राजा हसन आदि मौजूद रहे।

# मरे इंसान का इलाज करता रहा अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। आपने एक्टर अक्षय कुमार की फ़िल्म गब्बर इज़ बैक जरूर देखी होगी।इस फिल्म में अक्षय कुमार अस्पतालों की पोल खोलेने के लिए एक ऐसे व्यक्ति इलाज अस्पताल में कराते है जो मर चुका है।कुछ इसी फ़िल्म की तरह जिले में गोंडा अयोध्या रोड पराग डेयरी के सामने स्थित एसटूएम हॉस्पिटल पर भी तीमार दारों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में भर्ती महिला की इलाज के दौरान हालत बिगड़ गई। जिससे परिजन हंगामा काटने लगे।परिजनों की ओर से इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया गया है,मामला बढ़ता देख अस्पताल के चिकित्सक ने महिला को इलाज के लिए लख नऊ रेफर कर दिया,लेकिन रास्ते में मौत हो गईमनकापुर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा गांव के रहने वाली आशिमा खातून (56) को करीब 5 दिन पहले पेट में दर्द होने पर नगर कोतवाली क्षेत्र के गोंडा अयोध्या मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने पेट में पथरी होने की बात कहीं और ऑपरेशन की सलाह दी।आरोप है कि ऑपरे शन किया गया,लेकिन इस दौरान बेहोश करने के लिए जो इंजेक्शन लगाया गया वह ओवर डोज हो गया जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। बार-बार जब परिजन डॉक्टर से बात करते तो वह लोग जल्द ही सुधार होने का आश्वासन देते रहे।मंगलवार दोपहर में हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन हंगामा काटने लगे तो डॉक्टर रेफर की बात करने लगे।नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया बुझाया।अस्पताल के चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया।बताया जाता है कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में करनैलगंज पहुंचने पर महिला की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। परि जन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।नगर कोतवाल विवेक त्रिवे दी ने बताया कि अस्पताल पर हंगामा होने की सूचना पर पुलिस गई थी.लेकिन चिकित्स कों ने महिला को रेफर कर दिया था।मौत की जान कारी नहीं है।फिलहाल यदि तहरीर मिलेगी तो जांच की जाएगी।

# डीएम व सीडीओ ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पशुपालन विभाग के द्वारा पशुओं में खुर पका एवं मुंहपका जैसी संक्रामक बीमारियों से पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु विशेष टीकाकर ण अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया है, इस अवसर पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने हरी झंडी दिखाकर टीकाकरण हेतु टीम व वाहनों को रवाना किया।यह अभि यान जनपद में पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।खुरपका-मुंहपका रोग अत्यंत संक्रा मक होता है,जो दुधारू पशुओं की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव डालता है।टीकाकरण के माध्यम से इन रोगों की रोकथाम की जाती है, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि संभव होती है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं को रोग मुक्त करना एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए, जिससे कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रह सके।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि यह अभियान पशुओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय पहल है।उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं एवं विभाग की टीमों को पूरा सहयोग प्रदान करें।पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह अभियान जिले के सभी विकास खं डों में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाए गा।जिसके अंतर्गत समस्त पशुओं का निःशु ल्क टीकाकरण किया जाएगा।कार्यक्रम में पशु पालन विभाग के अधिकारी,कर्मचारी एवं पशु मोबाइल बेटनरी यूनिट के कर्मचारी भी उप स्थित रहे।अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग ने विशेष रणनीति तैयार की है, जिससे निर्धारित समयसीमा में समस्त पशुओं को टी का लगाया जायेगा।कार्यक्रम के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशि कुमार शर्मा सहित जनपद के सभी पशु चिकित्सा अधि कारी एवं संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बाल श्रमिक से काम लेने वालों पर हो कठोर कार्रवाही : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिलाधिकारी ने जिला बालकल्याण एवं संरक्षण समिति के साथ महिला कल्याण विभा ग की समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने महिला कल्याण वि भाग की योजनाओं की समीक्षा की।उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल श्रम रोकथाम को लेकर अनवरत अभि यान चलाते रहें तथा जहां भी बाल श्रम कराते हुए पाया जाय, उन सेवायोजकों के विरूद्ध तत्परता से कार्यवाही की जाय।शीघ्रता से कार्य वाही होने पर बाल श्रम मुद्दों में कमी आयेगी। इसके उपरान्त उन्होंने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों की बैठक, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन (डी.सी.पी.यू.व रेलवे) बाल श्रम उन्मूलन की समीक्षा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य), स्पान्सरशिप (प्रवर्तकता कार्यक्रम), वन स्टाप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट आफ वुमेन, शक्ति सदन, एन.सी.पी.सी.आर. संयुक्त कार्ययोजना, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान निर्देशित किया कि स्पांशरसिप योजना में अधिक से अधिक पात्र बच्चों को जोड़ा जाय।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, सीडब्लूसी अध्यक्ष प्रेमशंकरलाल श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, डॉक्टर सौम्या चौबे,अखलाक अहमद, चन्द्रमोहन वर्मा, चेतना सिंह,आशीष मिश्रा,शिवेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज कुमार,राजकुमार आर्य,निधि त्रिपाठी, पंकज राव, सिद्धनाथ पाठक आदि मौजूद रहे।

# जनपद को प्राप्त हुए 41500 बैग डीएपी व 11200 बैग एनपीके

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद बहराइच को चिलवरिया रैक प्वाईन्ट से 41500 बैग डी.ए.पी. व 11200 बैग एन.पी.के. प्राप्त हुई। जिला कृषि अधिकारी द्वारा चिलवरिया रैक प्वाईन्ट पर प्राप्त इफको डी.ए.पी. रैक का निरीक्षण कर क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको के साथ समस्त डीएपी उर्वरक रैक प्वाईन्ट से सीधे रिटेलर्स एवं को-ऑपरेटिव समितियों को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। डॉ. यादव ने बताया कि जिले को दिवस पूर्व प्राप्त चिलवरिया रैक पॉइंट पर 21600 बैग यूरिया उर्वरक प्राप्त हुई थी जिसे जनपद की 55 सरकारी समितियों एवं प्राइवेट रीटेलर्स की दुकान पर भेज दिया गया है।जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया है कि अभी जनपद में प्राप्त उर्वरक के अतिरिक्त, 16264 मैट्रिक टन यूरिया, 1882 मेट्रिक टन डीएपी, 2651 मेट्रिक टन एनपीके एवं 13771 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है। इसके अलावा जनपद के सभी सहकारी समिति पर 42343 बोतल नैनो डीएपी एवं 28476 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। उन्होंने जिले कृषकों को सुझाव दिया है कि डीएपी के साथ-साथ नैनो डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फ़ेट ट्रिपल सुपर फास्फ़ेट का भी प्रयोग करें, इसकी भरपूर मात्रा जनपद में उपलब्ध है। उन्होंने कृषकों को आश्वसत किया है कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# आधा किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनकापुर पुलिस ने मंगल वार को आधा किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है,पुलिस के अनुसार मंगलवार को शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि टिकरी जंगल के मुख्य मार्ग नवाबगंज रोड़ के पास एक व्य क्ति गांजा की पुड़िया बेच रहा है।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से आधा किलो गांजा बरामद हुआ।थाने लाकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पूरन कुमार तिवारी पुत्र शेषमणि तिवारी निवासी भीखपुर थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर बताया है।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मनकापुर में एन.डी.पी.एस. एक्ट का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्या यालय में पेश किया।

# सड़कों पर बढ़ते बेसहारा गोवंश बन रहे दुर्घटनाओं का कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में शहरी क्षेत्र हों या ग्रामीण क्षेत्र में बेसहारा गोवंश की सड़कों पर बढ़ती मौजूदगी आमजन के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है।मुख्य मार्गों से लेकर गलियों और राजमार्गों तक गोवं शों का बेरोकटोक आवागमन न केवल ट्रैफिक जाम की वजह बन रहा है,बल्कि आए दिन दुर्घ टनाओं का कारण भी बन रहा है।खासकर रात के समय ये स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है,जब वाहन चालकों को अंधेरे में इन्हें देखकर समय पर रिएक्ट करने का मौका नहीं मिल पाता।वही स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहर या ग्रामीण कस्बे की मुख्य सड़कों को लेकर ग्रामीण पगडंडियों तक गोवंशों का जमा वड़ा अब आम हों गया है।इनकी वजह से लोगों को न केवल आवागमन में परेशानी होती है बल्कि कई बार जानलेवा हादसों का भी साम ना करना पड़ता है।दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी अधिक जोखिमभरी होती जा रही है।गौरतलब है कि सरकार द्वारा प्रति वर्ष करोड़ों रुपये गौशालाओं के संचालन पर खर्च किए जाते हैं,ताकि बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सके।बावजूद इसके सड़ कों पर पर गोवंशों की बढ़ती संख्या कई सवाल खड़े कर रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश गौशालाओं में व्यवस्था चरमराई हुई है।चारा-पानी की कमी,देखरेख का अभाव और सीमित स्थान के चलते गोवंश कुपोषण का शि कार हो रहे हैं।सड़कों पर गोवंशों के मल-मूत्र से गंदगी फैल रही है,जिससे स्वास्थ्य संबंधी जो खिम भी बढ़ रहा वाहन टकराने से न केवल जानमाल की हानि हो रही है,बल्कि सरकारी संपत्तियों जैसे सड़कों और वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वह जल्द से जल्द सक्रियता दिखाते हुए इन बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था करे।साथ ही अधिक संख्या में गौशालाओं का निर्माण कराना और पहले से संचालित गौशा लाओं में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना भी जरूरी है।लोगों का यह भी कहना है कि सरकार को गोवंश संरक्षण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए और जो लोग जानबूझकर गोवंशों को सड़कों पर छोड़ते हैं,उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनीचाहिए।स्थानीय लोगों को अब उम्मीद है कि प्रशासन और सरकार इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में ठोस कदम उठगे।वही इस संबंध में गोंडा नगर पालि का परिषद के ईओ से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन कव रेज क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# आईजी अमित पाठक ने परखी ट्रेनिंग की व्यवस्थाएं



गोण्डा। पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने पुलिस लाइन भिनगा श्रावस्ती में पुलिस आर क्षी भर्ती 2023 के रिक्रूट आरक्षियों के प्रशि क्षण हेतु ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में रिक्रू टों के लिए निर्धारित बैरक, भोजनालय, स्नानागार,पानी की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया।प्रशिक्षण से सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व तत्परता से करें, ताकि रिक्रू ट आरक्षियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।इस दौरान पुलिस लाइन के लवकुश सभागार मे प्रशिक्षु आरक्षियो के साथ गोष्ठी कर उनका उत्साह वर्धन किया उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित भी किया। आरटीसी ट्रेनिंग के लिए रिक्रूटों को प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन बनाए रखने व बेसिक जानकारी का पालन करने हेतु ब्रीफ किया गया।इस दौरान विधायक रामफ़ेरन पाण्डेय,पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम,क्षेत्रा धिकारी भिनगा इकौना सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# उद्यमियों के लिए होगा एक दिवसीय प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जनपद के उद्यम स्थापना स्वरोजगार हेतु इच्छुक युवक एवं युवती आज प्रातः दस बजे से जिला पंचायत सभागार गोंडा में आयो जित होने वाले मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के एक दिवसीय प्रशिक्षण में प्रति भाग कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के मध्य योजना का प्रस्तुतीकरण करने के साथ-साथ पोर्टल के मा ध्यम से योजना के सुचारू क्रियान्वयन के अति रिक्त फ्रेंचाइजी बिजनेस मॉडल इन्नोवेटिव प्रोजे क्ट्स प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं कोटेशन तथा प्रश्नो त्तरी के साथ फीडबैक सत्र भी आयोजित होगा उपयुक्त उद्योग बाबूराम ने बताया कि जनपद के समस्त भावी उद्यमी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बेसिक शिक्षा विभाग बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के निर्माण एवं उच्चीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुसार न होने की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा दिये जाने पर डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया कि शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार भुगतान में कटौती की कार्रवाई की जाय तथा यथा स्थिति से शासन को भी अवगत कराया जाय।कायाकल्प मिशन की समीक्षा के दौरान डीएम ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों व बीडीओ को निर्देश दिया कि पेयजल, बालक-बालिका शौचालय एवं मूत्रालय, शौचालयों में पानी की आपूर्ति एवं टाइलीकरण, दिव्यांग शौचालय, मल्टीपल हैण्डवाशिंग, कक्ष-कक्षों में टाइलीकरण, श्याम पट, रसोईघर, भवन का रंग-रोगन, विद्युत संयोजन, समुचित वायरिंग एवं उपकरण, फर्नीचर एवं डैस्क, समर्सिबिल/सप्लाई वाटर एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण इत्यादि सभी इण्डीकेटर्स को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय।बच्चों के आधार कार्ड बनाये जाने के कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र न होने के कारण आधार बनाये जाने में समस्या आ रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि जन्म प्रमाण-पत्र विहीन बच्चों की ब्लाकवार सूची उपलब्ध कराएं ताकि शत-प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड बनवाया जा सके। दिव्यांग स्कूली बच्चों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिए मेडिकल शिविर आयोजित न होने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शीघ्र ही कैम्प लगाकर बच्चों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाये जायें।डीएम ने निर्देश दिया कि एमडीएम में पौष्टिक हरी सब्ज़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किचेन गार्डे न को विकसित किया जाय तथा विद्यालयों में खरीदे गये नये बर्तनों का उपयोग भी किया जाय। बच्चों की उपस्थिति का 67 प्रतिशत बताये जाने पर डीएम ने इसे नाकाफी बताते हुए निर्देश दिया कि प्रयास कर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। वर्षाऋतु के दृष्टिगत डीएम ने परिषदीय विद्यालयों में अभियान संचालित कर साफ-सफाई सुनिश्चित के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी विद्यालय में शिक्षक के स्थान पर कोई प्रतिस्थानी शिक्षण कार्य न करें। डीएम ने कहा कि यदि कहीं पर इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित बीईओ के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी।डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि पीएम श्री विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के निरीक्षण हेतु पूर्व में नामित अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण की आख्या तथा गैर मान्यता विद्यालयों को बन्द करने हेतु विगत 03 वर्षों में जारी की गई नोटिस के सापेक्ष की गई कार्यवाही की प्रगति से अवगत कराया जाय। डीबीटी हेतु बच्चों के आधार नामांकन, पंजीकरण एवं अपडेशन की कार्यवाही की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम द्वारा बीईओ को निर्देश दिया गया कि डे-बाई-डे लक्ष्य निर्धारित कर शाम में समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत कार्य सम्पन्न करायें। इस अवसर पर सीडीओ मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वानन्द, बीएसए आशीष कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के द्वारा मुंजेश्वरनाथ मंदिर पर हेलीकॉप्टर से कराया गया पुष्प वर्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सावन महिने मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मुंजेश्वरनाथ मंदिर पर हेलीकॉप्टर के द्वारा आज दोपहर में पुष्प वर्षा कराई गई। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने इस नजारे को अपने कैमरे में कैद किया। जानकारी अनुसार सावन माह में पड़ने वाली महाशिवरात्रि के दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बुधवार की दोपहर करीब 12:30 बजे भौवापार स्थित मुंजेश्वरनाथ मंदिर पर हेलीकॉप्टर के द्वारा पुष्प वर्षा कराई गई। यह सब देख उपस्थित सभी श्रद्धालु खुशी से झुम उठे और इस पल को सभी भक्तों ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद करते नजर आए। इस दौरान मंदिर सहित परिसर में उपस्थित सैकड़ों शिव भक्तों ने हर हर महादेव का जयकारा लगना शुरू कर दिया। जिससे पूरा क्षेत्र गूंज्यमान हो उठा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी संजय गिरी, चन्द्रपाल सिंह राही योगी सेवक, श्रीराम पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष विपिन विश्वकर्मा मण्डल महामंत्री, विकास गिरि, सुभांकर यादव मण्डल उपाध्यक्ष, विशाल गिरि अरुण सिंह टुन्नू, सत्यप्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व व्यवस्थाओं का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम,दैनिक दिनचर्या तथा उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का विस्तार से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं अनुशासन पर विशेष बल देते हुए प्रशिक्षुओं को पुलिस सेवा के आदर्श, कर्तव्यों एवं आमजन के प्रति संवेदनशीलता से सेवा भाव रखने हेतु प्रेरित किया।इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने बैरक परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पंखों, पेयजल की उपलब्धता की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया। महोदय द्वारा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक आरक्षी को स्वच्छ व आरामदायक आवासीय सुविधा प्राप्त हो,भोजन की गुणवत्ता, रसोई की साफ-सफाई,भोजनालय के बैठने की व्यवस्था व मेन्यू की विविधता का विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने शौचालय व स्नानागार की स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी व आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की जांच की तथा नियमित रूप से इनकी सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों संवाद कर उनकी आवश्यकताओं व समस्याओं की जानकारी लेकर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया,क्षेत्राधिकारी सदर,प्रतिसार निरीक्षक सन्तोष राघव, आईटीआई,पीटीआई एवं अन्य आरटीसी स्टाफ उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मॉडल प्रदर्शनी हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना की जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का पीलीभीत में सफल आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र श्रीवास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों के मॉडलो का निरीक्षण किया और उनका उत्साहवर्धन किया तथा जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार ने प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि नए-नए इनोवेशन की समाज के लिए उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा मॉडल की सार्थकता सिद्ध करते हुए बच्चों को उच्च स्तर पर प्रतिभागिता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। इंस्पायर अवार्ड प्रभारी जिला समन्वयक/ समग्र शिक्षा माध्यमिक प्रशांत कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए इंस्पायर अवार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम में पधारे निर्णायकों,अतिथियों, मार्गदर्शक शिक्षकों तथा प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब चंद्रपाल गंगवार ने बच्चों को यह बताया कि स्कूल स्तर पर पूरे भारत में 10 लाख बच्चे तथा जनपद स्तर पर 1 लाख, राज्य स्तर पर 10,000 बच्चे और राष्ट्रीय स्तर पर 1000 बच्चों में से 60 बच्चों के प्रोजेक्ट/ मॉडल चयनित किए जाते हैं इनमें से तीन मॉडल प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति के साथ भोज और जापान जाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। राष्ट्र स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मॉडल पर विभिन्न कंपनियों अपना काम कर उपयोगी यंत्र में परिवर्तित करती हैं तथा उस बच्चों को जीवन भर रॉयल्टी प्रदान करती हैं। कार्यक्रम की समापन बेला पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके मॉडलों की प्रशंसा की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार ,राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना की जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में भारत सरकार द्वारा नामित ज्यूरी सदस्या निहारिका आर्य, अक्षिता मूंदड़ा तथा जनपद स्तर पर नामित ललित हरी आयुर्वैदिक महाविद्यालय के डॉक्टर हरिशंकर मिश्रा ,उपाधि महाविद्यालय के डॉक्टर गोपाल दीक्षित, राजकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य यज्ञ प्रकाश आर्य तथा लक्ष्मीकांत शर्मा पूर्व जिला विज्ञान क्लब समन्वयक ने निर्णायक की भूमिका निभाई।वर्ष 2023- 24 के अंतर्गत संजना जूनियर हाई स्कूल अगमपुर तथा रोहित राठौर गुरु नानक इंटर कॉलेज का मॉडल चुना गया तथा वर्ष 2024- 25 के अंतर्गत मदर पब्लिक स्कूल बीसलपुर, ज्येष्ठ प्रकाश शुक्ला चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत, मयंक वर्मा चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत, रुबीना जूनियर हाई स्कूल बसंतपुर,आयुष वर्मा स्पिंडल कॉलेज पीलीभीत के मॉडल व प्रोजेक्ट राज्य स्तर के लिए चुने गए। कार्यक्रम में सर्वेश गंगवार,आर पी गंगवार, रमेश पटेल शिवम मिश्रा, दिनेश चंद्र शर्मा, लोकेश कुमार, राजेश गंगवार, उमाकांत गंगवार,शिव दत्त पांडेय आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन चन्द्र पाल गंगवार ने किया।

# मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक 29 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## ग्राम पंचायत मथूडांडी में बाढ़ से बचाव हेतु कराए गए कार्यों का किया निरीक्षण

पीलीभीत। मंत्री जल शक्ति विभाग यूपी स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में पीडब्लूडी गेस्टहाउस में सिंचाई एवं जल संसाधन,बाढ़ नियत्रंण की समीक्षा बैठक आहूत की गई तथा जनपद पीलीभीत में बाढ़ के दृष्टि से अतिसंवेदनशील ग्रामों, तटबंध एवं सिंचाई संरचनाओं की सुरक्षा हेतु विगत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की बाढ़ एवं सिंचाई की कुल 29 अद्द परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम का संचालन ई0 आशुतोष कुमार अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड द्वारा किया गया। अतिथि देवों भवा के भाव से मंत्री एवं उनके साथ उपस्थित सम्मानित पदाधिकारियों को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं विभागीय अधिकारियों के द्वारा गुलदस्ता एवं बांसुरी नगरी पीलीभीत का प्रतिरूप भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंत्री द्वारा अपने सम्बोधन में उपरोक्त परियोजनाओं की उपयोगिता बताते हुए लोकर्पण किया गया।इसके उपरान्त मंत्री ने देवहा नदी के बायं किनारे स्थित ग्राम मथुडांडी,नवदिया आदि ग्राम समूह की कटाव निरोधक कार्य की परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मैप के माध्यम से कराये गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कराए गए कार्यों को देखा। उन्होंने ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा बाढ़ से बचाव हेतु बाढ़ से सुरक्षा हेतु सुदृढीकरण कार्य कराए जाने हेतु आश्वस्त किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह,जिला पंचायत सदस्य रेनू राज,मुख्य अभियन्ता रूहेलखण्ड बरेली इं0 महेश्वरी प्रसाद,मुख्य अभियन्ता बरेली इं0 एचएन सिंह,अधीक्षण अभियन्ता पंचम मण्डल सिंचाई कार्य बरेली त्रयम्बक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी ॠतु पूनिया,अधिशसी अभियन्ता बाढ़ खण्ड इं0 आशुतोष कुमार,अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड इं0 पी0पी0 गौतम के साथ सहायक अभियन्ता इं0 सचिन चौधरी, इं0 सौरभ औझा, इं0 सुमित सचान, इं0 योगेन्द्र सिंह गौतम, इं0 अवध राम, इं0 विशाल मिश्रा, इं0 सौरभ वर्मा एवं समस्त अवर अभियन्ता व कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# रक्तदान कर शहीद चन्द्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती के अवसर पर आजाद समाज सेवा समित द्वारा संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व मे नगर मे प्रभात फ़ेरी निकाल कर शहीद चन्द्रशेखर आजाद सहित नगर मे स्थिति समस्त शहीदो की प्रतिमाओं पर देश भक्ति के जोर दार नारो के साथ माल्यार्पण किया गया और मेडिकल कालेज स्थित ब्लड बैंक में संस्था के 35 पदाधिकारियो ने रक्त दान महादान कर देश को आजाद कराने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉं एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉं आर के मिश्रा, पैथालाजी विभागाध्यक्ष डॉ सुपर्णा दूबे, ब्लड बैक प्रभारी डां संजय सिंह व वरिष्ठ समाज सेवी करतारकेशव यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शुभारम्भ करते हुऐ डॉं एके सिंह व डॉं आरके मिश्रा ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुनीत कार्य




है। जहाँ एक ओर रक्तदान करके हम दूसरो की जिन्दगी बचाने का प्रयास कर सकते है वही दूसरी तरफ रक्तदान करने वाले व्यक्ति मे भी रक्त बनाने की क्षमता बढ़ जाती है। और एक स्वस्थ मनुष्य हर तीन माह बाद रक्तदान कर ऐसा पुनीत कार्य कर सकता है। आजाद समाज सेवा समिति द्वारा शहीदो की जयन्ती और पुण्य तिथियो पर ऐसा आयोजन निरन्तर करती रहती है जो अत्यन्त ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर रक्त दान करने वालो में प्रमुख रूप से सुनील तिवारी, राधवेन्द्र सिंह' मंयक पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, रजत सिंह, रजा अब्वास जैदी' शराफत खान' दिलीप सिंह, ई हरिकेश यादव, अमित तिवारी, आदर्श सिंह, अदनान खान, प्रणव श्रीवास्तव' सिकन्दर सिंह' प्रवीण दीक्षित, स्वालेखान, दीपक सिंह, रियासत अली, ई आसुतोष कुमार सिंह, राजकरन' विनोद रावत, शादाब खान' रुजदान खान, केतन श्रीवास्तव, सर्वेशसिंह, रजनीसिंह, अर्पित श्रीवास्तव, राजदीप कश्यप, अभिजीत भारती, प्रमोद तिवारी, अमित शर्मा, माहे आलम, हंसराज यादव, राजेन्द्रपटवा, कुल 35 पदाधिकारियो ने रक्तदान किया।

# पंचायतों में सरकार बनाने के लिए जुटे कार्यकर्ता : सुशील त्रिपाठी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बुधवार को जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारीयों, मण्डल अध्यक्षों एवं पूर्व मण्डल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा गांव की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कमर कस कर तैयारी में जुट जाएं। कहा मेरे लिए सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। जिला पंचायत के 45 वार्डों में से 70 से 80 प्रतिशत वार्डों को जीतने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ताओं को मिशन मोड में जुटना है। उन्होंने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शासन द्वारा परिसीमन,मतदाता पुनरीक्षण आदि का काम शुरू होने जा रहा है। इस पर बारीकी से नजर रखते हुए काम करना है। उन्होंने कहा मण्डल, शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर पर कौन-कौन जिला पंचायत वार्ड होंगे इसकी भी सूची तैयार करनी है।पार्टी के मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने जानकारी दी कि 1-2 अगस्त को विधानसभा वाइज मण्डलों की बैठक आयोजित होंगी। विधानसभाओं में बैठक के लिए जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। विधानसभा स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण, परिसीमन आदि कार्य पर निगरानी रखने के लिए अलग से वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की टोली बनाईं गई है।

# उपकृषि निदेशक द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में खरीफ फसलों की बुवाई तथा धान की रोपाई तेजी से होने के दृष्टिगत कृषकों को सभी प्रकार के गुणवत्ता युक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने हेतु बुधवार को उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र एवं अमन प्रखर खाद भंडार मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कृषक सेवा केंद्र प्रभारी सुनील उपाध्याय केंद्र पर लगभग पंद्रह कृषक प्रदीप कुमार पलिया चंदापुर, राम लोटन टिकरा, दिलीप कुमार जमुवारी आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि केंद्र पर यूरिया




एक हजार चार सौ बाइस बोरी, डीएपी चार सौ बयासी बोरी स्टाफ में उपलब्ध है जिसे अभिलेख,पीओएस मशीन से मिलान करने पर सही पाया गया, केंद्र पर वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी को नियमानुसार उर्वरक वितरण करने के निर्देश दिये गये हैं।

## बीस ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान महेश प्रताप सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी वार्ड संख्या चौदह नेमुआ थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से बीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## आसमान में ड्रोन उड़ता देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव पटपरा में इन दिनों चोरों के भय से लोग रात जागकर गुजार रहे हैं और रात में टोलियां बनाकर ग्रामीण रात्रि गस्त कर रहे हैं। बताया जा रहा है इस समय चोरी की बड़ता घटनाओं को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। मंगलवार की रात लगभग 10:30 पर बताया जा रहा है कि एक ड्रोन आसमान में उड़ता हुआ देखा गया। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया और मामले की सूचना ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जाँच पड़ताल की। इस दौरान थानाध्यक्ष जगदीप मलिक ने लोगों को अफवाह पर ध्यान न देने और पुलिस की रात्रि गस्त बड़ा दी गई हैं।

## सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव में युवती को बहला फुसलाकर लेकर फरार, मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बताया कि उसकी बहन 13 जुलाई को घर से बगैर बताते कही चली गई थी। इस संबंध में पुलिस ने गुमशुदगी भी दर्ज की है। काफी तलशा के बाद पता चला कि निशांत पुत्र गिरजाधर दयाल शर्मा बहला फुसलाकर कर शादी करने का झांसा देकर ले गया है। युवती के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर युवती की तलशा शुरू कर दी है।

## नगरपालिका द्वारा लगए गए फ्रीजर की टोटी हुई चोरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पालिका के द्वारा स्वर्गीय मीरा सक्सेना एडवोकेट की स्मृति में नि:शुल्क जल सेवा के तहत वाटर फ्रीजर लगवाया गया है। फ्रीजर लगने से तीमारदारों को ठंडा पानी पीने को मिल रहा है। इसके लगना से राहगीरों को भी पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है। मंगलवार की रात में चोर ने फ्रीजर में लगी दोनों टोटी खोलने का प्रयास किया जिसमें एक टोटी चोर खोल ले गया। वुधवार की सुबह आठ बजे अस्पताल खुला तो लोगों को इसकी जानकारी लगी और टोटी न होने से तीमारदार काफी परेशान होना पड़ा। क्योंकि अस्पताल में इसके अतिरिक्त पानी पिने की कौई व्यवस्था नहीं हैं और हैंड पंप में भी पानी सही नहीं निकल रहा है।

## दो बाइकों की भिड़ंत कांवड़ियों सहित पाँच लोग घायल, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी निवासी शशांक पुत्र दिनेश गांव के ही अवनीश और वैभव शुक्ला के साथ कांवड़ लेकर गोला जा रहे थे। सभी ने धनाराघाट में शारदा नदी से जल भरा। इसके बाद सभी गोला के लिए रवाना हो गए। पूरनपुर खुटार हाईवे पर कढैर चौराहा के पास कावड़िया रास्ते में बाइक लेकर खड़े हो गए। तभी खुटार की ओर से बरेली जनपद के थाना हाफिजगंज निवासी सोनू सिंह अपनी मां दलजीत कौर के साथ आ रहे थे। इसी बीच दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें पाँच लोग घायल हो गए। वुधवार शाम लगभग चार बजे घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में पहुंचे कांवड़ियों ने काफी देर तक हंगामा काटा। जानकारी लगने के बाद कोतवाल और क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार पुलिस के साथ पहुंच गए। इलाज के दौरान शशांक की हालत गंभीर होने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# एफएमडीसीपी टीकाकरण अभियान के छठे चरण का डीएम ने किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## कलेक्ट्रेट परिसर से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## पैंतालिस दिवसीय अभियान में 4.95 लाख पशुओं को लगेंगे टीके

अमेठी । पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एफएमडीसीपी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान के छठे चरण का शुभारम्भ बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने टीकाकरण हेतु गठित टीमों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी के शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान तेइस जुलाई से पांच सितम्बर तक कुल पैंतालिस दिनों तक संचालित किया जायेगा। अभियान के तहत जनपद के तेरह विकास खंडों में पशुपालन विभाग की अठावन टीमें लगभग चार लाख पचानबे हजार एक सौ बयासी पशुओं को निःशुल्क टीका लगाएंगी। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जिससे पशुओं की उत्पादकता में भारी गिरावट आती है, हालांकि इसमें मृत्यु दर कम होती है। इस बीमारी की रोकथाम हेतु नियमित टीकाकरण आवश्यक है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पशु के कान में टैग लगाकर उनका टीकाकरण किया जाएगा। सभी पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराकर इस मुहिम को सफल बनाएं। जिले में संचालित समस्त गो-आश्रय स्थलों में रखे गए गोवंशों को भी सौ प्रतिशत टीकाकरण करते हुए गो आश्रय पोर्टल पर अद्यतन किया जायेगा। अभियान की वैज्ञानिक पद्धति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चयनित गांवों में टीकाकरण से पूर्व पशुओं के रक्त के नमूने (प्री वैक्सीनेशन ब्लड सैंपल) लिये गये हैं। टीकाकरण के पश्चात उन्हीं पशुओं से दोबारा नमूने एकत्र कर विश्लेषण किया जायेगा जिससे टीके की प्रभावशीलता का परीक्षण किया जा सके।

## दुस्साहस: परिषदीय विद्यालय में घुसकर दस्तावेज फाड़े शिक्षिका के साथ की अभद्रता पुलिस से की शिकायत मचा हड़कंप

पूरनपुर। विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय टाटा छत्रपति में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जहां गांव का ही रहने वाला राजेंद्र कुमार राजू पुत्र रामनाथ ने विद्यालय में घुसकर दस्तावेज फाड़ दिए और शिक्षिका के साथ अभद्रता की। इतना ही नहीं आरोपी ने विद्यालय को न खोलने की धमकी भी दी। इस घटना से विद्यालय का माहौल पूरी तरह से खराब हो गया और साथ ही अन्य शिक्षकों में भारी आक्रोश है।शिक्षिका डॉली शर्मा ने इस मामले में पूरनपुर खंड शिक्षा अधिकारी और कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। शिकायत में शिक्षिका ने बताया कि जब वह विद्यालय में थीं। तभी राजेंद्र कुमार पुत्र रामनाथ आया और उसने न केवल विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज फाड़ दिए, बल्कि उनके साथ अभद्रता भी की। आरोपी ने धमकी दी कि अगर विद्यालय खोला गया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

# विज्ञान में लोक को प्रतिष्ठित करने की मुहिम

विज्ञान को आधुनिक युग में तेज़ी से धर्म का दर्ज़ा दिया जा रहा है। लोगों में सबकुछ को वैज्ञानिक घोषित करने की ललक बढती जा रही है । ऐसा हो भी क्यों न ? विज्ञान विश्वसनीय, पूर्वाग्रहमुक्त और पक्षपातहीन अंतिम सत्य का पर्यायवाची जो हो गया है। हालाँकि सदैव ऐसा नहीं होता और स्वयं विज्ञान के अर्थ भी बदल रहे हैं। तब भी 'आँखिन देखी' पर विश्वास करने वाली विज्ञान की विधि ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक भरोसेमंद आधार के रूप में सुबुद्ध लोगों की अभी भी पहली पसंद बनी हुई है। टोना-टोटका, झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और ओझाऽसोखा को ले कर लोग हिचकने लगे हैं। आमतौर पर विज्ञान की बढ़ती साख का ही नतीजा है कि विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लगातार प्रयास हो रहे हैं ताकि आम जनों में वैज्ञानिक मानसिकता (साइंटिफिक टेम्पर) का विकास हो सके और वे खुशहाल जीवन बिता सकें। भारत में होशंगाबाद और केरल में समाज को विज्ञान से जोड़ने की पहल शुरू हुई थी जिसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार न हो सका। यहाँ एक जुड़ा सवाल वैज्ञानिक साक्षरता का भी है क्योंकि विज्ञान के प्रति भावनात्मक रुझान ही काफ़ी नहीं हो सकती उसकी मुलभूत जानकारी भी आवश्यक है । चूँकि विज्ञान का क्षितिज निरंतर विस्तृत हो रहा है इसलिए वैज्ञानिक साक्षरता का स्तर भी बढ़ता रहता है और उसे नए ज्ञान के आलोक में बार-बार परिभाषित और पुर्नपरिभाषित किए जाने की ज़रूरत पड़ती है।

गौरतलब है कि दुनिया और उसमें होने वाली घटनाओं को लेकर उत्सुकता सदा से वैज्ञानिकों के अध्ययन और विज्ञान के विकास के लिए एक बड़ा प्रेरक स्रोत रही है। परंतु विकसित हो रहे ज्ञान तक पहुँच सिर्फ बिरले और चुनिंदा लोगों की ही हो पाती है जो पहले से विशेष प्रकार का अध्ययन और औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके रहते हैं। यह बात एक हद तक तो समझ में आती है पर इस तरह विकसित होता ज्ञान-सृजन व्यापक लोक-जीवन से प्रायः अछूता ही बना रहता है। ज्ञान और समाज के बीच में एक बड़ी खाई या दूरी बनी रहती है जिससे ज्ञान पर कुछ लोगों या समूहों का एकाधिकार और वर्चस्व समाज में शोषण और असंतुलन पैदा करता है। मानवता का इतिहास इसका गवाह है कि ज्ञान में जिसे बढ़त रही वही विजयी रहा। आज भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उन्नत रूप को लेकर विकसित राष्ट्रों के द्वारा इसी युक्ति से दबदबा बनाया जा रहा है। सत्य यही है कि समाज का बहुलांश या कहें एक बहुत बड़ा तबका ज्ञान-विज्ञान से अनभिज्ञ और ज्ञान-प्रक्रिया से बहिष्कृत-सा ही बना रहता है। इस तरह के अपरिचय के कारण उनको उस ज्ञान से लाभ मिलना एक बड़ी चुनौती हो जाती है। शिक्षा के सामाजिक वितरण में असमानता का मुद्दा जन-कल्याण के व्यापक लक्ष्य को पाने में बड़ी बाधा बन जाता है और अनेक स्तरों पर बना हुआ है। लोकतंत्र की दृष्टि से इस तरह का भेदभाव समाज को ज्ञानसम्पन्न होने के मार्ग में एक बड़ा रोड़ा बन जाता है। ज्ञान के अभाव का परिणाम यह होता है कि न केवल सामाजिक-आर्थिक विषमताएं पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती चली आती हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतिरोध भी होता है और समाज शैक्षिकऽआर्थिक तौर पर पिछड़ जाता है। आज के तथाकथित ज्ञान युग में भी देश के अनेक समुदाय ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देश भी ज्ञान सृजन और ज्ञान के अनुप्रयोग की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। इस विसंगति के समाधान के लिए ज्ञान पर एकाधिकार से आगे बढ़ कर उसका व्यापक पैमाने पर प्रसार जरूरी है। इधर कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय जगत में ज्ञान के प्रजातंत्री-करण को लेकर गंभीरता के कुछ संकेत दिखाई पड़ रहे हैं। इस सिलसिले में शुरू हुई जन-विज्ञान (सिटीज़न साइंस) नाम की पहल उल्लेखनीय है। यह पहल ग़ैर व्यवसायी वैज्ञानिकों या नागरिक जनों द्वारा वैज्ञानिक शोध में सक्रिय भागीदारी की परिघटना को व्यक्त करती है। इसे सक्रिय प्रतिभागी अनुसंधान (ऐक्शन रिसर्च) का ही एक रूप कहा जा सकता है। इसमें विभिन्न मात्रा में शोध कार्य करने के दौरान उसके विभिन्न चरणों में जन-भागीदारी को अवसर दिया जाता है।

# कोयले के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की जरूरत

**राष्ट्रीय थर्मल इंजीनियर दिवस (24 जुलाई) पर विशेष**

**ऊष्मीय शक्ति संयंत्र या ताप विद्युत केन्द्र के नाम से भी जाने जाने वाले थर्मल पावर स्टेशन ऐसे विद्युत उत्पादन संयंत्र होते हैं, जिनमें प्रमुख टरबाइनें भाप से चलाई जाती हैं और यह भाप कोयला, गैस इत्यादि को जलाकर पानी को गर्म करके प्राप्त की जाती है। पानी गर्म करने के लिए ईंधन का प्रयोग किया जाता है, जिससे उच्च दाब पर भाप बनती है और बिजली पैदा करने के लिए इसी भाप से टरबाइनें चलाई जाती हैं। थर्मल पावर स्टेशनों में ऊष्मीय ऊर्जा को बिजली में परिवर्तित किया जाता है और इसके लिए भाप से चलने वाली टरबाइनों का इस्तेमाल किया जाता है। भाप बनाने के लिए पानी को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है, जिसके लिए कोयला, सोलर हीट, न्यूक्लियर हीट, कचरा तथा बायो ईंधन उपयोग किया जाता है।**



थर्मल इंजीनियरिंग के महत्व और योगदान को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष 24 जुलाई को 'राष्ट्रीय थर्मल इंजीनियर दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य थर्मल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना और इसके महत्व को सार्वजनिक स्तर पर उजागर करना है। दरअसल, थर्मल इंजीनियरिंग ऊर्ज़ा उत्पादन, ऊर्ज़ा प्रबंधन इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी होती है। थर्मल इंजीनियरिंग उन अवस्थाओं के अध्ययन और उपयोग को समझने में सहायक होती है, जहां ऊष्मा, ऊर्ज़ा और उसकी व्यवस्था का विशेष महत्व होता है।

थर्मल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग का ही एक विशेष उप-विषय है, जो ऊष्मा ऊर्ज़ा की गति और स्थानांतरण से संबंधित है। ऊर्ज़ा को दो माध्यमों के बीच स्थानांतरित किया जा सकता है अथवा ऊर्ज़ा के अन्य रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है। एक थर्मल इंजीनियर का कार्य यांत्रिक प्रणालियों का रखरखाव, निर्माण या मरम्मत करना है, जिसमें ऊर्ज़ा के अन्य रूपों में ऊष्मा हस्तांतरण प्रक्रिया शामिल होती है। थर्मल इंजीनियर विश्लेषण करता है कि यांत्रिक ऊष्मा स्रोत विभिन्न भौतिक और औद्योगिक प्रणालियों के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं। घरों तथा गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाले एयरकंडीशनर तथा रेफ्रिजरेटरों में थर्मल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल होता है। थर्मल इंजीनियरिंग के जरिये इंजीनियर ऊष्मा को अलग-अलग माध्यमों में उपयोग करने के अलावा ऊष्मीय ऊर्ज़ा को दूसरी ऊर्ज़ा में भी परिवर्तित कर सकते हैं। थर्मल इंजीनियरिंग वास्तव में बंद या खुले वातावरण में वस्तुओं को गर्म या ठंडा रखने की प्रक्रिया है और थर्मल इंजीनियर ऊष्मीय ऊर्ज़ा को केमिकल, मैकेनिकल या विद्युतीय ऊर्ज़ा में परिवर्तित करने के लिए विभिन्न प्रकार की मशीनें तैयार करते हैं, जिनके जरिये वे ऊष्मा को नियंत्रित करते हैं। हमारे घरों या दफ्तरों में इस्तेमाल होने वाली बिजली इसी ऊष्मीय ऊर्ज़ा से बनती है और यह बिजली बनाने का काम करते हैं थर्मल पावर स्टेशन।

ऊष्मीय शक्ति संयंत्र या ताप विद्युत केन्द्र के नाम से भी जाने जाने वाले थर्मल पावर स्टेशन ऐसे विद्युत उत्पादन संयंत्र होते हैं, जिनमें प्रमुख टरबाइनें भाप से चलाई जाती हैं और यह भाप कोयला, गैस इत्यादि को जलाकर पानी को गर्म करके प्राप्त की जाती है। पानी गर्म करने के लिए ईंधन का प्रयोग किया जाता है, जिससे उच्च दाब पर भाप बनती है और बिजली पैदा करने के लिए इसी भाप से टरबाइनें चलाई जाती हैं। थर्मल पावर स्टेशनों में ऊष्मीय ऊर्ज़ा को बिजली में परिवर्तित किया जाता है और इसके लिए भाप से चलने वाली टरबाइनों का इस्तेमाल किया जाता है। भाप बनाने के लिए पानी को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है, जिसके लिए कोयला, सोलर हीट, न्यूक्लियर हीट, कचरा तथा बायो ईंधन उपयोग किया जाता है।

दुनिया के कई देशों में अभी भी बिजली पैदा करने के लिए भाप से चलने वाली टरबाइनों का उपयोग किया जाता है किन्तु पर्यावरणीय खतरों को देखते हुए अब धीरे-धीरे बिजली पैदा करने के लिए सौर ऊर्ज़ा तथा पवन ऊर्ज़ा जैसे अक्षय ऊर्ज़ा के अन्य स्रोतों को ही महत्व दिया जाने लगा है। भारत में इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हजारों मेगावाट क्षमता की कुछ अत्याधुनिक मेगा सौर ऊर्ज़ा परियोजनाएं शुरू भी की गई हैं। हजारों मेगावाट के कुछ सोलर प्लांट पहले से ही ऊर्ज़ा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे भी रहे हैं। दरअसल थर्मल पावर स्टेशनों में भाप पैदा करने के लिए कोयला जलाने से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचती है क्योंकि इस प्रक्रिया में निकलने वाली हानिकारक गैसें हवा में मिलकर पर्यावरण को बुरी तरह प्रदूषित करती हैं, साथ ही कोयला या अपशिष्ट जलाने के बाद बचने वाले अवशेषों के निबटारे की भी बड़ी चुनौती मौजूद रहती है। हालांकि भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए कोयले के अलावा ऊर्ज़ा के अन्य स्रोतों का भी इस्तेमाल किया जाता है किन्तु अधिकांश बिजली कोयले के इस्तेमाल से ही पैदा होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कोयले को जलाया जाना और इससे होने वाली गर्मी, पारे के प्रदूषण का मुख्य कारण है। विश्वभर में करीब चालीस फीसदी बिजली कोयले से प्राप्त होती है जबकि भारत में करीब साठ फीसदी बिजली कोयले से, सोलह फीसदी अक्षय ऊर्ज़ा के विभिन्न स्रोतों जैसे सौर ऊर्ज़ा, पवन ऊर्ज़ा तथा बायो गैस से, चौदह फीसदी पानी से, आठ फीसदी गैस से, 1.8 फीसदी न्यूक्लियर ऊर्ज़ा से तथा 0.3 फीसदी डीजल से पैदा होती है। वैसे बिजली पैदा करने के लिए भले ही ऊर्ज़ा के किसी भी स्रोत का इस्तेमाल किया जाए, प्रत्येक थर्मल पावर प्लांट में इसके लिए बॉयलर का इस्तेमाल होता है, जिसमें ईंधन को जलाकर ऊष्मीय ऊर्ज़ा पैदा की जाती है, जिससे पानी को गर्म कर भाप बनाई जाती है, जो टरबाइनों को चलाने में इस्तेमाल होती है। वायु प्रदूषण आज दुनियाभर में एक बड़े स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर रहा है और इस समस्या के लिए थर्मल पावर प्लांटों से निकलने वाला उत्सर्जन भी एक बड़ा कारण है। इस समस्या से निपटने के लिए एक दशक से भी अधिक समय से उत्सर्जन मानकों को पूरा करने और नए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को रोककर अक्षय ऊर्ज़ा की तरफ कदम बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी इन उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करता रहा है किन्तु थर्मल पावर प्लांट के लिए उत्सर्जन मानकों को लागू करने का मामला वर्षों से अधर में लटका है। पर्यावरण पर कार्यरत कुछ संस्थाओं द्वारा निरंतर मांग की जा रही है कि पर्यावरण मंत्रालय उत्सर्जन मानकों का पालन कराते हुए थर्मल पावर प्लांटों को प्रदूषण के लिए उत्तरदायी बनाए और अक्षय ऊर्ज़ा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नए थर्मल पावर प्लांटों का निर्माण रोका जाए। माना जा रहा है कि उत्सर्जन मानकों का पालन करने में देरी के चलते सालभर में 70 हजार से ज्यादा मौतें समय पूर्व हो रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था ग्रीनपीस के अनुसार यदि उत्सर्जन मानकों को समय से लागू किया जाता तो सल्फर डाईऑक्साइड में 48 फीसदी, नाइट्रोडन डाई ऑक्साइड में 48 फीसदी और पीएम उत्सर्जन में 40 फीसदी तक की कमी की जा सकती थी, जिससे समय पूर्व हो रही इन मौतों से बचा जा सकता था। थर्मल पावर प्लांटों में बिजली बनाए जाने के लिए कोयला जलाने के दौरान उससे बनी राख का 10 फीसदी से भी अधिक हिस्सा चिमनियों के जरिये धुएं के साथ ही वातावरण में घुल जाता है, जो गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का कारण बनता है। बहरहाल, आज जिस प्रकार दुनियाभर में पर्यावरणीय खतरों के मद्देनजर थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगाते हुए सौर ऊर्ज़ा तथा पवन ऊर्ज़ा जैसे अक्षय ऊर्ज़ा के महत्वपूर्ण स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे में भारत को भी कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहन देना चाहिए। समय के साथ अब जरूरत इसी बात की है कि हम अक्षय ऊर्ज़ा की ओर तेजी से कदम बढ़ाएं और बिजली बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से ऊर्ज़ा के इन्हीं सुरक्षित स्रोतों के इस्तेमाल को बढ़ावा दें।

योगेश कुमार गोयल

# दिल्ली सरकार को ठोस काम दिखाने की जरूरत

**मनोज कुमार मिश्र**

दिल्ली की रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार को चुनावी मोड से निकल कर ठोस काम कर दिखाने का समय आ गया है। लंबे इंतजार यानी 27 साल के बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हुई। चुनावी जश्न और पहले की सरकारों पर दोषारोपण के बजाए आम लोगों को इस सरकार से ज्यादा उम्मीदें है। बिजली, पानी, अनधिकृत कालोनी, यमुना का सफाई, प्रदूषण, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा, साफ-सफाई, अस्पताल, सड़कें और आम लोगों के जीवन स्तर को सुधारने इत्यादि के ठोस प्रयास का सभी को इस सरकार से उम्मीदें हैं। केवल मोहल्ला क्लीनिक और मोहल्ला में चल रही बसों का नाम बदलने की इस सरकार से उम्मीद नहीं है। नगर निगम से केन्द्र की सरकार तक यानी ट्रिपल इंजन की सरकार अगर सोच-समझ तक फैसला नहीं ले पा रही है। उसे शुरूआत में ही अपने फैसले बदलने पड़ रहे हैं तो सरकार के कामकाज पर न केवल विपक्ष हमलावर होगा बल्कि कमजोर होते विपक्षी दलों को मजबूत होने का अवसर मिल जाएगा।

दस साल से दिल्ली पर राज कर रही आम आदमी पार्टी (आआपा) को भ्रष्टाचार के आरोप में कटघरे में खड़ा करके ही भाजपा केवल दो फीसदी वोट के अंतर से दिल्ली की सत्ता में आ पाई थी। आआपा और उसके नेता अरविंद केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत (यूएसपी) ईमानदारी थी। शराब घोटाले में उनके और उनके कई बड़े नेताओं के जेल जाने और अपनी सरकारी कोठी को सजाने में 55 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप लगने के बाद तो उन पर और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों की झड़ी लग गई और आखिरकार उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा। दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्री आदि आमतौर से नई दिल्ली यानी लुटियन दिल्ली और दिल्ली के दूसरे महंगे इलाके सिविल लाइन्स में रहते आए हैं। अब तक किसी मुख्यमंत्री या मंत्री ने एक साथ रहने के लिए दो कोठियां आवंटित नहीं करवाई। मुख्यमंत्री बनने के चार महीने बाद रेखा गुप्ता ने सिविल लाइंस में राज निवास के पास दो कोठियां आवंटित करवाई। एक आवास के लिए और दूसरा आवासीय दफ्तर के लिए। इतना ही नहीं उसकी सजावट के लिए 60 लाख रुपए का टेंडर पास हुआ जो हाथ के हाथ सार्वजनिक हो गया। उसका ब्यौरा सार्वजनिक होते ही हंगामा खड़ा हो गया। 14 सीसीटीवी कैमरे, 14 एसी, पांच बड़े टीवी, झूमर, दो यूपीएस और न जाने क्या-क्या। एक तो यह समझ से परे है कि कुछ ही दूरी पर दिल्ली सचिवालय और दिल्ली विधानसभा होने के बावजूद उन्हें पहले के मुख्यमंत्रियों से अलग दो कोठी क्यों चाहिए। दोनों जगह मुख्यमंत्री का भव्य दफ्तर है। अगर आवास की साज-सज्जा होनी थी तो उसे बनने से पहले सार्वजनिक क्यों किया गया। खुद अपने मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर 55 करोड़ रुपए खर्च करवाने वाले आआपा की सरकार के नेता 60 लाख के खर्च पर सवाल उठा कर आआपा के मुख्यमंत्री के शीशमहल के जवाब में भाजपा के मुख्यमंत्री का माया महल मुद्दा बनाने की कोशिश की। कुछ ही दिन में काम शुरू होने से पहले ही उस टेंडर को रद्द करना पड़ा। शीशमहल और माया महल के चक्कर में दिल्ली सचिवालय में पिछली सरकार ने मुख्यमंत्री के दफ्तर पर फूहड़ तरीके से करोड़ों खर्च किए, वह मुद्दा चर्चा में ही नहीं आ पाया। 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी शीला दीक्षित ने पूरे दिल्ली सचिवालय और खास करके तीसरी मंजिल के दफ्तर को सुरुचिपूर्ण तरीके से आकर्षक बनवाया था।

इससे भी अजूबा अदालती आदेश से दिल्ली की सड़कों से दस साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को सड़क से हटाने का अभियान के साथ हुआ। यह अदालती फैसला काफी पुराना है। आआपा की केजरीवाल सरकार ने इस पर अमल करने के लिए समय-सीमा पूरा करने वाले वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए उन्हें ईंधन न देने की कवायत शुरु की। पायलट प्रोजेक्ट के तहत चार सौ पेट्रोल पंपों पर कैमरे लगवाए जिनपर एआई के माध्यम से सीधे परिवहन विभाग निगरानी रखने वाला था। यह अजीब संयोग है कि जो काम आआपा सरकार नहीं करवा पाई वह भाजपा करवाने लगी। भाजपा सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ऐसे उत्साह से लगे कि लगा कोई जंग जीतने वाले हैं। इस पर अमल होते ही विरोध शुरू हो गया। लागू करवाने की कवायत करवाने वाली आआपा ने ही सबसे ज्यादा इसके खिलाफ अभियान चलाया। भाजपा के नेता यह कह भी नहीं पाए कि यह तो आआपा सरकार ने शुरू किया था।

## सेहत मंत्र

# हाई बीपी को कंट्रोल करने के लिए करें ब्रिस्क वॉक

आज के समय में ब्लड प्रेशर की समस्या बेहद आम होती जा रही है। जब किसी व्यक्ति को हाई बीपी की समस्या होती है तो ऐसे में अधिकतर लोग सिर्फ और सिर्फ दवाइयों पर ही निर्भर हो जाते हैं। यकीनन दवाइयों की मदद से आप अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स को आसानी से हैंडल कर सकते हैं। लेकिन अगर एक्टिव लाइफस्टाइल को अपनाया जाए तो इससे कई हेल्थ समस्याएं खुद ब खुद ही हल हो जाती है। बीपी की प्रॉब्लम को भी एक्टिव लाइफस्टाइल के जरिए हराया जा सकता है। ऐसी कई एक्सरसाइज हैं जो हाई बीपी को कंट्रोल करने मदद करती हैं। ब्रिस्क वॉकः हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि वॉक करना एक बेहद अच्छी एक्सरसाइज होती है। हाई बीपी को कंट्रोल करने में भी ब्रिस्क वॉक करना बेहद लाभदायक होता है। एक स्टडी के अनुसार, दिन में दस मिनट तेजी से चलने पर ब्लड प्रेशर को आसानी से रेग्युलेट किया जा सकता है। अगर नियमित रूप से वॉक किया जाए तो इससे धीरे?धीरे स्टेमिना बढ़ता है और वजन कम होता है। वजन के नियंत्रित होने से भी बीपी से जुड़े खतरे कम होते हैं। साइकिलिंगः अगर ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए एक्सरसाइज की बात हो तो आपको साइकिलिंग को भी अपने एक्सरसाइज रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। साइकिलिंग करने से ना सिर्फ आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट अप होता है और शरीर में रक्तचाप भी नियंत्रित होता है। वेट ट्रेनिंगः हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि वेट ट्रेनिंग या वेट लिफ्टिंग वास्तव में ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायक है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से अस्थायी रूप से रक्तचाप का स्तर बढ़ता है, लेकिन यह आपकी ऑवरऑल फिटनेस को बेहतर बनाने में मददगार है। जिससे आपके रक्तचाप में भी सुधार होता है। स्विमिंगः एक स्टडी के अनुसार, रक्तचाप को नियंत्रित करने में व्यायाम बेहद मददगार साबित हो सकता है। अगर आप हर दिन महज 40 मिनट स्विमिंग करते हैं तो इससे आपका रक्तचाप नियंत्रित होता है। वैसे स्विमिंग सिर्फ आपके ब्लड प्रेशर को ही रेग्युलेट नहीं करता, बल्कि इससे आपका वजन कम होता है, साथ ही यह आपके स्टेमिना और मेटॉबालिज्म को भी बेहतर बनाता है। यह एक फुल बॉडी एक्सरसाइज है जो आपके शरीर के साथ-साथ मन को भी हेल्दी बनाने में मददगार है।

## धर्म मंत्र

# सावन मास में भोलेनाथ की आराधना से प्राप्त होती है सुख-शांति और समृद्धि

हजारों सालों से विज्ञान 'शिव' के अस्तित्व को समझने का प्रयास कर रहा है। जब भौतिकता का मोह खत्म हो जाए और ऐसी स्थिति आए कि ज्ञानेंद्रियां भी बेकाम हो जाएं, उस स्थिति में शून्य आकार लेता है, और जब शून्य भी अस्तित्वहीन हो जाए तो वहां शिव का प्राकट्य होता है। शिव यानी शून्य से परे। जब कोई व्यक्ति भौतिक जीवन को त्याग कर सच्चे मन से मनन करे तो शिव की प्राप्ति होती है। उन्हीं एकाकार और अलौकिक शिव देवों के देव महादेव का प्रिय महीना सावन का है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है। सावन में भगवान शिव की अराधना की जाती है। सावन के सभी सोमवार का अपना महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पांचवा महीना सावन कहलाता है। इस दौरान कुल 4 सोमवार पड़ेंगे। मान्यता है कि सावन मास में भोलेनाथ की आराधना करने से सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। कुंवारी कन्याएं इस दौरान सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए सावन में पूजा-अर्चना करती हैं। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि सावन का महीना और चारों और हरियाली। भारतीय वातावरण में इससे अच्छा कोई और मौसम नहीं बताया गया है। जुलाई में आने वाले इस मौसम में, ना बहुत अधिक गर्मी होती है और ना ही बहुत ज्यादा सर्दी। वातावरण को अगर एक बार को भूला भी दिया जाए, किन्तु अपने आध्यात्मिक पहलू के कारण सावन के महीने का हिन्दू धर्म में विशेष महत्त्व बताया गया है।

## पर्यटन



# अगर घूमने के हैं शौकीन तो चुनें सस्ता और खूबसूरत देश मिस्र

जैसा कि आप सबको पता है कि पर्यटन की स्थिति संपूर्ण विश्व में कोविद-19 के चलते बुरी तरह से प्रभावित हुई है, लेकिन कई ऐसे देश हैं जिन्होंने अभी हाल में ही ये घोषणा की है कि वे आने वाले दिनों में- संभवतः जून महीने के अंत या फिर जुलाई की शुरुआत में अपने अंतर्राष्ट्रीय बार्डर खोल सकते हैं और कुछ सीमित देशों के पर्यटक को अपने देश में घूमने की इजाज़त दे सकते हैं। लेकिन भारत सरकार ने फिलहाल अपनी सभी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें 30 जून तक रद्द की हैं। हालांकि घरेलू उड़ानें जो कि 22 मार्च से प्रतिबंधित थीं, पुनः 25 मई से शुरू की जा चुकी है। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने अभी हाल में ये बयान दिया है कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय उड़ान को अगस्त से पहले पुनः आरम्भ करने के बारे में सोच रही है। दुनिया के कई ऐसे देश हैं जो अपनी अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को या तो खोल चुके हैं या बहुत जल्द खोलने की आधिकारिक घोषणा कर चुके हैं। मगर कुछ नयी गाइडलाइन्स के तहत। आइए, हम इन देशों में शुमार एक ऐसे देश का ज़िक्र करते हैं जिसने आधिकारिक रूप से यह घोषणा की है कि वो अपनी सीमाएं पर्यटकों के लिए जुलाई 1 से पुनः खोल देंगे और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को देश में लैंड करने की इजाज़त दे देंगे। और वो देश है मिस्र यानी क्द्दभध्। वहां की कैबिनेट ने कहा है कि कोविद-19 की वजह से जो प्रतिबन्ध लगाए गए थे, उनमें कुछ ढील दी जाएगी- मसलन रात्रि कर्फ्यू में कुछ छूट, दुकानों के खुलने के समय में कुछ इज़ाफा इत्यादि। मिस्र के सूचना राज्य मंत्री ओसामा हैकल ने एक टेलीविज़न ब्रीफिंग में बताया कि रिसोर्ट बीचेस को भी खोल दिया जायेगा किंतु पब्लिक बीचेज़ अभी विचाराधीन हैं। मिस्र उत्तरी अफ्रीका में स्थित एक ऐसा देश हैं जो मुख्यतः दो हिस्सों में विभाजित है- उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण-पश्चिम एशिया। इसके पूर्व में लाल सागर, पश्चिम में लीबिया, उत्तर में भूमध्य सागर, पूर्वोत्तर में गाज़ा पट्टी और इस्राइल तथा दक्षिण में सूडान स्थित है।

# गैंगलीडर सहित तीन दोषियों को तीन वर्ष की कैद

एजेंसी

हमीरपुर । गैंगलीडर सहित तीन दोषियों को 14 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अनिल कुमार खरवार की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने गैंगलीडर बल्लू उर्फ रामविशाल सैनी व उसके साथी जुगुल किशोर एवं शहजाद अली को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। वहीं, एक आरोपी की पत्रावली पृथक कर दी गई है।

विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि तत्कालीन मुस्करा थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने अदालत को बताया था, कि 28 फरवरी 2011 को वह अपने हमराहियों के साथ सरकारी वाहन से शाम करीब साढ़े सात बजे क्षेत्र में गस्त कर रहा था। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वह गहरौली पहाड़ी-भिटारी गांव में मौजूद था। इस दौरान लोगों से मालूम हुआ कि जनपद महोबा के श्रीनगर थानाक्षेत्र के तिंदौली गांव निवासी मूर्ति चोर दोषी बल्लू उर्फ रामविशाल सैनी का एक संगठित गिरोह है। जो स्वयं व अपने गैंग के सदस्यों राठ थानाक्षेत्र के कुर्रा निवासी जुगुल किशोर उर्फ दद्दा राजपूत, सिसोलर थानाक्षेत्र के बक्छा गांव निवासी रामदास प्रजापति व महोबा जनपद के पनवाड़ी थानाक्षेत्र के काजीपुरा तालाब निवासी शहजाद अली के साथ मिलकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ के लिए आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। इन्होंने गहरौली गांव स्थिति प्राचीन मंदिर से अष्टधातु की श्रीराम जानकी व लक्ष्मण की मूर्ति चोरी कर ले गए थे। जिनकी कीमत करीब एक करोड़ होगी। जिनको पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिला मजिस्ट्रेट ने उक्त लोगों के खिलाफ गैंगचार्ट का अनुमोदन किया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तीन दोषियों को सजा सुनाई है। वहीं, आरोपी रामदास प्रजापति की पत्रावली अलग कर दी गई है।

# एक पेड़ मां के नाम प्रेरणादायक राष्ट्रीय अभियान : अरूण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और समाज में पौधरोपण के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम पंचायत रसौली मे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश के पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एव जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. अरुण कुमार सक्सेना ने पीपल का वृक्ष रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का महत्त्वपूर्ण संदेश दिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वतंत्र प्रभार मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि मां के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण की भावना को जोड़ने वाला यह राष्ट्रीय अभियान अत्यंत प्रेरणादायक है। प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के लिए भी आवश्यक है. यह एक ऐसा कार्य है जो न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी फायदेमंद है। पर्यावरण वन, जन्तु उद्यान एव जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री ने हर खेत हर मेड पर वृक्षारोपण करने का आह्वान किया तथा 22 जुलाई को जन्म लेने वाले 5 नवजात शिशुओं के अभिभावकों को सागौन एव टी आर सी ला कालेज एव रायल ब्लू पब्लिक स्कूल के बच्चो को सहजन के पेड़ वितरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण कार्य है जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिए कई लाभ प्रदान करता है. इसलिए, हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने नीम का पेड़ रोपित किया। कार्यक्रम मे हैदरगढ़ विधायक दिनेश कुमार रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य, प्रधान मुख्य वन रक्षक एव विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी, अपर प्रधान मुख्य वन रक्षक दीपक कुमार, रामकुमार, डा0 रेणु सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, गंगा समिति के जिला सदस्य प्रदीप सराग, टी आर सी ला कालेज के प्रबंधक रंजना मिश्रा ने वृक्षारोपण कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस मौक़े पर प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप वधावन, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य मुसरफ अली, ग्राम प्रधान जिया उल हक अंसारी, सोमनाथ राजपूत, पंचायत सचिव राम प्रकाश वर्मा वन दरोगा दीपक कुमार गौर, सतीश कुमार मिश्रा सहित टी आर सी ला कालेज, एव रायल ब्लू पब्लिक स्कूल के छात्र स्वय सहायता समूह की महिला सदस्य मौजूद रही।

# सरकारी बंदोबस्त ना काफी, औद्योगिक क्षेत्र में फिर लगी आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को एक बार फिर एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते कुछ ही देर में पूरी फैक्ट्री को अपने अगोश में ले लिया। फायर ब्रिगेड की करीब एक दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन विकराल रूप ले चुकी आग पर पांच घंटे तक काबू नहीं पाया जा सका।

कुर्सी थाना अंतर्गत उमरा औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। प्लास्टिक फैक्ट्री लखनऊ निवासी सिद्धार्थ जैन की बताई गई है। फैक्ट्री में प्लास्टिक व केमिकल भारी मात्रा में होने की बात कही जा रही है। अत्यंत जलन सेट सामग्री होने से आग ने कुछ ही समय मे भीषण रूप ले लिया। चारों ओर काला धुआं फैल गया। लोगों की सांस थमने और आंखों पर दुष्प्रभाव होने लगा।लाखों में नुकसान का अनुमान है।आग लगने का कारण तो स्पष्ट नहीं हो सका। स्मरणीय है कि इस औद्योगिक अंचल में आग की यह पहली घटना नहीं। इससे पूर्व भी कई फैक्ट्री आग के आगोश में समा चुकी हैं। आज भी दूर-दूर तक काला धुआं जब फैला तो अंधेरा सा छा गया। स्थानीय लेखपाल और कुर्सी पुलिस पहुंची मौके पर पहुंचे।

### दावा हवा हवाई , नहीं बना फायर स्टेशन

जनपद का विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्र होने के नाते दो वर्ष पूर्व 26 जून 2023 को फायर स्टेशन हेतु भूमि पूजन किया गया था। महत्वाकांक्षी उपदेश था कि औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन की स्थापना से पास पड़ोस गव स्टेशन बनने से औद्योगिक क्षेत्र सहित आसपास के गांवों की भी सुरक्षा मिल सकेगी। दो वर्ष से अधिक का समय गुजरने के बाद भी योजना को मूर्त रूप नहीं मिला। बिगत दो वर्षों में इसी औद्योगिक क्षेत्र मे कई घटनाएं घटित हो चुकी है। और करोड़ों का नुकसान हो चुका है। आज भी सुदूर अंचल तहसील फतेहपुर ,लखनऊ व सिरौलीगौसपुर तथा बाराबंकी मुख्यालय से दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी पहुंची। यहां तक आने में उन्हें काफी समय लगा और तब तक आग भीषण रूप ले चुकी थी।

## जेल में निर्माण कार्य का शुभारंभ

फिरोजाबाद । जिला कारागार में खाली पड़े भाग पर एक बड़ा टीन सेड बनवाए जाने के प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिलने के बाद बुधवार को भाजपा विधायक मनीष असीजा ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। भाजपा सदर विधायक मनीष असीजा ने बताया कि जिला कारागार में एक बड़ा भाग खुला हुआ है। इससे बंदियों, बंदी रक्षकों जेल के अन्य स्टाफ को अक्सर तेज गर्मी, बारिश सर्दी में बहुत परेशानी हुआ करती थी। इस संदर्भ में तत्कालीन जेल अधीक्षक ने उस खाली भाग पर एक बड़ा टीन सेड बनवाए जाने का प्रस्ताव शासन में भेजा था। इस प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृत किया। जिला जेल में आज इस कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा, सत्यवीर गुप्ता, भगवान दास शंखवार, किशोर अग्रवाल बंटी, विवेक अग्रवाल, श्याम सिंह यादव, शालू गुप्ता, बीरेश पंडित, हरिओम वर्मा, मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, प्राचीन सेठ, देश दीपक राजा, राजकुमार छिब्बर, प्रमोद बघेल, रविंद्र शर्मा, डॉक्टर अनुपम शर्मा, रामनरेश कटरा, हरी निवास, गुड्डा पहलवान, प्रमोद राजोरिया, विनोद पचौरी, जेल अधीक्षक अमित चौधरी, जेलर व जेल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## मनु सतरूपा की कथा सुन भावुक हुए श्रोता

### साध्वी चैतन्य का योग आश्रम में सत्संग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के आवास विकास एरिया में स्थित शिवा योग पीठ पर एक माह की श्रीराम कथा में कथावाचक साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने मनु सतरूपा की कथा सुनाते हुए कहा कि मनु सत रूपा ने अपने राज्य को अपने पुत्रों को सौंप कर नैमिषारण्य तीर्थ में बहुत काल तक तप किया। तप से प्रसन्न होकर भगवान ने उनको दर्शन दिया। तब मनु महराज ने भगवान से कहा कि मेरी ऐसी आकांझा है कि अगले जन्म में आप ही मुझे पुत्र रूप में प्राप्त हों। प्रसिद्ध कथावाचक साध्वी श्रद्धा चैतन्य की संगीत मई कथा को सुनने के लिऐ नगर बाराबंकी ही नहीं,बल्कि जनपद के विभिन्न गांवों से भी कथा प्रेमी योगाश्रम कथा स्थल पहुंच रहे हैं। कथा का समय भी भक्तों को रास आ रहा है।कथा का समय अपराह्न चार बजे से छ बजे तक है। बताते चलें कि कथा पूरे श्रावण मास भर यानी 11अगस्त तक चलेगी। कथा वाचक साध्वी श्रद्धा चैतन्य के गुरु स्वामी चेतनानंद का भी मार्ग दर्शन कथा प्रेमियों का प्राप्त हो रहा है। कथा में अयोध्या के सन्त महंत मनोजदास जी, जिला संघ चालक डा आर एस गुप्ता मालिक मंगलम अस्पताल,जिला कार्यवाह सुधीर जी,अजय जी,भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संतोष सिंह जी,विपिन पाण्डेय,कौशल किशोर त्रिपाठी,रीता त्रिपाठी,सरस्वती इन्टर कालेज के पूर्व प्राचार्य राजकुमार तिवारी सहित भारी संख्या में स्त्री,पुरुष श्रोता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध दशा में गुम हुई मासूम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बदोसराय क्षेत्र के ग्राम थानाडीह निवासी मजदूर दम्पति इम्तियाज अली एवं रेशमा की सात माह की बच्ची बीती रात रहस्यमय तरीके से गुम हुई। जानकारी के मुताबिक इम्तियाज अपने दो बेटियों व पत्नी के साथ घर के पीछे सहन में जमीन पर सोया था। रेशमा के मुताबिक, रात करीब एक बजे जब उनकी नींद खुली तो सात माह की बच्ची गायब थी। रात में ही आसपास खोजबीन की लेकिन मासूम का कहीं पता नहीं चला।रेशमा ने टिकैत नगर स्थित मायके को सूचना दी। मायके पक्ष के लोग भी थानाडीह पहुंचे। रेशमा ने पुलिस को सूचना दी। तभी पुलिस सक्रिय हुई और गांव के आसपास खेत खलिहानों में बच्ची की तलाश दौरान बच्ची की लंगोटी गांव के बाहर एक तालाब के पास मिली। किन्तु मासूम का अब तक पता नहीं चला। 3 साल की एक और बेटी भी है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान तालाब के किनारे बच्ची की लंगोटी मिली है। जिससे आगे की जांच और तेज की जा रही है । परिजनों के साथ ही गांव के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## कर्ज में डूबे बीटेक छात्र बना साइबर अपराधी, सात गिरफ्तार

जौनपुर । जौनपुर पुलिस ने बुधवार को साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें 10 हजार रुपये का इनामी अपराधी भी शामिल है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रतापगढ़ निवासी जितेंद्र कुमार यादव, सराख्वाजा निवासीविद्यासागर प्रजापति, विवेक प्रजापति, अरविंद वर्मा, आलोक कुमार यादव, धनंजय यादव और राहुल यादव शामिल हैं। बीटेक पास इंजीनियर जितेन्द्र यादव इस गिरोह का सरगना है। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि कर्ज से परेशान होकर उसने साइबर अपराध करना शुरू कर दिया था।

वह फ़ेसबुक पर ट्रैक्टर और भैंस बेचने के फर्जी विज्ञापन देता था। गैंग के सदस्य पहले से सुनसान जगहों पर मौजूद रहते थे। शिकार को वहां बुलाकर पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाते थे। कुछ मामलों में मारपीट कर अतिरिक्त पैसों की मांग भी करते थे। पुलिस ने गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# इनर व्हील क्लब की सराहनीय पहल विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन






कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। इनर व्हील क्लब ऑफ बाराबंकी के तत्वावधान में आज बुधवार को नगर के पैसार अंचल में संचालित कंपोजिट विद्यालय में क्लब की अध्यक्षा श्रीमती रेनू जैन के संयोजन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दैनिक चर्या की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सर्वप्रथम नौनिहालों के दांतों की जांच एवं चेकअप डॉ.अर्पिता मोहन द्वारा की गई। किस प्रकार ब्रश मंजन आदि करना चाहिए विस्तार से बताया गया। जिससे दांत सुरक्षित एवं स्वस्थ रहे। क्लब द्वारा एक डेंटल किट भी बच्चों की दी गई। क्लब की वाइस प्रेसीडेंट सुधा अग्रवाल ने विद्यालय में बच्चों अध्यापकों के लिए एक वॉटर कूलर स्थापित कराया । पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मधु झुनझुनवाला ने बच्चों को स्नैक्स चॉकलेट आदि वितरित किए।इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सभी वर्गों की समाज में उनकी उपयोगिता है स्थान है। उनको थोड़ा सा ध्यान साफ सफाई, अच्छे पर्यावरण के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना को बताया। इस अवसर पर क्लब की सचिव श्रीमती कुसुम जैन ने भी बच्चों से महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। श्रीमती साधना, रजनी वर्मा, अनु सिंह, जयश्री गुटगुटिया, सुनीता जैन, रचना अग्रवाल, रणजीत कौर, रमा सिंह, सुनीता चावला, उषा चौधरी, रूपाली गुप्ता, निरुपमा निगम, विनीता जायसवाल आदि सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बीडीओ पूजा ने दिए जल संरक्षण के टिप्स

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर में 16 से 22 जुलाई तक आयोजित भूजल सप्ताह में खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने जल संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। और आमजन को जल बचाने के लिए प्रेरित किया। बताया कि अनावश्यक जल बर्बाद न करें।और जल बचाव हेतु शपथ भी दिलाई गई ।इस मौकै पर लघु सिंचाई अवरअभियंता सोमवीर सिंह यादव,समस्त एडीओ,व बीटी संदीप गौर ,हरे राम सिंह, रविकुमार आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर याद किए गए चंद्र शेखर आजाद

देवरिया कैनविज टाइम्स संवाददाता। देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, वीर क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दिया था चंद्रशेखर आजाद ने देश के लिए अपने जीवन को बलिदान कर दिया। 23 जुलाई 1906 को जन्मे आजाद के क्रांतिकारी विचारों ने उन्हें अमर बना दिया। उनके योगदान को युगों युगों तक याद रखा जाएगा। माँ भारती की सेवा में समर्पित आजाद के जीवन का क्षण–क्षण, करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद वीरता और साहस के पर्याय थे। चन्द्रशेखर आजाद ने अपनी अद्वितीय देशभक्ति से समस्त राष्ट्र को स्वतंत्रता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपने जीवन के सर्वोत्तम क्षणों को देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन भारतीय स्वाधीनता संग्राम की एक अनमोल धरोहर है।

**आवश्यक दिशा निर्देश**

# कस्तूरबा विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड अंतर्गत निंदूरा कस्बा स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय का बुधवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षण कक्षों एवं परिसर में सफाई का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वार्डे न को आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को मानक के अनुसार सभी सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जाए।बीडीओ निंदूरा को अधूरी बाउंड्री वाल बनवाने के निर्देश दिए। इससे पहले विद्यालय की स्काउट बालिकाओं ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय, वार्डे न साधना, फुलटाइम टीचर मीनाक्षी सिंह, सिल्की वर्मा, अतुल बंसल उपस्थित रहे।

# लोन अदा न करने पर किसान की बैंक में बंधक कृषि भूमि कुर्क

## प्रशासन की इस कार्यवाही से बकायादारों में मची खलबली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलहरा-बाराबंकी। फतेहपुर की आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से नौ साल पहले एक किसान ग्राम सरवा निवासी अनिल कुमार पुत्र शिव बरन द्वारा एक लाख 63 हजार का ऋण लोन समय पर अदा नहीं कर पाया। बैंक प्रशासन ने बंधक भूमि को आज कुर्क कर ली। खेत में लाल झंडी से बकायादारों में खलबली मच गई। प्रबन्धक देवेंद्र कुमार के अनुसार अनिल कुमार ने 2016 में एक लाख 63 हजार का ऋण लिया था। ब्याज के बाद करीब दो लाख 90 हजार हो गए। केसीसी एनपीए खाता धारक को कई बार ब्याज सहित ऋण चुकता हेतु नोटिस भेजी गई। लेकिन उसने लोन अदा नही किया। बैंक कर्मियों द्वारा अन्य प्रयासों से भी ऋण जमा करने का अनुरोध किया गया। प्रशासनिक कार्यवाही पूर्ण कर आज बंधक जमीन को कुर्क की गई। शाखा प्रबंधक फ़तेहपुर देवेन्द्र कुमार,अमीन राजवंद मिश्र,सतीश सिंह,अनुसेवक संतोष,परशुराम,गुरुदयाल आदि कर्मचारी कार्यवाही दौरान मौके पर मौजूद रहे।

# हरमनप्रीत कौर ने शब्द नहीं, शतक से दिया जवाब, की दमदार वापसी

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरेऔर निर्णायक वनडे में शानदार शतक जड़ते हुए न केवल अपनी फॉर्म में वापसी की, बल्कि भारत को श्रृंखला जीत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। इस मैच में उन्होंने 100 रन की साहसिक पारी खेली और 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज़' दोनों खिताब अपने नाम किए।

जब हरमनप्रीत 22 रन पर थीं, तब लॉरेन फिलर की एक गेंद पर इंग्लैंड ने एलबीडब्ल्यू की अपील पर रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया, जो बाद में उनकी बड़ी भूल साबित हुई। उस समय भारत मुश्किल स्थिति में था, लेकिन कप्तान ने मोर्चा संभालते हुए टीम को संकट से निकाला।

यह हरमनप्रीत का एक साल बाद आया वनडे शतक था। पिछली बार उन्होंने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में शतक जमाया था। इसके बाद से उन्होंने 13 पारियों में 29 की औसत से सिर्फ 319 रन बनाए थे। इस दौरान भारत की अन्य बल्लेबाजों जैसे स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल और जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे हरमनप्रीत की फॉर्म पर सवाल उठने लगे थे। तीसरे वनडे में जब हरमनप्रीत बल्लेबाजी के लिए उतरीं, तब भारत के दोनों ओपनर आउट हो चुके थे। इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन दबाव बना चुकी थी। 11 गेंदों तक बिना रन बनाए खेलने के बावजूद हरमनप्रीत ने संयम नहीं खोया और धीरे-धीरे लय में आती गईं। उन्होंने हरलीन देओल के साथ 81 रन की साझेदारी की, जिसने एक्लेस्टोन जैसे गेंदबाज की ओवरों को जल्दी खत्म करने पर इंग्लैंड को मजबूर कर दिया। एक समय 48 गेंदों पर 39 रन बनाकर खेल रहीं हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स के आने के बाद रफ्तार पकड़ी। रोड्रिग्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए चार ओवरों में ही मैच का रुख बदल दिया। इसके बाद हरमनप्रीत ने भी अपने स्वाभाविक अंदाज में आक्रामकता दिखाई और अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाते हुए सिर्फ 28 गेंदों में पारी के दूसरे 50 रन पूरे किए।

इस मैच में उन्होंने वनडे करियर का तीसरा शतक इंग्लैंड की धरती पर लगाया, जो उनके करियर का सबसे तेज़ शतक भी रहा। इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में 4000 रन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, ''यह मैच हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। मैंने खुद से कहा था कि मैदान पर टिकना है और टीम के लिए खेलना है। शुरुआत में रन नहीं मिल रहे थे लेकिन धैर्य रखा और सही समय आने का इंतजार किया। यह पारी मैं अपने पिता को समर्पित करती हूं जो इस तरह की पारी का काफी समय से इंतजार कर रहे थे। हरमनप्रीत की यह पारी न सिर्फ भारत की जीत की नींव बनी, बल्कि उन्होंने वर्ल्ड कप से पहले टीम को यह विश्वास भी दिलाया कि मध्यक्रम में उनकी भूमिका अब भी उतनी ही निर्णायक है। यह पारी उनके नेतृत्व की परिपक्वता और संकट में खड़े रहने की क्षमता की जीती-जागती मिसाल थी।

# 2027 रग्बी वर्ल्ड कप: एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ की मेजबानी करेगा युगांडा

एजेंसी

कम्पाला। युगांडा 2027 रग्बी वर्ल्ड कप के लिए एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ मैच की मेजबानी करेगा। यह निर्णायक मुकाबला 26 जुलाई को कम्पाला स्थित मंडेला नेशनल स्टेडियम में नामीबिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला जाएगा। अफ्रीकी क्वालिफायर में जिम्बाब्वे से हारने वाली नामीबिया की टीम के पास अब वर्ल्ड कप की दौड़ में बने रहने का यह अंतिम मौका होगा। अगर वे इस मैच में जीत हासिल करते हैं, तो उनकी उम्मीदें कायम रहेंगी। रग्बी अफ्रीका के अध्यक्ष हर्बर्ट मेंसाह ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''हमें खुशी है कि एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ युगांडा में आयोजित हो रहा है। यह युगांडा के लिए एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने का शानदार अवसर है। हम युगांडा सरकार और युगांडा रग्बी यूनियन के सहयोग के लिए आभारी हैं।''



यूएई की टीम मंगलवार को युगांडा पहुंच चुकी है। यदि यूएई यह मुकाबला जीतती है, तो वह नवंबर 2025 में होने वाले वर्ल्ड रग्बी रिपेशाज टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेगी, जो उन्हें 2027 वर्ल्ड कप (ऑस्ट्रेलिया) के लिए एक और मौका देगा। रिपेशाज एक चार-टीमों का राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट होगा, जिसमें एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ विजेता, यूरोप की पांचवीं रैंक टीम, दक्षिण अमेरिका की तीसरी रैंक टीम, और दक्षिण अमेरिका/प्रशांत प्ले-ऑफ की हारने वाली टीम शामिल होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एथलेटिक बिलबाओ ने ओसासुना के डिफेंडर जीसस अरेसो को दूसरी बार टीम में किया शामिल

मैड्रिड। एथलेटिक बिलबाओ ने एक बार फिर राइट बैक जीसस अरेसो को ओसासुना से साइन कर लिया है। यह अरेसो का क्लब में दूसरा कार्यकाल होगा। अरेसो को लगभग 1.2 करोड़ यूरो (करीब 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की रिलीज क्लॉज के तहत साइन किया गया है और उन्होंने 2031 तक छह साल का अनुबंध किया है। इस ट्रांसफर में एथलेटिक ने एटलेटिको मैड्रिड की रुचि को पीछे छोड़ा। 26 वर्षीय अरेसो इससे पहले 2017 में 4.5 लाख यूरो में ओसासुना से एथलेटिक पहुंचे थे और क्लब की बी टीम के लिए 55 मुकाबलों में खेले। हालांकि, उन्होंने नया अनुबंध ठुकराकर 2021 में ओसासुना वापसी की थी। एक गंभीर पैर की चोट से उबरने के बाद, उन्होंने पिछले दो सीज़नों में ला लीगा में ओसासुना के लिए 76 मैच खेले।

तेज और आक्रामक शैली में खेलने वाले अरेसो अब ओस्कार डी मार्कोस की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीज़न के अंत में क्लब के लिए रिकॉर्ड 572 मैच खेलने के बाद संन्यास ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, एथलेटिक बिलबाओ स्पेन के डिफेंडर आयमेरिक लापोर्ते को भी सऊदी क्लब अल-नासर से दोबारा साइन करने के करीब है। क्लब ने पिछले सीज़न ला लीगा में चौथा स्थान हासिल किया था और चैंपियंस लीग में वापसी की तैयारी कर रहा है।

### चाइना ओपन: सात्विक-चिराग की दमदार जीत, जापानी जोड़ी को हराकर अंतिम 16 में

चांगझोउ। भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की जोड़ी केन्या मित्सुहाशी और हीरोकी ओकामुरा को सीधे गेम में 21-13, 21-9 से पराजित कर अंतिम 16 में जगह बना ली है। करीब आधे घंटे तक चले इस मुकाबले में सात्विक और चिराग ने बेहतरीन तालमेल दिखाया और जापानी प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने 21-13 से जीत दर्ज की, वहीं दूसरे गेम में और आक्रामक खेल दिखाते हुए 21-9 से मैच को समाप्त किया। पूर्व विश्व नंबर 1 रह चुके सात्विक-चिराग की नजर अब इस सीजन की सेमीफाइनल बाधा को पार करने पर है। वे इस साल मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन और सिंगापुर ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं, लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना सके हैं। अब चाइना ओपन में उनकी कोशिश होगी कि इस सिलसिले को तोड़ते हुए खिताब की ओर कदम बढ़ाया जाए।

### एनसीएसएसआर की पहली बैठक में मजबूत नैतिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित एसएआई मुख्यालय में अपनी संस्थागत नैतिक समिति (आईईसी) की पहली बैठक आयोजित की। साई मीडिया की ओर से बुधवार को बताया गया कि वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक प्रोफ़ेसर और सामुदायिक चिकित्सा के पूर्व प्रमुख प्रोफ़ेसर जुगल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रमुख संस्थानों और सरकारी निकायों के प्रतिष्ठित समिति सदस्य शामिल हुए। चर्चाएं अनुसंधान अनुमोदनों के लिए नैतिक प्रोटोकॉल के मानकीकरण, प्रतिभागियों के कल्याण की सुरक्षा और एनसीएसएसआर की सभी अनुसंधान पहलों में वैज्ञानिक अखंडता सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहीं।

साई सचिव विष्णु कांत तिवारी ने कहा कि आईईसी की स्थापना खेल विज्ञान अनुसंधान में नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह समिति एनसीएसएसआर के तहत सभी वैज्ञानिक प्रयासों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सदस्य सचिव के रूप में कार्यरत एनसीएसएसआर के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) बिभु कल्याण नायक ने केंद्र द्वारा विभिन्न अंतः विषय अनुसंधान परियोजनाओं पर काम शुरू करने के दौरान मजबूत नैतिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमारा उद्देश्य केवल खेल विज्ञान को आगे बढ़ाना नहीं है, बल्कि इसे ज़िम्मेदारी और नैतिक रूप से आगे बढ़ाना है।'' उन्होंने आगे कहा, ''इस पहली बैठक में हुए विचार-विमर्श भविष्य के सभी कार्यों के लिए आधारशिला का काम करेंगे। सत्र के दौरान समिति ने शोध परियोजना प्रस्तुत करने, मूल्यांकन और निगरानी की प्रक्रियाओं की समीक्षा की। साथ ही एथलीटों और मानव विषयों से संबंधित अध्ययनों पर भी चर्चा की। प्रमुख चिंताओं में सूचित सहमति, डेटा सुरक्षा और एथलीटों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन पर शोध का दीर्घकालिक प्रभाव शामिल थे।

प्रोफ़ेसर जुगल किशोर ने कहा, ''मानव विषयों से जुड़े शोध में, खासकर खेल विज्ञान में जहां शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दोनों कारक भूमिका निभाते हैं, नैतिक जांच अनिवार्य है।'' उन्होंने आगे कहा, ''एक नैतिक समिति के रूप में हमारी भूमिका शोध में बाधा डालना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह शोध गरिमा, सावधानी और जवाबदेही के साथ किया जाए। बैठक का समापन इस साझा संकल्प के साथ हुआ कि अनुसंधान के हर चरण में योजना और अनुमोदन से लेकर कार्यान्वयन और प्रकाशन तक नैतिक चिंतन को एकीकृत किया जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंगलिस की तूफानी पारी से वेस्टइंडीज को दूसरे टी-20 में 8 विकेट से हराया

जमैका।ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंगलिस की धमाकेदार बल्लेबाज़ी की बदौलत बुधवार (भारतीय समयानुसार) को वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है।

इंगलिस ने मात्र 33 गेंदों में 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कैमरन ग्रीन ने 32 गेंदों में 56 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 15.2 ओवर में हासिल कर लिया और 28 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। इससे पहले, वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद अपने अंतिम मुकाबले में दर्शकों को झूमने का मौका दिया। उन्होंने महज 15 गेंदों में 36 रन ठोक डाले, जिसमें चार गगनचुंबी छक्के शामिल थे। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ एडम ज़म्पा ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 29 रन देकर तीन विकेट झटके।

# एनसीएसएसआर की पहली बैठक में मजबूत नैतिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित एसएआई मुख्यालय में अपनी संस्थागत नैतिक समिति (आईईसी) की पहली बैठक आयोजित की। साई मीडिया की ओर से बुधवार को बताया गया कि वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक प्रोफ़ेसर और सामुदायिक चिकित्सा के पूर्व प्रमुख प्रोफ़ेसर जुगल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रमुख संस्थानों और सरकारी निकायों के प्रतिष्ठित समिति सदस्य शामिल हुए। चर्चाएं अनुसंधान अनुमोदनों के लिए नैतिक प्रोटोकॉल के मानकीकरण, प्रतिभागियों के कल्याण की सुरक्षा और एनसीएसएसआर की सभी अनुसंधान पहलों में वैज्ञानिक अखंडता सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहीं।

साई सचिव विष्णु कांत तिवारी ने कहा कि आईईसी की स्थापना खेल विज्ञान अनुसंधान में नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह समिति एनसीएसएसआर के तहत सभी वैज्ञानिक प्रयासों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सदस्य सचिव के रूप में कार्यरत एनसीएसएसआर के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) बिभु कल्याण नायक ने केंद्र द्वारा विभिन्न अंतः विषय अनुसंधान परियोजनाओं पर काम शुरू करने के दौरान मजबूत नैतिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमारा उद्देश्य केवल खेल विज्ञान को आगे बढ़ाना नहीं है, बल्कि इसे ज़िम्मेदारी और नैतिक रूप से आगे बढ़ाना है।'' उन्होंने आगे कहा, ''इस पहली बैठक में हुए विचार-विमर्श भविष्य के सभी कार्यों के लिए आधारशिला का काम करेंगे। सत्र के दौरान समिति ने शोध परियोजना प्रस्तुत करने, मूल्यांकन और निगरानी की प्रक्रियाओं की समीक्षा की। साथ ही एथलीटों और मानव विषयों से संबंधित अध्ययनों पर भी चर्चा की। प्रमुख चिंताओं में सूचित सहमति, डेटा सुरक्षा और एथलीटों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन पर शोध का दीर्घकालिक प्रभाव शामिल थे।

प्रोफ़ेसर जुगल किशोर ने कहा, ''मानव विषयों से जुड़े शोध में, खासकर खेल विज्ञान में जहां शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दोनों कारक भूमिका निभाते हैं, नैतिक जांच अनिवार्य है।'' उन्होंने आगे कहा, ''एक नैतिक समिति के रूप में हमारी भूमिका शोध में बाधा डालना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह शोध गरिमा, सावधानी और जवाबदेही के साथ किया जाए।

बैठक का समापन इस साझा संकल्प के साथ हुआ कि अनुसंधान के हर चरण में योजना और अनुमोदन से लेकर कार्यान्वयन और प्रकाशन तक नैतिक चिंतन को एकीकृत किया जाएगा।

## डीसी ओपन: टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनीं विनस विलियम्स

वॉशिंगटन। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विनस विलियम्स ने एक बार फिर से अपना जादू दिखाते हुए डीसी ओपन में मंगलवार रात अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टीयर्न्स को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ 45 वर्षीय विनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले यह उपलब्धि टेनिस की महान खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा ने 2004 में 47 साल की उम्र में हासिल की थी। विनस के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही। यह उनका लगभग दो वर्षों में पहला सिंगल्स मैच जीतना है। उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2023 में सिनसिनाटी में सिंगल्स मैच जीता था और मार्च 2024 के बाद से किसी आधिकारिक सिंगल्स मैच में नहीं खेली थीं। इस दौरान वह गर्भाशय फाइब्रॉइड की सर्जरी के कारण टेनिस से दूर थीं और डब्ल्यूटीए द्वारा ''निष्क्रिय'' घोषित की गई थीं।

# चाइना ओपन: पीवी सिंधु ने छठी वरीयता प्राप्त टोमोका मियाजाकी को हराकर अंतिम-16 में बनाई जगह

एजेंसी



चांगझोउ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधु ने पहले गेम में जबरदस्त शुरुआत करते हुए लगातार सात अंक हासिल किए और 13-5 की बढ़त बना ली। उन्होंने यह गेम आसानी से 21-15 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी मियाजाकी ने जबरदस्त वापसी करते हुए नौ लगातार अंक बटोरे और 12-8 की बढ़त लेकर स्कोर को बराबरी पर ला दिया। मियाजाकी ने यह गेम 21-8 से जीता। निर्णायक गेम में सिंधु ने एक बार फिर संयम और अनुभव का परिचय देते हुए शुरू से ही बढ़त बनाए रखी और अंततः 21-17 से मुकाबला अपने नाम किया। यह मैच कुल 62 मिनट तक चला।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधु का यह मियाजाकी के खिलाफ दूसरा मुकाबला था। पिछली बार दोनों खिलाड़ी स्विस ओपन में आमने-सामने हुई थीं, जहां सिंधु को हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु पिछले सप्ताह जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले ही दौर में कोरिया की सिम यू जिन से 15-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गई थीं। यह इस साल उनका पांचवां पहला दौर का मुकाबला था जिसमें उन्हें हार झेलनी पड़ी। इस साल सिंधु को इंडोनेशिया ओपन, सिंगापुर ओपन, मलेशिया मास्टर्स, एशियाई चैंपियनशिप, स्विस ओपन, ऑल इंग्लैंड ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में पहले या दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा है। अब देखना होगा कि यह जीत सिंधु को आगामी मुकाबलों में आत्मविश्वास और लय हासिल करने में किस तरह मदद करती है।

# यूएस किड्स वर्ल्ड टीन गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे महरीन और अर्शवंत

एजसा

पाइनहर्स्ट (नॉर्थ कैरोलीना)। भारत के दो सबसे प्रतिभाशाली किशोर गोल्फर, महरीन भाटिया और अर्शवंत श्रीवास्तव, इस सप्ताह प्रतिष्ठित यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगे। यह प्रतियोगिता अमेरिका के प्रसिद्ध पाइनहर्स्ट गोल्फ कोर्स, नॉर्थ कैरोलीना में आयोजित की जा रही है। इस साल की वार्षिक वर्ल्ड टीन इवेंट में यूएस किड्स इंडिया टीम की ओर से कुल छह खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें दो खिलाड़ी बॉयज़ 15-18 वर्ग में और चार खिलाड़ी गर्ल्स 15-18 वर्ग में शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों के पास देश-विदेश में खेलने का अच्छा अनुभव है। महरीन भाटिया 2023 में इस चैंपियनशिप में उपविजेता रही थीं और 2024 में तीसरे स्थान पर रहीं। इस बार उनका लक्ष्य खिताब जीतना है। बीते वर्ष महरीन ने कई अहम उपलब्धियां भी हासिल कीं, जिनमें 2024 शुभंकर शर्मा इनविटेशनल्स में जीत, टॉमी फ्लीटवुड इंटरनेशनल पाथवे सीरीज़ (डीपी वर्ल्ड द्वारा प्रस्तुत) में दूसरा स्थान और अमेरिका में एफसीजी कैलोवे वर्ल्ड जूनियर्स खिताब शामिल हैं। इसके अलावा वह फाल्डो सीरीज़ एशिया ग्रैंड फाइनल में टॉप-5 में रहीं। अर्शवंत श्रीवास्तव ने भी पिछले कुछ वर्षों में यूएस किड्स टूर्नामेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 2024 में उन्होंने एनसीआर कप जूनियर्स और ग्रीन्स टू ग्लोरी टूर्नामेंट में खिताब जीते, जबकि यूएस किड्स इंडियन चैंपियनशिप में उपविजेता रहे। इस सीजन में वह यूएस किड्स चाइना, यूएस किड्स थाईलैंड और फाल्डो सीरीज़ एशिया ग्रैंड फाइनल में टॉप-5 में रहे, जबकि यूएस किड्स यूएई में सातवें स्थान पर रहे। विहान जैन ने भी 2024 यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप में भाग लिया था और अर्शवंत के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर रहे थे। इसी तरह, असारा साहनी ने भी 2024 संस्करण में संयुक्त सातवां स्थान प्राप्त किया था।

# भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 13 रन से हराकर 2-1 से जीती सीरीज

एजेंसी

## हरमनप्रीत कौर का शतक और क्रांति गौड की घातक गेंदबाजी ने दिलाई जीत

चेस्टर-ले-स्ट्रीट। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मुकाबले में 13 रन की शानदार जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इस मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद शतक और गेंदबाज क्रांति गौड के 6 विकेटों का अहम योगदान रहा। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट पर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों पर 102 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें उन्होंने 14 चौके लगाए। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज़तर्रार 50 रन और हरलीन देओल व स्मृति मंधाना ने क्रमशः 45-45 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं। जवाब में इंग्लैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरे 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 296 रन ही बना सकी और 13 रन से मैच गंवा बैठी। इंग्लैंड की ओर से नैट स्किवर-ब्रंट ने सर्वाधिक 98 रन बनाए, जबकि एम्मा लैम्ब ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। लेकिन भारत की गेंदबाज क्रांति गौड ने 52 रन देकर 6 विकेट झटकते हुए इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की और विदेशी जमीन पर एक और यादगार जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत को उनकी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

- बाजार की मजबूती से निवेशकों ने एक दिन में कमाए 1.98 लाख करोड़ रुपये



नई दिल्ली। मजबूत ग्लोबल संकेतों और वोलैटिलिटी इंडेक्स में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद पहले आधे घंटे के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन सुबह 10 बजे के पहले ही लिवालों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर रियल्टी, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर मजबूती बनी रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.43 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.98 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,198 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,997 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,034 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 167 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,649 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,313 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,336 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# जेल में बंद हवाला डीलर असलम वानी की याचिका पर ईडी को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । दिल्ली हाई कोर्ट ने जेल में बंद हवाला डीलर असलम वानी की अपने खिलाफ दर्ज मनी लांड्रिंग मामले को निरस्त करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव नरूला की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 26 सितंबर को करने का आदेश दिया।

वानी ने याचिका में कहा है कि उसे 2010 में ट्रायल कोर्ट ने टेरर फंडिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया था। ये मामला उसके खिलाफ 2005 में दर्ज किया गया था। 2005 के केस के आधार पर उसके खिलाफ 2007 में मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था। 2010 में ट्रायल कोर्ट की ओर से टेरर फंडिंग के आरोपों से मुक्त करने के आदेश पर 2017 में हाई कोर्ट ने मुहर लगा दी थी।

सितंबर, 2020 में ईडी ने इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने पूरक चार्जशीट में डॉक्टर बिल्किस शाह को आरोपित बनाया था। मनी लांड्रिंग के मामले में ईडी ने अपने पहले की चार्जशीट में शब्बीर शाह के अलावा मोहम्मद असलम वानी को आरोपित बनाया था। चार्जशीट के मुताबिक डॉक्टर बिल्किस शाह ने असलम वानी से तीन बार में दो करोड़ आठ लाख रुपये लेने की बात कबूल की थी। चार्जशीट में डॉक्टर बिल्किस पर शब्बीर शाह की मदद करने का आरोप लगाया गया है। डॉक्टर बिल्किस ने 2013 के बाद कोई इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल नहीं किया, क्योंकि उसके पास अपनी निजी प्रैक्टिस और सैलरी के अलावा कोई दूसरी आमदनी नहीं थी।

# प्रबीर पुरकायस्थ को ईओडब्ल्यू और ईडी की ओर से दर्ज मामलों में अग्रिम जमानत मिली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस नीना कृष्ण बंसल की बेंच ने न्यूजक्लिक वेबसाइट के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को विदेशों से मिले धन के मामले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और ईडी की ओर से दर्ज मामलों में अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने न्यूज क्लिक के डायरेक्टर प्रांजल पांडेय को भी ईओडब्ल्यू के मामले में अग्रिम जमानत दी है।

पुरकायस्थ पर आरोप है कि उनकी कंपनी पीपीके न्यूज क्लिक स्टूडियो प्रा.लि. ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में अमेरिका की कंपनी वर्ल्डवाइड मीडिया होल्डिंग्स कंपनी से 9 करोड़ 59 लाख रुपये की एफडीआई हासिल की। ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि ये एफडीआई कानून का उल्लंघन कर हासिल की गई। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई, 2024 को पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए रिहा करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य पर गौर किया था कि पुरकायस्थ की हिरासत लेते वक्त उनके वकील को हिरासत की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पुरकायस्थ को गिरफ्तार करते वक्त गिरफ्तारी की लिखित वजह भी नहीं बताई गई। पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर की गयी थी।

# संक्षिप्त समाचार

## पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला, छह जवान घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू में आज एक पुलिस चौकी पर हुए आतंकी हमले में छह जवान घायल हो गए, जिन्हें एक सैन्य अस्पताल में पहुंचाया गया है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 2022 में सरकार के साथ हुए संघर्ष विराम समझौते को तोड़ने के बाद प्रांत में आतंकी हमले बढ़े हैं। डान समाचार पत्र ने बन्नू पुलिस प्रवक्ता आमिर खान के हवाले से बताया है कि आतंकवादियों ने बन्नू के तख्ती खेल वजीर के सीमावर्ती इलाके में स्थित फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की एक चौकी पर हमला किया। हमले में छह कांस्टेबल घायल हो गए। सतर्क पुलिस बल के मोर्चा संभालते ही आतंकवादी भागने पर मजबूर हो गए। पुलिस प्रवक्ता आमिर खान ने कहा कि घायल कांस्टेबलों को इलाज के लिए बन्नू स्थित संयुक्त सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पुलिस बल को इलाके में भेज दिया गया है और आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने माना कि टीटीपी के 2022 में सरकार के साथ हुए संघर्ष विराम समझौते को तोड़ने के बाद आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। पिछले कुछ महीनों में खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू, पेशावर, करक, लक्की मरवत और बाजौर में हमले हुए हैं। खासकर इस महीने बन्नू में पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया गया है। एक दिन पहले कांस्टेबल हयातुल्लाह को आतंकवादियों ने ड्यूटी से घर लौटते समय मार डाला। 19 जुलाई को बन्नू के मिरयान थाने पर आतंकवादियों के क्वाडकॉप्टर से किए गए हमले में एक अधिकारी सहित दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

## ऑपरेशन सिंदूर पर संसद के दोनों सदनों में अगले सप्ताह होगी चर्चा

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर अगले सप्ताह चर्चा होगी। राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बुधवार की बैठक में पहलगाम आतंकवादी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा कराने का निर्णय लिया गया।इ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बीएसी की बैठक के बाद संसद भवन परिसर में मीडिया को बताया कि यह बैठक राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में हुई। विपक्ष की मांग थी कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जल्द करायी जाए। उन्होंने बताया कि राज्यसभा में 16 घंटे यानी दो दिनों तक इस मुद्दे पर चर्चा कराने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही विपक्ष ने इस दौरान कोई प्रस्ताव न लाने की भी मांग रखी है। तिवारी ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा है इसलिए इस चर्चा में प्रधानमंत्री की मौजूदगी की हमारी मांग को सत्तापक्ष ने अस्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी 23 से 26 जुलाई तक ब्रिटेन और मालदीव के दौरे पर आज रवाना हुए हैं। उनके लौटने के बाद अगले सप्ताह पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में चर्चा करायी जाएगी। इस बीच आज पूरे दिन राज्यसभा की कार्यवाही हंगामें के कारण नहीं चल सकी। दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया जिसके बाद कार्यवाही गुरुवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। गुरुवार की कार्यवाही में निर्वतमान सदस्यों को विदायी दी जाएगी।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा नेताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

अररिया । फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस चौक पर स्थापित शहीद चंद्रशेखर आजाद के जयंती के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता समेत स्थानीय लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उन्हें नमन किया गया और देश की आजादी में उनके उल्लेखनीय योगदान को याद किया गया।दिलीप पटेल ने माल्यार्पण करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। दिलीप पटेल ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद देश के वीर सपूत थे।उन्होंने बाल्य काल से ही असहयोग आंदोलन से जुड़कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज को बुलंद करने का काम किया उनके साहस, विचारधारा बलिदानी को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर प्रदीप कनोजिया, सुनील चौरसिया,अजीत सिन्हा,महेश कुमार,नीरज कुमार,राजेश सोनी,शंभू कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

## 2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय कुआड़ी में वाद विवाद प्रतियोगिता

अररिया । एसएसबी 52वीं वाहिनी अररिया की बाह्य सीमा चौकी के कार्मिकों द्वारा +2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय कुआड़ी के छात्र-छात्राओं के बीच 'समाज में पुलिस की भूमिका' विषय पर बुधवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूल के विभिन्न वर्गों के बच्चों ने भाग लिया और विषय वस्तु समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर अपनी राय रखी। स्कूली बच्चों ने बताया कि पुलिस और सुरक्षाकर्मियों के कारण ने केवल देश की सरहद सुरक्षित रहती है,बल्कि आमलोग भी सुरक्षित अपने घरों में रहने के साथ दैनिक दिनचर्या में भाग ले पाते हैं।मौके पर एसएसबी के अधिकारियों और जवानों ने बच्चों से नशा से दूर रहने और मोबाइल व्यसन से दूर रहकर पठन पाठन करने की अपील की।सफल प्रतिभागियों को एसएसबी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## मतदान में 14 सौ से अधिक पुलिस जवान रहेंगे ड्यूटी पर तैनात

पौड़ी गढ़वाल । गुरुवार को होने वाले पंचायत चुनाव में 1404 पुलिस कार्मिकों की तैनाती की गई है। बुधवार को जनपद के विभिन्न ब्लाक मुख्यालयों में समस्त जोनल अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ पुलिस बल के जवानों को ब्रीक कर पोलिंग पार्टियों के साथ अपने-अपने पोलिंग स्थलों की ओर रवाना किया। पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान में जनपद के कुल 8 ब्लॉकों में 54 सेक्टरों के 643 बूथों पर मतदान प्रक्रिया होनी है, जिसके लिए सभी ब्लॉकों की पोलिंग पार्टियां सुरक्षाकर्मियों के साथ सकुशल रवाना हो गयी हैं। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में 4 थानाध्यक्ष व निरीक्षक, 56 उप व अपर उप निरीक्षक, 105 मुख्य आरक्षी, 186 आरक्षी, 37 फायर कर्मी, 301 होमगार्ड, 433 पीआरड़ी, 137 वन कर्मी व 14 ग्राम चौकीदार तैनात किए गए है। बुधवार को जनपद के विभिन्न ब्लाक मुख्यालयों में समस्त जोनल अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ पुलिस बल के जवानों को ब्रीक कर पोलिंग पार्टियों के साथ अपने-अपने पोलिंग स्थलों की ओर रवाना किया।

## बिहार के वास्तविक वोटर वंचित न रह जाये यही है सरकार की वोटर लिस्ट पुनरीक्षण की मंशा:विजय चौधरी

पटना। बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर मचे घमासान पर मंत्री विजय चौधरी ने नीतीश सरकार की मंशा को स्पष्ट किया है। इस दौरान बिहार को दिल्ली से संचालित करने के विपक्ष के आरोपों पर भी उन्होंने बुधवार को जवाब दिया। मंत्री विजय चौधरी ने बताया कि एसआईआर को लेकर हमारी सरकार की मंशा साफ है कि कोई भी मतदाता, जो वास्तव में यहां का वोटर है, उसे वंचित नहीं किया जाए। इस दिशा में चुनाव आयोग बेहतर तरीके से काम कर रही है। अभी तक 90 परसेंट वोटरों का फार्म जमा हो चुका है। शेष 10 परसेंट लोगों की जानकारी सभी पार्टियों को जानकारी दी गई है कि वह इन वोटरों से संपर्क करें। विपक्ष की ओर से बिहार सरकार को दिल्ली से संचालित करने के आरोपों को उन्होंने गलत बताया। उन्होंने कहा कि आज सदन की कार्यवाही देखिए, आपकों कहां से लगेगा कि यहां केंद्र अपना शासन चला रहा है। इसलिए ऐसी बातों का कोई मतलब नहीं है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: मतदान वाले दिन अवकाश, शराब बिक्री पर रोक, 31 को मतगणना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंपावत। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के मद्देनज़र जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मतदान के दिन संबंधित क्षेत्रों में सवेतन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह फैसला राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के तहत लिया गया है ताकि हर मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। सरकारी, अर्ध-सरकारी, निजी कार्यालयों से लेकर शिक्षण संस्थानों, निकायों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों, मजदूरों और श्रमिकों को इस अवकाश का लाभ मिलेगा।

जनपद में पंचायत चुनाव दो चरणों में होंगे, प्रथम चरण का मतदान 24 जुलाई, द्वितीय चरण का मतदान 28 जुलाई, तथा मतगणना 31 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी।मतदान के दिन कोषागार और उपकोषागार भी बंद रहेंगे। शांति और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इन तीनों तिथियों को 'ड्राई डे' घोषित किया गया है। इस दौरान शराब, भांग और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री, परोसने और सेवन पर पूरी तरह रोक रहेगी। जिले के सभी मदिरा अनुज्ञापन प्रतिष्ठान भी पूरी तरह बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। उल्लंघन करने वालों पर उत्तराखंड आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

## चंपावत: चुनाव प्रेक्षक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

चंपावत । त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य चुनाव को सफल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने मंगलवार को विकासखंड लोहाघाट एवं पाटी के कार्यालयों का भ्रमण कर मतदान टीमों की रवाना करने की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेषक मर्तोलिया ने निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके साथ ही उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय धूनाघाट,खेतीखान, जाख, जनकाण्डे और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कर्णकरायत समेत विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं जैसे सुरक्षा व्यवस्था, पहुंच मार्ग, पेयजल, शौचालय और प्रकाश की स्थिति की गहन समीक्षा की गई, जिन्हें संतोषजनक और समुचित पाया गया।

# बिहार के वास्तविक वोटर वंचित न रह जाये यही है सरकार की वोटर लिस्ट पुनरीक्षण की मंशा:विजय चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना । बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर मचे घमासान पर मंत्री विजय चौधरी ने नीतीश सरकार की मंशा को स्पष्ट किया है। इस दौरान बिहार को दिल्ली से संचालित करने के विपक्ष के आरोपों पर भी उन्होंने बुधवार को जवाब दिया।

मंत्री विजय चौधरी ने बताया कि एसआईआर को लेकर हमारी सरकार की मंशा साफ है कि कोई भी मतदाता, जो वास्तव में यहां का वोटर है, उसे वंचित नहीं किया जाए। इस दिशा में चुनाव आयोग बेहतर तरीके से काम कर रही है। अभी तक 90 परसेंट वोटरों का फार्म जमा हो चुका है। शेष 10 परसेंट लोगों की जानकारी सभी पार्टियों को जानकारी दी गई है कि वह इन वोटरों से संपर्क करें।

विपक्ष की ओर से बिहार सरकार को दिल्ली से संचालित करने के आरोपों को उन्होंने गलत बताया। उन्होंने कहा कि आज सदन की कार्यवाही देखिए, आपकों कहां से लगेगा कि यहां केंद्र अपना शासन चला रहा है। इसलिए ऐसी बातों का कोई मतलब नहीं है। विजय चौधरी ने विपक्ष पर एसआईआर को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां अपने सभी कार्यकर्ताओं को फॉर्म भरने के लिए कह रही है। दूसरी तरफ इसका विरोध कर रही है। जिससे गरीब मतदाताओं को भ्रमित किया जा रहा है। विपक्ष के इन हरकतों के कारण गरीब मतदाता वंचित हो सकते हैं।

# बेकरी और आइसक्रीम यूनिट्स पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, एक्सपायर्ड सामग्री जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंपावत । ज़िले में मानसून सीजन के चलते खाद्य सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चंपावत बाजार की कई बेकरी और आइसक्रीम निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग ने साफ-सफाई, इस्तेमाल हो रहे कच्चे माल, खाद्य रंगों और फ्लेवर की गुणवत्ता के साथ-साथ लाइसेंस और पंजीकरण दस्तावेजों की गहन जांच की।

निरीक्षण में दो प्रतिष्ठानों से एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री बरामद हुई—दो डिब्बे फूड कलर और तीन बोतल फ्लेवर्ड सिरप। विभाग की टीम ने इन सभी को मौके पर ही नष्ट करा दिया। वहीं, कुछ प्रतिष्ठानों की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कारोबारी संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य कारोबारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले सभी कच्चे माल की एक्सपायरी तिथि की नियमित जांच करें, लेबलिंग मानकों का पालन करें, और साफ-सफाई के सभी तय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। प्रभारी अभिहित अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चले निरीक्षण अभियान में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी और सहायक दिनेश फर्त्याल भी शामिल रहे।

# सेवादान आरोग्य संस्था राजकीय मेडिकल कॉलेज दून और हल्द्वानी में तीमारदारों के लिए बनाएगा विश्राम गृह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह उपस्थिति में बुधवार को सचिवालय में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और सेवादान आरोग्य संस्था के बीच एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू. राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी व देहरादून में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह बनाने को लेकर किया गया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इन मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह बनने से बड़ी सुविधा होगी। यहां भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को रात्रि विश्राम एवं ठहरने की समस्या का समाधान मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने सेवादान आरोग्य संस्था से किच्छा स्थित एम्स सैटेलाइट सेंटर में भी यह व्यवस्था करने की बात कही, जिस पर संस्था ने सहमति व्यक्त की। इस एमओयू के बाद सेवादान आरोग्य फाउंडेशन अब राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और देहरादून में तीमारदारों के लिए विश्राम गृहों का निर्माण करेगा। दोनों मेडिकल कॉलेजों में 350 बिस्तरों की क्षमता वाले विश्राम गृहों का निर्माण प्रस्तावित है। इन विश्राम गृहों (रैन बसेरों) में रात्रि विश्राम के लिए शयनागार में 55 रुपये प्रति बिस्तर तथा दो बिस्तरों वाले कमरे 300 रुपये प्रति कक्ष की दर से उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही 20 रुपये में नाश्ता और 35 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। एमओयू के अनुसार इन विश्राम गृहों का संचालन एवं रखरखाव सेवादान आरोग्य फाउंडेशन ही करेगा। इन विश्राम गृहों केलिए राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून 1750 वर्गमीटर एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी 1400 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध कराएगा। यह एमओयू आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव विनय शंकर पाण्डेय, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना व सेवादान आरोग्य संस्था से अभिषेक सक्सेना, आनंद सिंह बिसेन एवं अमित दास उपस्थित थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063